CMYK

अधिकतम :22°C
न्यूनतम: 10°C

सेंसेक्स / निफ्टी
75,311.06
22,795.90

सोना / चांदी
88,715
100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, रविवार 23 फरवरी 2025 | उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2081 | 24 शाबान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# 182 करोड़ रुपये मेरे दोस्त पीएम मोदी को भेजे: ट्रम्प

## चार दिन में चौथी बार भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर उठाया सवाल, बांग्लादेश का भी किया जिक्र

नई दिल्ली/ वाशिंगटन, वार्ता

**अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर करने के मामले में ट्रम्प का ताजा बयान**

**अमेरिका के राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरे दिन 'वोटर टर्नआउट' के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। ट्रम्प ने चार दिन में चौथी बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल उठाया है। इस बार उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को 'वोटर टर्नआउट' के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं, हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी तो मतदान बढ़ाना चाहता हूं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रम्प ने बांग्लादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर अमेरिकी मदद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना। ट्रम्प ने कहा ऐसी संस्था को इतना पैसा मिला, जहां सिर्फ दो लोग काम करते हैं। वो यहां-वहां से 10-20 हजार रुपये जुटा रहे हैं और अचानक उन्हें अमेरिकी सरकार से 250 करोड़ रुपये मिल गए। मुझे लगता है कि वे दोनों अमीर बनने से बहुत खुश होंगे। जल्दी ही उनकी तस्वीर किसी बिजनेस मैगजीन में छापी जाएगी।

## भारत को दिया फंड 4000 करोड़ के अंतर्राष्ट्रीय फंड का हिस्सा था

**इन पैसों का इस्तेमाल रैलियां, डोर-टू-डोर कैंपेन और वर्कशॉप चलाने में किया गया**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एजेंसी उसैद की तरफ से भारत को दिया गया फंड 4000 करोड़ रुपये के अंतर्राष्ट्रीय फंड का हिस्सा था।

यह पैसा कंसोर्टियम फॉर इलेक्शंस एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग नाम की संस्था को दिया गया था। इस संस्था के तीन एनजीओ,आईएफईएस (चुनाव जागरूकता के लिए), एनडीआई (लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए) व आईआरआई (नागरिक भागीदारी बढ़ाने के लिए) हैं। सीईपीपीएस ने यह पैसा एशिया में काम करने वाले एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन नाम के एनजीओ को दिया। वहां से भारत में आईएफईएस को मिला। इसके बाद यह पैसा मतदाता जागरूकता से जुड़े एनजीओ, सिविल सोसाइटी समूह, राजनीतिक पार्टियों को दिया गया। इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इन पैसों का इस्तेमाल रैलियां, डोर-टू-डोर कैंपेन और वर्कशॉप चलाए गए। कुछ खास इलाकों में मतदान को बढ़ाने के लिए भी खर्च किया गया। मीडिया प्रचार और केंद्र सरकार के खिलाफ नरेटिव बढ़ाने के लिए प्रचार किया गया। वॉलंटियर्स ट्रेनिंग, रहने-खाने के साथ ट्रैवलिंग खर्च भी दिया गया।


## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन की चुनौती को दिया बड़ा झटका

**डेलिंगर को पद पर बनाए रखने का दिया आदेश**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के एजेंडे पर कई कानूनी मुद्दों पर अपना पहला बयान दिया। कोर्ट ने सरकारी मुखबिरों की सुरक्षा करने वाली संघीय एजेंसी के प्रमुख, हैम्पटन डेलिंगर को अस्थायी रूप से पद पर बनाए रखने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एक अहस्ताक्षरित आदेश में कहा कि डेलिंगर कम से कम 26 फरवरी तक अपने पद पर बने रह सकते हैं, जब तक निचली अदालत का अस्थायी आदेश खत्म नहीं हो जाता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया, जिसमें डेलिंगर को तुरंत हटाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने इस मामले को स्थगित करते हुए यह कहा कि यह आदेश कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगा। रूढ़िवादी न्यायाधीश नील गोरसच और सैमुअल एलिटो ने प्रशासन के पक्ष में राय दी, जबकि उदारवादी न्यायाधीश सोनिया सोटोमोर और केतनजी ब्राउन जैक्सन ने प्रशासन के अनुरोध को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी राष्ट्रपति की शक्तियों को लेकर मजबूत रुख अपनाया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तीन बयान



**वाशिंगटन।** गुरुवार को ट्रम्प ने कहा था कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक यानी रिश्वतखोरी की स्कीम है, जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है। ट्रम्प ने कहा था कि मैं भारत में वोटर टर्नआउट की परवाह क्यों करूं? हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमें अपने टर्नआउट पर ध्यान देना चाहिए। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं।

बुधवार को ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बाइडन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। इसके लिए बाइडन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपये का फंड मुहैया कराया। ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। मियामी में फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) समिट में उन्होंने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (उसैद) ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपये का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ 2 हजार डॉलर (1.73 लाख रुपये) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था। मंगलवार को मीडिया से ट्रम्प ने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है, खासतौर पर हमारे लिए। मैं भारत और उनके पीएम का सम्मान करता हूं, पर 182 करोड़ क्यों?। भारतीय चुनाव में दखल वाले ट्रम्प के बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा था कि ये जानकारी काफी परेशान करने वाली है। इससे भारतीय चुनाव में विदेश दखल को लेकर चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। इस समय इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। उम्मीद है जल्द ही हमें इस पर कोई अपडेट मिलेगा।

**ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का लगाया था आरोप**

## ट्रम्प का कई नेताओं के साथ पॉजिटिव इतिहास नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दुनिया के कई नेताओं के साथ सकारात्मक इतिहास नहीं रहा है, मगर पीएम मोदी के मामले में बात अलग है।

दिल्ली विवि के साहित्य महोत्सव में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में उनसे मिलने के लिए आमंत्रित किए जाने वाले शुरुआती विश्व नेताओं में से एक थे। मेरे पास तुलनात्मक आकलन के रूप में कुछ संदर्भ बिंदु और कुछ अनुभव हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं पूरी निष्पक्षता के साथ कहूंगा कि मुझे लगा कि यह बहुत अच्छा रहा और इसके कई कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बहुत ही मजबूत राष्ट्रवादी हैं और वे इसे एक तरह से प्रदर्शित करते हैं। ट्रम्प भी अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं और मुझे लगता है कि कई मायनों में राष्ट्रवादी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प स्वीकार करते हैं कि मोदी भारत के लिए हैं। मोदी स्वीकार करते हैं कि ट्रम्प अमेरिका के लिए हैं।



### चीन ने कोरोना जैसा नया वायरस खोजा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बनने के हकदार हैं गिल: पोंटिंग

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## एयर इंडिया के विमान में शिवराज को मिली टूटी सीट

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एयर इंडिया के विमान में स्वयं को खराब और टूटी सीट मिलने का खुलासा करते हुए सवाल किया कि क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है और एयर इंडिया प्रबंधन इसे सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाएगा या जल्दी पहुंचने की यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाता रहेगा। श्री चौहान ने इस संबंध में एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शनिवार को उन्हें भोपाल से दिल्ली आना था। इसके लिए उन्होंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एआई 436 में टिकट करवाया था, जिसमें उन्हें सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। बैठने पर पता चला कि ये सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी, जिस पर बैठना तकलीफदायक था। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी, तो आवंटित क्यों की? इस पर विमानकर्मियों ने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। श्री चौहान ने कहा कि सहयात्रियों ने उन्हें सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठने का आग्रह किया, लेकिन किसी और को तकलीफ नहीं देने का फैसला करते हुए उन्होंने उसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी की।

## सम्भल बवाल: पुलिस ने 'मेटा' से मांगा डाटा

**सम्भल।** 24 नवम्बर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में दर्ज मुकदमा संख्या 335 की चार्जशीट अभी दाखिल नहीं हुई है। इसमें पुलिस ने मेटा कंपनी से व्हाट्सएप का डाटा मांगा है। उसके बाद पुलिस चार्जशीट दाखिल करेगी। इस मुकदमे में सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल नामजद आरोपी हैं। बाकी अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। यह इस पूरे बवाल में मुख्य मुकदमा माना जा रहा है। क्योंकि सांसद पर भड़काऊ भाषण देने और विधायक के बेटे पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। पुलिस को कुछ ऐसे भी मैसेज मिले हैं, जिसमें जामा मस्जिद पर पहुंचने का आह्वान किया गया है। जामा मस्जिद पर भीड़ एकत्र करने और बवाल कराने के लिए व्हाट्सएप पर कॉल या मैसेज का इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है।

## तेलंगाना में टनल हादसा, आठ मजदूर फंसे

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार सुबह एसएलबीसी (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) टनल प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गिर गया। जिसमें 8 मजदूर फंस गए। हादसा सुरंग के एंट्री पाइंट से 14 किमी अंदर हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, छत का करीब तीन मीटर हिस्सा ढहा है। टनल का काम काफी समय से रुका हुआ था। चार दिन पहले ही दोबारा काम शुरू किया गया। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी की 2 रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई हैं।

## पीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनाए गए शक्तिकांत दास



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी-2 नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की अपाइंटमेंट कमेटी ने शनिवार को यह नियुक्ति की है। कमेटी के सेक्रेटरी मनीष सक्सेना ने नियुक्ति की जानकारी दी। शक्तिकांत दास आरबीआई गवर्नर के पद से 10 दिसम्बर को रिटायर हुए थे। 22 फरवरी को उन्हें पीएम का प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। यानी रिटायरमेंट से नियुक्ति के 75वें दिन में ही वे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अहम पद पर पहुंच गए। फिलहाल पीके मिश्रा प्रधानमंत्री मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के नंबर वन पॉजिशन पर हैं। शक्तिकांत दास नंबर 2 होंगे। दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। वहीं मिश्रा गुजरात कैडर के रिटायर अधिकारी हैं।

## यूसीसी को लेकर भ्रामक प्रचार पर होगी कार्रवाई

### गलत तथ्यों के प्रचार पर स्पष्टीकरण एवं कानूनी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **सोशल मीडिया में भ्रमित सूचनाओं पर गृह विभाग ने चेताया**
- **यूसीसी में विवाह पंजीकरण निवास प्रमाण-पत्र का आधार नहीं**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लागू यूसीसी यानी समान नागरिक संहिता के प्रावधानों या नियमों को लेकर यदि किसी भी प्रकार से किसी व्यक्ति या संगठन ने तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हुए भ्रामक जानकारी फैलाई, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर गृह विभाग ने चेतावनी जारी की है।

गृह विभाग ने जारी अपने नोट में कहा है कि संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कुछ प्रावधानों को लेकर कुछ व्यक्तियों द्वारा भ्रामक और गलत जानकारी फैलाई जा रही है, जैसे कि उत्तराखंड में यूसीसी में विवाह पंजीकरण कराने से बाहरी लोगों को राज्य का निवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल) मिल जाएगा। यह गलत और भ्रामक तथ्य है। यूसीसी के तहत विवाह या अन्य पंजीकरण का राज्य के निवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल) से कोई संबंध नहीं है और न ही किसी व्यक्ति को विवाह या अन्य पंजीकरण के आधार पर उत्तराखंड का निवास प्रमाणपत्र प्रदान किए जाने का समान नागरिक संहिता (यूसीसी) में कोई प्रावधान है। गृह विभाग ने कहा है कि यूसीसी को लेकर अफवाह फैलाना, भ्रामक या झूठी जानकारी प्रसारित करना एक कानूनी अपराध है, ऐसा कोई व्यक्ति या समूह जो भ्रामक सूचना प्रचारित-प्रसारित करेगा उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से बचें। यदि किसी को यूसीसी से संबंधित किसी भी प्रावधान पर संदेह या स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, तो वे गृह विभाग, उत्तराखंड सरकार से आधिकारिक माध्यमों पर संपर्क कर सकते हैं।

## थरूर ने राहुल से पूछा कांग्रेस में मेरा क्या रोल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सीनियर लीडर और केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने पार्टी नेतृत्व से अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने राहुल गांधी से पूछा कांग्रेस में मेरा क्या रोल है। शशि थरूर ने 18 फरवरी को दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पार्टी में किनारे किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें संसद के महत्वपूर्ण बहसों में बोलने का मौका नहीं मिलता और पार्टी में उन्हें इग्नोर किया जा रहा है। थरूर ने कहा कि वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर असमंजस में हैं और चाहते हैं कि राहुल गांधी उन्हें उनकी भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से बताएं। थरूर ने कहा कि राहुल गांधी ने शिकायतों का कोई समाधान नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल गांधी ने थरूर की शिकायतों का कोई खास जवाब नहीं दिया और न ही उनकी कोई गंभीर समस्याओं को सुलझाया। थरूर को यह महसूस हुआ कि राहुल गांधी इस मामले में कोई भी खास वादा करने को तैयार नहीं थे।



## कैग रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: जंगल का पैसा आईफोन व कूलर पर खर्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

1. **सरकार की अनुमति के बिना 607 करोड़ के खर्च की अनियमितता: कैग रिपोर्ट**
2. **प्रतिपूरक वनरोपण के अलावा 13.86 करोड़ अन्य खर्चों के लिए डायवर्ट**
3. **बजट सत्र में पेश कैग रिपोर्ट को लोक लेखा समिति को भेजा गया**

**देहरादून।** कैग की रिपोर्ट में जंगलों के संरक्षण के लिए रखे गए 13.86 करोड़ रुपये को आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज और अन्य सामानों पर खर्च करने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा केंद्रीय ऑडिटर कैग की रिपोर्ट से हुआ है। कैग ने कंपनसेटरी अफॉरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी (कैंपा) के 2019-2022 के कार्यों पर एक रिपोर्ट तैयार किया है, उसी में यह सब सामने आया है।

इसमें सामने आया है कि उत्तराखंड के जंगलों में जिन पैसों से जंगलों में पेड़ लगाने थे, उन्हें अनधिकृत गतिविधियों में डायवर्ट किया गया। इन एक्टिविटीज में उत्तराखंड की हरेला स्कीम, टाइगर सफारी कार्य, बिल्डिंग का नवीनीकरण, सरकारी यात्राओं पर खर्च, कोर्ट केस और गैजेट्स और स्टेशनरी की खरीद शामिल हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत आने वाले कैंपा के निर्देशों के तहत पैसा जारी होने के एक से दो साल के भीतर पेड़ लगा दिए जाने चाहिए। हालांकि कैग की रिपोर्ट में सामने आया कि 37 मामलों में ऐसा करने में आठ साल से अधिक का समय लग गया। कैग की रिपोर्ट उत्तराखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पेश की गई। इसमें सामने आया कि वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड ने बिना सरकार की मंजूरी के 607 करोड़ रुपये खर्च कर डाले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक -**शेष पृष्ठ दो पर**

## सोशल मीडिया: अश्लील कंटेंट पर कसेगा शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रणवीर इलाहाबादिया के भौंडे कंटेंट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों से जागी केंद्र सरकार**

**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया के भौंडे कंटेंट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों से जागी केंद्र सरकार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लाने की तैयारी में है। इस कोड का पालन 5 से 50 लाख वाले फॉलोअर्स वाले इंफ्लूएंसर्स को करना होगा, ताकि भविष्य में इंडियाज गॉट लेटेंट जैसे शो से देशभर में लोगों की भावनाएं आहत न हों।

साथ ही इंफ्लूएंसर्स को कंटेंट की रेटिंग भी देना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ओटीटी के कंटेंट को लेकर सरकार विभिन्न स्तरों पर कदम उठा रही है। बच्चों को अश्लील-अभद्र कंटेंट से दूर रखने के नियम का मसौदा, ओटीटी प्लेटफॉर्मों के स्व-नियामक निकायों के लिए एडवाइजरी और डिजिटल इंडिया विधेयक का मसौदा तैयार करने पर काम चल रहा है। इस बीच सामने आए इंडियाज गॉट लेटेंट के विवाद ने सोशल मीडिया की एक और बदसूरत तस्वीर देश की जनता के सामने पेश की है, जिसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इलाहाबादिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान तीखी आलोचना की। साथ ही केंद्र सरकार से विशेष तौर पर पूछा कि भौंडे कंटेंट पर लगाम कसने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। इसकी जानकारी अगली सुनवाई में अदालत को दी जाए। सरकार जवाब की तैयारी की दिशा में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लाने के लिए कमर कस चुकी है, ताकि इस पहल से इंफ्लूएंसर्स सार्वजनिक किए जाने वाले कंटेंट से भौंडेपन, अश्लीलता, अभद्रता और गाली-गलौज को दूर रखें या फिर कंटेंट को रेटिंग देकर यह स्पष्ट कर दें कि पोस्ट या पब्लिश कंटेंट का स्तर क्या है। सूत्रों के मुताबिक कोड ऑफ कंडक्ट में रेटिंग एक से पांच तक रखी जा सकती है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट जारी करेगा।






# एसपी को दो सौ मीटर घसीटने के मामले में आया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कल्पना सक्सेना पर कार चढ़ाने व घसीटकर जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन सिपाहियों सहित चार अभियुक्त दोषी करार**

**बरेली।** वर्ष 2010 में एसपी यातायात रहीं कल्पना सक्सेना पर कार चढ़ाने व घसीटकर जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन सिपाहियों सहित चार अभियुक्तों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार गुप्ता ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाया। इसके बाद चारों दोषियों को जेल भेज दिया गया है। सजा पर सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

आईपीएस कल्पना वर्तमान में गाजियाबाद में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हैं। घटना दो सितम्बर 2010 को कैंट थाना क्षेत्र में बरेली-शाहजहांपुर रोड स्थित मजार के पास हुई थी। एसपी यातायात ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे यातायात पुलिसकर्मियों को पकड़ने पहुंची थीं। तब सिपाही रविंद्र, रावेंद्र, मनोज और एक अन्य शख्स धर्मेंद्र ने कार से कुचलकर उनकी जान लेने की कोशिश की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। आरोपपत्र दाखिल किया। कोर्ट में 14 गवाह और 22 साक्ष्य पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने चारों को दोषी करार दिया है। अवैध वसूली कर रहे तीन पुलिसकर्मियों और एक अन्य शख्स ने अपनी कार से एसपी कल्पना को दो सौ मीटर तक घसीटा था। इस दौरान वे उनके सिर पर वार करते रहे। धमकाते रहे कि आज तेरा आखिरी दिन है। अब जो दूसरा आएगा, उसकी दखल देने की हिम्मत नहीं होगी। इस घटना को लेकर अन्य विभागों में तैनात लोकसेवकों में भय व्याप्त हो गया था। देशभर में अधिकारियों के बीच इसकी चर्चा रही थी। शहर में तैनात अन्य अधिकारियों का भी अधीनस्थों से भरोसा उठने लगा था। आईपीएस कल्पना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक दो सितम्बर 2010 को वह चालक कांस्टेबल संजय सिंह, हमराह सिपाही ऋषिपाल व जीत सिंह के साथ चौकी चौराहे पर ड्यूटी पर थीं। कैंट क्षेत्र में मजार के पास हाईवे पर यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रक रोककर अवैध वसूली की सूचना मिली, तो वह मौके पर पहुंचीं। वहां फरीदपुर की तरफ से आने वाले कुछ ट्रक सड़क किनारे खड़े थे।

# ट्रम्प के बयान पर श्वेतपत्र पर जवाब दे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



- अमेरिकी राष्ट्रपति के ब्यान को लेकर पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी की घेराबंदी की
- संशोधन विधेयक अधिवक्ताओं के अधिकारों पर होगा हमला: युवा कांग्रेस

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार यूएसएड से 21 मिलियन डॉलर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले हैं, तो अब मोदी की जिम्मेदारी है कि वह ट्रम्प के बयान पर देश को जवाब दें।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब खुद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कह दिया है कि पैसा मोदी को गया है, तो मुद्दे को भटकाने की बजाय इस राशि का पाई-पाई हिसाब श्वेत पत्र के माध्यम से देश को देना चाहिए। उन्होंने ट्रम्प का बयान सुनते हुए दावा किया है कि 21 मिलियन डॉलर मोदी को चुनाव प्रभावित करने के लिए दिए गए हैं। खेड़ा ने कहा कि ट्रम्प के इस बयान के बाद आज भाजपा में चारों तरफ चुप्पी है, लेकिन हम मोदी से जानना चाहते हैं कि ये पैसा कहां गया। ट्रम्प के बयान से साफ है कि 21 मिलियन डॉलर यानी करीब 181 करोड़ रुपए मोदी को दिया गया है। यह फंड चुनावों को प्रभावित करने और वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए। हम लगातार वोटर टर्नआउट के बारे में सरकार से सवाल कर रहे हैं और अब पूछ रहे हैं कि क्या इसी पैसे से वोटर टर्न आउट बढ़ रहा है। कितना भी विदेशी फंड आए वह भारत के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर पाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 से 2024 तक भारत को 2.1 अरब डॉलर मिले हैं। इस राशि का 44.4 प्रतिशत मोदी सरकार बनने के बाद आया है और 40 प्रतिशत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय आया गया था इसलिए इस मामले में श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए कि भारत में अमेरिका से कब और कितना पैसा आया और किस-किसको यह पैसा गया इस पूरे विवरण के साथ श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए। इस श्वेत पत्र में कोविड तथा नोटबंदी के समय भी जो पैसा आया है, उसका पूरा हिसाब सबके सामने आए इसलिए हम सरकार से यूएसएड को लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं। वहीं युवा कांग्रेस लीगल सेल ने शनिवार को कहा कि सरकार संसद में अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2025 ला रही है, जिसके कुछ प्रावधान अधिवक्ताओं की स्वायत्तता, अधिकारों और गरिमा के लिए गंभीर खतरा है।

## मोदी को ट्रम्प से बात करनी चाहिए: सैलजा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवैध प्रवासी भारतीयों को कोस्टारिका को सौंपने की घोषणा के बाद चुप्पी तोड़नी चाहिए और राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करनी चाहिए। सैलजा ने कहा कि पहले तो भारतीयों को हथकड़ी और बेड़ियों में बांधकर स्वदेश भेजकर अपमानित किया और अमेरिका अब भारतीयों को सीधे भारत भेजने के बजाय कोस्टारिका को सौंपेगा, पता नहीं कोस्टारिका अब उनके साथ क्या सलूक करेगा। इसलिए अब मोदी को ट्रम्प से बात कर पता करना चाहिए कि आखिर ट्रम्प के मन में भारत को लेकर क्या चल रहा है। पनामा ग्वाटेमाला के नक्शेकदम पर चलते हुए, कोस्टारिका ने भी घोषणा की कि वह अमेरिका से निकाले जाने वाले अवैध प्रवासियों को अपने देश में लाने के लिए तैयार है, जो अन्य देशों के नागरिक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवगठित दिल्ली विस का पहला सत्र सोमवार से

**नई दिल्ली।** नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा, जिसमें विधायकों के शपथ के साथ लंबित कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। विधानसभा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी 14 लंबित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हो सकते हैं। पिछली विधानसभा में वह नेता प्रतिपक्ष थे। विजेंद्र गुप्ता ने कल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात के बाद एक्स पर कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा सत्र के एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी को विधानसभा के पटल पर कैग की रिपोर्ट्स प्रस्तुत की जाएगी।

### सज्जन 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। जिंदल को यह पुरस्कार शनिवार को यहां आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 3.9 करोड़ टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार शाह टाइम्स का बाजार

## पूरी तरह से डिस्पोजेबल बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स बनेंगे

# देश के प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास

लखीमपुर खीरी, वार्ता



- तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगी डिस्पोजेबल वस्तुएं: योगी
- दुनिया महाकुम्भ में भागीदार बनने को उत्साहित: सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कुंभी चीनी मिल परिसर में बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड द्वारा 2850 करोड़ रुपए की लागत से देश के पहले बायोपॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास किया।

योगी ने कहा कि सरकार ने देश के पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का जो एमओयू किया था, उसे आज जमीनी धरातल पर उतारा गया है। यह अपनी तरह का देश का पहला निवेश है। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे और महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के महाकुम्भ में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 22 फरवरी तक अब तक 60 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां से गोला गोकर्णनाथ और फिर प्रयागराज जाऊंगा, लेकिन कुंभी में ही मुझे महाकुंभ दिख गया। यह निवेश का महाकुंभ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2850 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगी, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें। योगी ने पर्यावरण संकट पर लचता जताते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण असमय बारिश और सूखे जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक को अपनाकर नदियों और नहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। यूपी में 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। इससे 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि संयंत्र पाली लैक्टिक एसिड (पीएलए) आधारित बायोप्लास्टिक का उत्पादन करेगा, जिससे पर्यावरण- अनुकूल उत्पाद जैसे डिस्पोजेबल बोतलें, खाद्य ट्रे, कटलरी, आइसक्रीम कप और कैरी बैग बनाए जाएंगे। इस प्लास्टिक की विशेषता यह होगी कि यह 3 से 6 महीनों में स्वयं ही मिट्टी में घुलकर नष्ट हो जाएगा, जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र शून्य-तरल अपशिष्ट के सिद्धांत पर भी काम करेगा, जिससे कोई भी हानिकारक अपशिष्ट नदियों या नालों में नहीं बहेगा। इसके साथ ही, इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और चीनी उद्योग में नई संभावनाएं खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड से संयंत्र को आईटीआई, पॉलिटेक्निक और स्थानीय महाविद्यालयों से जोड़ने के लिए कहा, जिससे यहां के युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने विश्वास जताया कि यह संयंत्र पर्यावरण संरक्षण, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चीनी उद्योग वीणा कुमार मीना आदि उपस्थित थे।

## लखीमपुर अब पिछड़ा जिला नहीं रहा

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी जिले के राजेंद्र गिरी मेमोरियल स्टेडियम में 1,622 करोड़ रुपए की 373 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब लखीमपुर पिछड़ा जिला नहीं रहा। योगी ने 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया और घोषणा की कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा नहीं रहा। इसकी उपजाऊ भूमि अब सोना उगल रही है। उन्होंने स्वतंत्रता के समय लखीमपुर खीरी के पिछड़ेपन को याद किया, जो मलेरिया और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के बावजूद खराब पहुंच से ग्रस्त था। उन्होंने कहा कि अब, पलिया में एक हवाई पट्टी एक पूर्ण हवाई अड्डा बनने के लिए तैयार है और बाढ़ की रोकथाम के उपाय किए जा रहे हैं। अपनी उपजाऊ भूमि से 'सोना' उगलने के साथ, लखीमपुर खीरी परिवर्तन की राह पर है। लखीमपुर खीरी पिछड़े जिले का दंश पीछे छोड़कर आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि इस जिले में करीब 4,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया है। इनमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर कॉरिडोर और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा स्थापित देश का पहला बायो-प्लास्टिक निर्माण (पीएलए) प्लांट शामिल है।

# अखिलेश ने किया भाजपा पर तीखा प्रहार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सपा प्रमुख बोले-जो सफल नहीं होते, वे लक्ष्य की समय सीमा बदलते हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को राज्य की अर्थव्यवस्था को भाजपा सरकार पर हमला बोला है। सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार के साल 2029 तक एक हजार अरब डॉलर बनाने के सरकार के दावे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने कार्य में सफल नहीं हो पाते, वे लक्ष्य की समय-सीमा बदलने का प्रयास करते हैं।

अखिलेश यादव ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि जो अपने काम में फेल होते हैं, वे लक्ष्य की समय-सीमा बदल देते हैं, लेकिन इससे प्रदेश और देश का भविष्य इससे नहीं बदलता है। भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 2021 में भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि साल 2024 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर (एक हजार अरब डॉलर) तक पहुंच जाएगी और अब वे कह रहे हैं कि यह 2024 तक नहीं हुआ है, यह 2029 तक यह संभव हो पाएगा। जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं, देश-प्रदेश का भविष्य नहीं। 2021 में भाजपाइयों ने कहा था कि 2024 तक उप्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और अब 2025 में कह रहे हैं, 2029 में उप्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जनता को न तो भाजपा की पिछली बातों पर भरोसा हुआ था और न ही इनके आगामी दावे पर भरोसा कर रही है। भाजपा अब पूरी तरह से झूठ का पर्याय बन चुकी है। राज्य की जनता कह रही है कि आज राज्य को बदलाव चाहिए, भाजपा सरकार अब नहीं चाहिए। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्य की अर्थव्यवस्था को लेकर दावा किया था।

# स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: पंकज सिंह

नई दिल्ली, वार्ता



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि सरकार के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता का क्षेत्र है, इसलिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सिंह और सांसद कमलजीत सहरावत ने शनिवार को राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सिंह ने कहा कि सरकार के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता का क्षेत्र है। इसलिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राव तुला राम अस्पताल में दिल्ली के हजारों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़भाड़ को मैनेज करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी न झेलनी पड़ी। इसके अलावा अस्पताल प्रशासन से अस्पताल की अव्यवस्थाओं को दूर करके इसे बेहतर अस्पताल बनाने के लिए निर्देशित किया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने तीन महीने के भीतर सभी कमियों को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही बन रहे राव तुलाराम मेमोरियल अस्पताल के नए ब्लॉक बिल्डिंग को जल्द बनाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और ओपीडी में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। उनसे इलाज के साथ ही सुविधाओं के बारे में बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली के सभी लोगों तक गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने की दिशा में लगातार काम करेगी। दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अस्पतालों का कायाकल्प किया जाएगा। हमारा उद्देश्य दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को बेहतरीन अस्पतालों में से एक बनाना है। दिल्ली के अस्पतालों में ट्रीटमेंट फेसिलिटी को और सुगम बनाया जाएगा। साथ ही मौजूदा अस्पतालों में जरूरी बदलाव करके उन्हें और भी बेहतर बनाया जाएगा। इस अवसर पर कमलजीत सहरावत ने कहा कि हम जनता को विश्वसनीय और बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

## महाशिवरात्रि के पहले भारी भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए तैयारियां तेज

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ का दिव्य, भव्य आयोजन अब अपने आखिरी पड़ाव 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व की ओर अग्रसर है, जिसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जिलाधिकारी रवीन्द्र मांदड़ ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश-दुनिया से आकर पुण्य की डुबकी लगाएंगे, ऐसे में उनकी यह यात्रा सुखद रहे इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तरीके के प्रयास किए जा रहे हैं। आखिरी स्नान पर्व को देखते हुए इन प्रयासों में तेजी लाई जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है। इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ग्राउंड जीरो पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। रवीन्द्र मांदड़ के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सभी अधिकारी-कर्मचारी ऑन फील्ड रहकर मॉनिटर कर रहे हैं। उनके अनुसार हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं के फीडबैक के अनुसार उस पर काम करके श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाया जाए।

# दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव कायम रहा

नई दिल्ली, वार्ता



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। मसूर दाल, चना, दाल चना, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़:** चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## मणिपुर में उग्रवादी संगठनों के आठ सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कई जिलों में तलाशी अभियान के दौरान दो उग्रवादी संगठनों के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया और दो राइफलों और पांच अत्याधुनिक विस्फोटक उपकरण समेत सात हथियार बरामद किए है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कैग की रिपोर्ट...**

कैग रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कैंपा योजना के करीब 14 करोड़ रुपये लैपटॉप, आईफोन, फ्रिज, कूलर, रिनोवेशन केस और कोर्ट केसेस पर खर्च किए गए।2019-2022 की अवधि में प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) के कामकाज पर बनाई गई कैग रिपोर्ट से पता चला है कि 13.86 करोड़ रुपये प्रतिपूरक वनरोपण के अलावा विभिन्न गतिविधियों के लिए डायवर्ट किए गए थे। जिसके तहत नॉन फॉरेस्ट पर्पस (प्रयोजन), जैसे उद्योग या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपयोग की जाने वाली वन भूमि पर अनिवार्य रूप से भूमि के कम से कम समान क्षेत्र पर वनरोपण की कोशिश की जाती है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 मामलों में, फाइनल क्लीयरेंस मिलने के आठ साल से ज्यादा समय बाद प्रतिपूरक वनरोपण किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप प्रतिपूरक वनरोपण बढ़ाने में 11.54 करोड़ रुपये की लागत बढ़ गई। रिपोर्ट में लगाए गए पेड़ों की लो सर्वाइवल की बात भी कही गई, जो 33.51 प्रतिशत है। वहीं वन अनुसंधान संस्थान के अनुसार यह अनिवार्य 60.65 फीसदी से काफी कम है।

# मोदी सोमवार को भागलपुर से जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त



- दो हजार प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपये का मिलता है प्रत्यक्ष लाभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 19वीं किस्त जारी करेंगे जिसमें किसानों को 2000 रुपए प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपए का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) किया जाता है।

शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्रालय इसके लिए केंद्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग (एएचएंडडी), रेल मंत्रालय और बिहार सरकार के समन्वय से वहां उस दिन एक 'किसान सम्मान समारोह' का आयोजन करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। मोदी रविवार से मध्य प्रदेश, बिहार और असम के तीन दिन के दौरे पर होंगे। कृषि एवं किसान मंत्रालय के अनुसार 19वीं किस्त जारी होने से देश भर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे और उनके खातों में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंचाई जाएगी। पीएम-किसान योजना, 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई थी। अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 18 किस्तों के माध्यम से 3.46 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। 19वीं किस्त जारी होने के साथ ही किसानों के खातों में कुल 3.68 लाख करोड़ रुपए पहुंच जाएंगे। मंत्रालय विज्ञप्ति में कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से कहा गया है कि किसानों का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने बताया है कि अकेले बिहार के किसानों को पिछली किस्तों के माध्यम से 25,497 करोड़ रुपए से अधिक प्राप्त हुए हैं, जिससे राज्य के 86.56 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ है। 19वीं किस्त में बिहार के लगभग 76.37 लाख किसानों को 1,591 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिलेगा जिससे प्रदेश में लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल लाभ राशि लगभग 27,088 करोड़ रुपए हो जाएगी। अकेले भागलपुर में, अब तक पीएम किसान की 18 किस्तों के तहत लगभग 2.82 लाख लाभार्थियों को 813.87 करोड़ रुपए से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेगा खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# विवाहिता की रहस्मय मौत पर हंगामा

## मृतका के काफी समय से बीमार होने की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला हाजीपुरा में रहस्मय महिला की मौत पर परिजनों ने हंगामा करते हुए पुलिस को कार्यवाही के लिए तहरीर दी। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराया, हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि मृतका काफी समय से बीमार थी और इसी के चलते उसकी मौत हुई है, जबकि मयके के कुछ लोगों का कहना है कि मौत के कई घंटे बाद उनको सूचना दी गई है। अब जिम्मेदार लोग दोनो पक्षों में समझौता कराने का प्रयास भी कर रहे है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला महमूद नगर निवासी अफसाना की शादी करीब अट्ठारह वर्ष पूर्व मौहल्ला हाजीपुरा निवासी शाहबुद्दीन के साथ हुई थी। अफसाना दो बच्चों की मां थी। और बीती देर रात करीब एक बजे उसकी मौत हो गई।

बताया जाता है कि अफसाना के भाई हक्कम को रात्रि करीब एक बजे खबर मिली कि अफसाना की अस्पताल में मौत हो गई है। परिजन यहां पहुंचे और उन्होने ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस मामले की शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की गई। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले की कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर भी दी गई, लेकिन बाद में दोनो पक्षों के बीच समझौते की बात शुरू हो गई। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराया और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शाम के समय मृतका को सुपुर्दे-ए-खाक किया गया।

# घायल मिले व्यक्ति की अस्पताल में हुई मौत

■ **चार दिन बाद भी मृतक की नहीं हो सकी पहचान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के बामनहेड़ी पुल के निकट घायल अवस्था में मिले व्यक्ति की चार दिन बाद जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस अभी तक मृतक की पहचान नहीं करा सकी है। आज शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया।

पुलिस के अनुसार चार दिन पूर्व बामनहेड़ी पुल के निकट घायल अवस्था में एक व्यक्ति जिसकी उम्र 55 वर्ष है, मिला था। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया दिया गया था। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति घायल हुआ था और तभी से वह अस्पताल में भर्ती था। पुलिस उसकी पहचान कराने में लगी रही, लेकिन उसके पास से कोई भी ऐसी चीज नहीं मिली जिससे परिजनों को सूचना दी जा सके।

शनिवार को घायल ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की टांग टूटी हुई थी और शरीर पर भी निशान थे।



मुजफ्फरनगर: बम-बम भोले जयघोष के साथ गुजरते शिवभक्त।

# बम-बम भोले के जयघोष से गूंजा शिव चौक

**मुजफ्फरनगर।** फाल्गुन मास की कांवड यात्रा शुरू होने के साथ ही दिल्ली-देहरादून हाइवे से लेकर शहर के हृदय स्थल शिव चौक पर कांवडियों का आवागमन शुरू हो गया है। आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर कांवडिये शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।

शनिवार को दिल्ली-देहरादून हाइवे पर पुरकाजी से लेकर हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, खतौली, शामली और बागपत की तरफ जाने वाले मार्गो पर कांवडियों का आवागमन रहा। कांवड लाने वालों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। उधर डीएम उमेश मिश्रा, डीआईजी-एसएसपी अभिषेक सिंह, एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह आदि शहर में शिव चौक पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



मुजफ्फरनगर: केन्द्रीय विद्यालय से सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देकर बाहर आते छात्र-छात्राएं

# डीएवी कॉलेज में मचा 'उत्सव उल्लास' का धमाल

■ **छात्र-छात्राओं को दिए गए मेडल व प्रशस्ति पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी डिग्री कॉलेज में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं को पुरूस्कार का वितरण किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एडीएम नरेन्द्र बहादुर सिंह व प्रबंध समिति सचिव डॉक्टर एमके बंसल ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे उन्नति के पथ पर अग्रसर होने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सुनीता शर्मा, सह-संयोजक प्रो. देवेश त्यागी, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राम किशन शर्मा ने संयुक्त रुप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जलित कर माल्यार्पण किया। अतिथियों ने छात्रों को संदेश दिया कि सफलता का एकमात्र विकल्प कठिन परिश्रम है। विशिष्ट अतिथि डॉ. एम. के. बंसल ने अपने आशीर्वचन से छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। यहां सह-समन्वयक प्रो. किरण पाल, कु. सोनाली चौधरी, डॉ. शशि, डॉ. रीना सैनी, डॉ. आभा सिंघल, डॉ. रुचिता गोयल, डॉ. रंजीता जैन एवं डॉ. अनीता ढल का सहयोग रहा। इस दौरान प्रो. संजीव कुमार, प्रो. संध्या जैन, प्रो. संगीता वास्तव, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. चारु त्यागी, डॉ. सौरभ मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: डीएवी डिग्री कॉलेज में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं व मंचासीन अतिथिगण।

# मोबाइल लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

■ **तमंचे कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि 12 फरवरी को खालापार थानाक्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक से मोबाइल लूट लिया था। घटना के राजफाश का टास्क खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान को दिया गया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को खालापार थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो लुटेरे किसी वारदात को अंजाम देने के लिए काली नदी पुल शामली बाइपास की तरफ आने वाले हैं। सूचना के आधार पर उन्होंने बदमाशों को पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया। इसी दौरान पुलिस ने बाइक सवार दो बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो वह पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश समीर उर्फ ओसामा पुत्र इलियास निवासी दर्जी वाली गली खालापार पैर में गोली लगने के बाद बाइक से गिर गया, जबकि उसका दूसरा साथी बाइक छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया, समीर से लूटा हुआ मोबाइल, एक तमंचा व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों में समीर के खिलाफ ग्यारह मुकदमे दर्ज है। फरार उसके साथी की तलाश में एक टीम लगाई गई है।

# व्यवस्था परखने सड़क पर उतरे आला अधिकारी

## आगामी पर्व के मद्देनजर समाज के जिम्मेदार लोगों के साथ किया मंथन

■ **डीएम व एसएसपी ने बैठक में लिए सुझाव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फाल्गुन की महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए शनिवार को शहर में शिव भक्त कांविड़यों की भारी भीड़ नजर आई साथ ही डाक कांवड़ों ने भी दस्तक दे दी है। इसके साथ ही आगामी दिनों में रमजान भी शुरू होने जा रहे हैं। जिसे लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। शनिवार को डीएम और एसएसपी शांति समिति की बैठक के बाद व्यवस्था परखने सड़क पर निकल पडे। दोनों अफसरों ने सरकारी अमले के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण भी किया।

25 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों के द्वारा कांवड़ यात्रा को विराम देकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने की पूरी तैयारी है। ऐसे में शहर से शिव भक्तों का गुजरना भी हो रहा है और शनिवार को एक जत्थे के रूप में शिव भक्त कांवड़िया शहर से गुजरते हुए नजर आये। इसकी तैयारियों को परखने और शिवरात्रि के साथ ही रमजान में सुविधा एवं व्यवस्था बनाये रखने तथा समस्याओं को जानने के लिए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी डीआईजी अभिषेक सिंह ने शांति समिति की बैठक ली। जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई इस बैठक में सभासदों तथा दोनों वर्गों के गणमान्य लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उठाते हुए पानी, सड़क और बिजली जैसे मुददों को अधिकारियों के सामने रखा। जिस पर अधिकारियों ने उनके निराकरण का आश्वासन दिलाया।

बैठक के उपरांत डीएम और एसएसपी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के काफिले के साथ कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करने के लिए सड़कों पर उतर आये।

शिव चौक पहुंचकर डीएम उमेश मिश्रा ने यहां पर जलाभिषेक तथा सुरक्षा बंदोबस्तों का जायजा लिया तो कांवड़ मार्ग से अस्थाई अतिक्रमण को हटवाने और सड़कों के गडढे को भरने, पेजलापूर्ति के साथ ही पथ प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापति, एसपी ट्रेफिक अतुल चौबे, सीओ सिटी राजू कुमार साव, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कावंड़ियों की सुरक्षा को ई-रिक्शा पर लगाया प्रतिबंध

■ **23 से 26 तक ई-रिक्शा के लिए रूट किए निर्धारित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फाल्गुन कांवड यात्रा को लेकर यातायात पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफिक के नियम लागू करते हुए ई-रिक्शाओं का शिव चौक के निकट प्रतिबंध किया है। जारी एडवाइजरी के साथ ई-रिक्शा अस्पताल चौका, नावल्टी चौक, शिव चौक, मीनाक्षी चौक तक पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। इसी के चलते शिव चौक से हनुमान चौक तक और शिव चौक से झांसी की रानी तक, झांसी की रानी से आलू मंडी तक और झांसी की रानी फायर बिग्रेड वाली गली का भी ई-रिक्शाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। यातायात पुलिस ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि उल्लघंन होने पर ई-रिक्शा सीज कर दी जाएगी।

उन्होने कावंड के मद्देनजर जनता से 23 से 26 फरवरी तक अपील करते हुए कहा कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड का आवगमन शुरू हो गया है और कावंड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है इसलिए कांवड मार्ग सिसौना कट से बागोवाली चौराहा बझेडी अण्डर पास से मदीना चौक, अस्पताल से नावल्टी चौक, शिव चौक से मीनाक्षी मार्ग चार पहियो का आवागमन करने से बचे। और इधर से गुजरने वाले लोग वाहनो को सावधानी से चलाए।

# एक मार्च से तीस जून तक होगा ईंट भट्टों का संचालन, तैयारी पूरी

**मुजफ्फरनगर।** जिले में आगामी एक मार्च से लेकर 30 जून तक ईंट भट्टा का संचालन शुरू हो जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

उधर जिला प्रशासन भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को अमल में लाने के लिए सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। शनिवार को जिले के मुख्य भट्टा स्वामियों और समिति पदाधिकारियों के साथ प्रशासन और प्रदूषण अधिकारियों की बैठक होनी थी, लेकिन किसी कारणवश बैठक संपन्न नहीं हो पाया। काफी देर तक भट्टा स्वामी इंतजार करते रहे उसके बाद क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण अंकित सिंह ने ईंट निर्माता कल्याण समिति अधयक्ष प्रमोद बालियान से वार्ता की। बताया कि अब बैठक सोमवार को होगी।

कलेक्ट्रेट में मौजूद प्रदूषण विभाग के सहायक अभियंता कुंवर संतोष, एलए सर्वेश कुमार व मनीष यादव जेआरएफ आदि भी मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि भट्टा स्वामी सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पहली मार्च से पहले और तीस जून के बाद फुकाई कार्य नहीं करेगा अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मौके पर संरक्षक कृष्ण त्यागी, महामंत्री बलराम तायल, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश आर्य, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, उपाध्यक्ष करणवीर प्रधान, पप्पू प्रधान, हाजी तस्लीम, सुखेंद्र तोमर, धर्मपाल मलिक, बिट्टू, संजीव, धीरज राठी, दिनेश कुमार, संजीव आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लेने निकले डीएम व एसएसपी।

# प्रधानपति पर जानलेवा हमला

■ **तहरीर देकर कार्रवाई की लगाई गुहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के ग्राम नया गांव फैजाबाद माजरा तिसंग के ग्राम प्रधानपति पर हमला कर घायल कर दिया ग्राम प्रधानपति ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम नया गांव फैजाबाद मजरा तिसंग थाना व तहसील जानसठ के ग्राम प्रधान पति रोशन लाल पर रंजीशन हमला करके गांव के ही लोगो ने घायल कर दिया। तो वहीं उनकी गाडी भी छतिग्रस्त हुई हैं. ग्राम प्रधानपति रोशन लाल ने तहरीर के माध्यम से बताया कि वह गांव नया गांव फेजाबाद मजरा तिसंग थाना जानसठ मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। और वह ग्राम पंचायत तिसंग का प्रधानपति है। घटना शनिवार दोपहर की हैं वह अपने कार्य के लिए ब्लॉक जानसठ जाने के लिए घर से निकला तो रास्ते में पहले से ही घात लगाये गांव के ही राजेन्द्र पुत्र सुक्कड व मोहित पुत्र रूप व सौरभ उर्फ अप्पन पुत्र रूप व ब्रहम सिंह पुत्र मुख्त्यारे व प्रवीण पुत्र रामदयाल ने उनको गाली गलौच करते हुए उनके के उपर पथराव किया और जान से मारने की नियत से सौरभ उर्फ अप्पन पुत्र रूप ने मेरे उपर गोली चलाई जोकि छूकर निकल गई। पथराव होने से प्रधानपति को काफी चोटें आई हैं। और मेने बामुश्किल वहां से भागकर अपनी जान बचाकर पुलिस चौकी मीरापुर दलपत पहुंच पुलिस चौकी इन्चार्ज को घटना की जानकारी दी। और मेरी टूटी हुई गाडी भी पुलिस चौकी पर खडी है।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर उक्त प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त लोगो ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। अवैध कब्जा हटवाने का प्रकरण चल रहा है। इस बात को लेकर उपरोक्त लोग मुझसे रंजिश रखते हैं। उक्त लोगो ने मौका मिलते ही मुझे जान से मारने की धमकी भी दी है।

जिससे प्रधानपति काफी डरा व सहमा हुआ है। प्रधान पति ने उक्त लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# पुलिस ने महिला की बचाई जान

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार दोपहर में एक महिला बच्चे को लेकर मुजफ्फरनगर से मेरठ की तरफ जाने वाले रेलवे ट्रैक पर रेशू विहार फाटक के पास घूम रही थी। आसपास रहने वाली महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइन थाना पुलिस व डायल 112 टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने अलमासपुर निवासी महिला को बचा लिया। सिविल लाइन थाने ले जाकर पूछताछ की। उसने बताया कि उसका पति शराबी है। उसे खर्च के लिए पैसे भी नही देता। मारपीट भी करता है। सिविल लाइन थाने से महिला को नई मंडी कोतवाली भेजा गया। मंडी कोतवाली पुलिस ने परि. जनों को बुला कर महिला बच्चे सहित उनके सुपुर्द कर दी।

# आईएमए ने छेड़ी समाज को नशा मुक्त करने की मुहिम

## सेमिनार में वरिष्ठ चिकित्सकों ने लीवर, गुर्दे की बीमारी में इलाज के अनुभव बांटे

**शाह टाइम्स संवाददता**

**मुजफ्फरनगर।** चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सको ने लीवर और किडनी की बीमारी पर चर्चा करते हुए अपडेटेड उपचार के बारे में भी जानकारी दी।

सर्कुलर रोड स्थित आईएमए हॉल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष डॉ सुनील चौधरी ने व संचालन प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ यश अग्रवाल ने किया।

सचिव डॉ मनोज काबरा ने यहां सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया। फोर्टिस हॉस्पिटल् नोएडा से आए हिपेटोगैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ मुकुल रस्तोगी ने शराब के सेवन से होने वाली लिवर की बीमारी व उसके अपडेटेड उपचार के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि शराब के सेवन से लिवर में फैट जमा हो सकती है जिससे (फैटी लिवर) फाइब्रोसिस सिरहोसिस हो सकती है या लिवर का कैंसर भी ही सकता है जो कि लीवर ट्रांसप्लांट का कारण बन सकता है।

किडनी प्रत्यारोपण व रोग विशेषज्ञ डॉ अनुजा पोरवाल ने किडनी प्रत्यारोपण व इससे जुडघे भ्रांतिया पर व्याख्यान दिया। किडनी की गंभीर बीमारी में जिसमे किडनी ने कार्य करना बंद कर दिया है और बार बार डायलिसिस की जरूरत होती है। किडनी प्रत्यारोपण बेहतर विकल्प है स उन्होंने बताया कि सीकेडी (क्रॉनिक किडनी डिसीज) यानी लंबे समय से चल रहा गुर्दे का रोग जिसके कारण गुर्दे काम करना बंद कर सकते हैं। गुर्दे खून से बेकार और नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों और अतिरिक्त तरल को छानते हैं। गुर्दों के काम बंद करने पर यह खराब पदार्थ शरीर में जमा होने लगते हैं.। अनियंत्रित डायबिटीज व उच्च रक्त चाप इसके मुख्य कारण हैं।


बचाव के लिए इनको नियंत्रित रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए नियमित डायलिसिस या फिर किडनी ट्रांस्प्लांट की जरूरत होती है। किडनी ट्रांसप्लांटेशन का मतलब एक जीवित या हाल ही में मृत व्यक्ति से स्वस्थ किडनी को निकालना है और फिर इसे खराब किडनी के अंतिम चरण से जूझ रहे व्यक्ति में स्थानांतरित करना है। कुछ परीक्षणों सहित ये एक जटिल प्रक्रिया है किंतु सफलता दर काफी अधिक है। उन्होंने बताया कि कई स्टडी में देखा गया है कि किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले व्यक्ति डायलिसिस पर चल रहे मरीज से ज्यादा जीते हैं।

इस दौरान कोषाध्यक्ष डॉ ईश्वर चन्द्रा, मीडिया प्रभारी डॉ सुनील सिंघल, डॉ डीएस मलिक, डॉ अशोक सिंघल, डॉ हरदेश अरोरा, डॉ डीपी सिंह , डॉ रवींद्र जैन, डॉ हेमंत कुमार, डॉ कुलदीप सिंह चौहान, डॉ दीपक तोमर , डॉ आर एन गंगल, डॉ रमेश माहेश्वरी, डॉ जीसीएस छाबरा,डॉ विनोद कुशवाहा,डॉ अजय सिंघल,डॉ रोहित गोयल, डॉ पी के चाँद,डॉ राजबीर सिंह मलिक, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ मनु गर्ग,डॉ पंकज अग्रवाल, डॉ पंकज सिंह, डॉ अनुज गर्ग, डॉ. राजीव काम्बोज, डॉ रूप किशोर गुप्ता, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. मनेश अग्रवाल, डॉ. रजा फारूकी, डॉ. अमन गुप्ता डॉ. नीरज काबरा, डॉ. विवेक सैनी व महिला सदस्य डॉ. ललिता माहेश्वरी, डॉ. निशा मलिक, डॉ. पूजा चौधरी, डॉ. रेणु अग्रवाल,डॉ शैफाली सिंह, अतुल कुमार का सहयोग रहा।

# अधेड़ ने मासूम बच्ची के साथ की छेड़छाड़

**जानसठ।** कस्बा जानसठ के एक मोहल्ले में एक अधहेद व्यक्ति ने मासूम बच्ची को समान दिलाने का लालच देकर उसके साथ छेडछाड की शोर सुनकर लोग इकट्ठा हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को कस्बे के एक मोहल्ले में एक लगभग 9 वर्षीय मासूम बच्ची कुछ सामान खाने के लिए लेने घर से बाहर आई तो 50 वर्षीय अधेड व्यक्ति ने उसको खाने का सामान देने का लालच देकर घर में बुला लिया और मासूम के साथ छेड़छाड़ कर दी। बच्ची ने शोर मचा दिया। और वह बाहर की तरफ भाग आई बच्ची ने घटना की जानकारी परिजनों को दी जिससे परिजन और मोहल्लेवासी तुरंत आरोपी के घर पहुंचे तो आरोपी ने अंदर का दरवाजा बंद कर लिया पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और बामुश्किल छत पर चढ़कर दरवाजा खोला गया। और आरोपी को थाने ले आई।



# नगर पंचायत बेरोजगारों को देगी 5 लाख का ऋण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम अनुभाग टू द्वारा कस्बे में उद्योगो को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कस्बे के युवाओं को रोजगार सृजित किये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा कस्बे में पूंजी निवेश को बढावा देने व आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हजारों नई सूक्ष्म, लघु मध्यम इकाईयों को स्थापित किये जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को प्रारम्भ किया गया है।

योजना की प्रमुख पात्रता एवं शर्ते ये हैं कि आवेदक कस्बे का हो और आयु 21 वर्ष से 40 वर्ष हो। आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 हो। इंटर उत्तीर्ण या समकक्ष को वरीयता मिलेगी। आवेदक को विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे श्विवकर्मा श्रम सम्मान योजना, जिले की एक उत्पाद प्रशिक्षण व टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग प्रशिक्षण योजना यूपी विद्यालय शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धी सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोपा, डिग्री प्राप्त, अन्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त व अनुसूचित जाति जनजाति महिला अभ्यर्थियो को वरीयता दी जायेगी। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया ये है। ीजजचे//उेउम.नच. हवअ.पद पर फी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाईन करते समय 8वी की मार्कशीट हाई स्कूल अंक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, स्कैन हस्ताक्षर निवास का प्रमाण नोटरीकृत हल्फनामा व परियोजना रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना होगा।घ योजनान्तर्गत वित्त पोषण योजना की प्रमुख बातें ये हैं कि उद्योग व सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख रुपये तक की परियोजनाओं के ऋण पर परियोजना लागत का शत प्रतिशत ब्याज उपादान वित पोषण की तिथि से अगले 4 वर्षो के लिये दिया जायेगा। कुल परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्मलोन के रुप में जरुरी होगा। परियोजना में भूमि भवन का क्रय शामिल नहीं होगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों का परियोजना लागत का 15 प्रतिशत, अन्य पिछडा वर्ग के लाभार्थियों हेतु 12.5 प्रतिशत व अनुसूचित जाति, जनजाति, दिव्यांगों के लाभार्थियों के लिये परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रुप में जमा करना होगा। लाभाथ्र्ह को परियोजना लागत या अधिकतम 5 लाख रुपये जो कम हो का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी के रुप में दिया जायेगा। ये अनुदान बैंक इंडेड होगा। तम्बाकू उत्पाद, गुटखा पान मसाला अल्कोहलयुक्त पेय पदार्थ कार्बोनेटेड उत्पाद, पटाखे, प्लास्टिक कैरी बैग 40 माईक्रोन से क्रम या भारत राज्य सरकार द्वारा समय समय पर प्रतिबन्धित श्रेणी में रखे गये उत्पाद योजना में लाभ हेतु पात्र नहीं होंगे। योजनान्तर्गत कस्बे के सब राष्ट्रीकृत बैंक ग्रामीण बैंक व वित्तीय संस्थाएँ ऋण वितरण हेतु पात्र होंगी। उक्त योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत बुढाना को 5 दिन के अंदर 100 आवे. दन भरवाये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अत: उक्त योजनान्तर्गत ज्यादा से ज्यादा फार्म भरवाये जाने हेतु लोगों को जागरुक करें।

# बीआईटी में एनएसएस शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भगवन्त ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्शन्स के भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन और भगवन्त इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएसत्र इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम निजामपुर और गंगदासपुर में किया गया।

भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन के शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कावेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में ग्राम निजामपुर में हो रहा है, जबकि भगवन्त इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी की एनएसएस इकाई का शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन सत्र में प्राथमिक विद्यालय निजामपुर के प्रधानाचार्य, गंगदासपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, बीआईटी संस्थान के उपनिदेशक डॉ. अजय गुप्ता, सह निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, जीएम सीए दुष्यंत



कुमार, डीन अजय सिंह, भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एनएसएस अधिकारी डॉ. कावेन्द्र कुमार, बीआईटी के एनएसएस अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, ग्राम प्रधान सत्यवीर सिंह, डॉ. चित्रा शर्मा, कपिल कुमार, दिव्य सिंह, तनुष कुमार और उर्वशी समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

शिविर में छात्रों को प्रेरित करते हुए उपनिद. ेशक डॉ. अजय गुप्ता ने उन्हें समाजसेवा और नेतृत्व कौशल के महत्व को समझाया। सह निद. ेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के कर्तव्यों और उसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। ग्राम प्रधान सत्यवीर सिंह ने शिविर को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत दो. हराया गया। डॉ. कावेन्द्र कुमार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों से परिचित कराया, जबकि डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने एनएसएस के ध्येय वाक्य की व्याख्या करते हुए छात्रों को सेवा भावना से प्रेरित किया।

# एनएसएस शिविर में छात्रों ने महिला जागरूकता रैली निकाली

**स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज में शिविर का पहला दिन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** शनिवार को स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज बघरा में राव सेव योजना इकाई द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिन आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय सचिव कुंवर देवराज पंवार, प्राचार्य डा. ब्रज गोपाल शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डा. सतेन्द्र कुमार, डा. विपिन कुमार, रंधीर सिंह, रोजी शर्मा, संजीव गर्ग द्वारा माँ सरस्वती व स्वामी कल्याण देव जी महाराज के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शिविर के प्रथम चरण में महिला जागरूकता सप्ताह पर एक रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. सतेन्द्र कुमार ने क्षेत्र के कई गांव में महिला जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कार्यकम अधिकारी ने बताया कि जब तक महिलाएं जागरूक नहीं होंगी तब तक उनका शोषण होता रहेगा। इसके लिए जरूरी है कि प्रत्येक महिला जागरूक हो।

अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें तथा असामाजिक तत्वों से बचने के लिए तत्पर रहे। उन्होंने महिलाओं को आवश्यक हेल्प नंबर नोट कराया तथा कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में इन नंबरों पर कॉल करके अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। अपरिचित लोगों पर सहसा श्विवास न करने की सलाह दिया। यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध लगे व अव्यावहारिक रूप से पेश आए तो तुरंत इसकी सूचना आवश्यक हेल्प नंबरों पर अवश्य दें।

महाविद्यालय राजनीतिशास्त्र प्रवक्ता डा. फरहाना राणा ने अपने संबोधन में कहा कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाबलंबन की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। महिला जागरूकता, दक्षता, कौशल विकास, प्रशिक्षण, महिला उद्यमिता के प्रोत्साहन के लिए जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का फोकस महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। जबकि ऑपरेशन शक्ति का फोकस उन लोगों को सजा दिलाना और दंडित करना है जिन्होंने महिलाओं के साथ कोई दुर्व्यवहार या अपराध किया है। आपने इस अवसर पर त्वरित कार्रवाई और सहायता के लिए टोल फी नंबर 1090, 181, 1076, 112 का उपयोग निसंकोच करें और पुलिस की सहायता लें।

# त्यागी समाज से हो भाजपा जिलाध्यक्ष की ताजपोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी 16 मार्च को आयोजित होने वाली त्यागी-भूमिहार-ब्राह्मण समाज की महापंचायत की तैयारी पर चर्चा करते हुए त्यागी-भूमिहार ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने समुदाय के अधिकारों और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वोट हमारी, खीर कोई और खा रहे हैं। हमारा विरोध किसी पाटह्न से नहीं, बल्कि उनकी नीतियों से है। शहर के रुड़की रोड पर शनिवार को बैठक आयोजित बैठक में त्यागी-ब्राह्मण समुदाय के हर गांव से दो-दो प्रति. निधि शामिल हुए।

मांगेराम त्यागी ने कहा कि हमारे समाज के जितने भी युवा सियासी पार्टियों में कार्य कर रहे हैं, उन्हें 30-30 साल हो गए धक्के खाते हुए। उनकी इतनी हैसियत में नहीं है कि वो किसी दरोगा को भी कॉल कर सकें। अधिकारी फोन नहीं उठा रहे। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को जीआईसी मैदान में एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में त्यागी-भूमिहार-ब्राह्मण समाज के लोग शामिल होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बीजेपी का जिलाध्यक्ष त्यागी-ब्राह्मण समाज से नहीं बनाया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।।महाकुंभ के बारे में त्यागी ने कहा कि ष्असली महाकुंभ तो अपने माँ बाप की सेवा करने में है। शाम को घर आओ, बिना दारू पीए और अपने माँ बाप के पास बैठकर बातें करो, उनसे अच्छा कोई कुंभ नहीं। उस महाकुंभ का क्या फायदा, जब माँ बाप रोटी दे नहीं रहे और वो पड़े हैं आश्रम में और हम महाकुंभ में स्नान कर रहे हों।

## सूचना

मेरे पासपोर्ट नम्बर-M8830702 में मेरा नाम MOHD USAMAN अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या-932735080495 व पैन कार्ड नम्बर-AEOPU8975L में मेरा नाम MOHD USMAN अंकित है जोकि सही है। समस्त कार्यो के लिए मेरा सही नाम MOHD USMAN ही पढा लिखा व पुकारा जाये।

MOHD USMAN
**पुत्र गुलफाम निवासी ग्राम काटका तहसील जानसठ जिला-मु.नगर**

**RAKHI PUBLIC SCHOOL**
(10+2, Affiliated to CBSE, New Delhi)
8th KM, Mansurpur-Shahpur Road,
Sohanjani Tagan, Muzaffarnagar-251001 (U.P.)
(Website-www.rakhipublicschool.co.in)
WALK IN INTERVIEW
PGT's :- English, Physics, Chemistry, Maths
Phy. Education (Female), Accountancy, Comp Science
TGT's :-All Subjects,PRT's: All Subjects, Nursery Teacher/Pre-Primary Teacher, Counselor (Trained).
-:VENUE:-
School Campus:- Date & Time- 02nd March 2025
Sunday, 09:00 A.M. With Original Documents
Mail Resume Upto 28th February 2025
E-mail: rakheepublicschool@rediffmail.com
Contact/Whatsapp No. 6396159468, 98370023247, 9917327777
Dr. R.N. Tyagi (Manager) Pramod Kumar (Principal)

## समन प्रकाशन

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु. नगर** वाद सं0-57/1786 सन् 2024

1. संजय भारती पुत्री तदबीर सिह पत्नी श्री विजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम वजी. राबाद परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मु.नगर हाल निवासी महात्मा नगर, नासिक (महाराष्ट्र) **...वादीया**

**बनाम** 1. आनन्दवीर पुत्र तदबीर सिह निवासी ग्राम भोकरहेडी परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मु. नगर। 2. श्रीमति विजय भारती पत्नी श्री सुभाष निवासी ग्राम करहेडा परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मु. नगर। 3. विश्वेन्द्र पुत्र विरेन्द्र सिह 4. श्रीमति सुरेश पत्नी स्व.विरेन्द्र सिह 5. सुभाष दहिया पुत्र श्री धर्मपाल 6. श्रीमति शिक्षा देवी पत्नी स्व.धर्मपाल समस्त निवासीगण ग्राम रसूलपुर रोहटा तहसील सदर जिला मेरठ। 7. नगर पंचायत भोकरहेडी द्वारा चेयरमैन नगर पंचायत भोकरहेडी परगना भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मु.नगर। **.. प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.संहिता 2006 ग्राम भोकरेहेडी परगना भोकरेहेडी तहसील जानसठ जिला मु.नगर।

हरगाह के दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो **28.2.25 ई.** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमें में हालात से करार वाकई किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे। और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह खिलाफ फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 13.2.25 ई0 को जारी किया गया।

**मोहर न्यायालय** **उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मु. नगर**

# मुठभेड़ में दो कार लुटेरे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** थाना तितावी पुलिस टीम ने शुक्रवार देर रात्रि को मुठभेड़ के दौरान लिफ्ट लेकर कार चालक से लूट करने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से दोनों लुटेरे घायल हो गए। दोनों बदमाशों का पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। इन लुटेरों के पास से घटना से सम्बंधित लूटे गए मोबाइल तथा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

तितावी थानाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि थाना तितावी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम काजीखेड़ा निवासी 02 व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर थाना तितावी पुलिस टीम द्वारा तिरपड़ी से बघरा जाने वाले मार्ग पर दोनो व्यक्तियों की घेराबंदी की गयी तो दोनों व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए जंगल की तरफ भागने का प्रयास किया गया। बदमाशों के फायर से पुलिस टीम बाल बाल बची तथा बदमाशों को फायरिंग बंद कर आत्मसमर्पण की चेतावनी दी गयी। परन्तु बदमाशों पर पुलिस की चेता. वनी को कोई असर नहीं हुआ। थाना तितावी पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गयी जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गये।

घायल बदामशों के नाम आक. ाश उर्फ मोंटी पुत्र ओमवीर निवासी काजीखेड़ा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर व आर्यन उर्फ नंदू पुत्र जितेंद्र निवासी काजीखेड़ा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो मोबाईल, एक पल्सर मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट तथा अवैध शस्त्र भी बरामद किये हैं।

गौरतलब है कि सचिन पुत्र ओमवीर निवासी तलवा माजरा थाना बाबरी, शामली द्वारा थाना तितावी पुलिस को लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि उसका भाई विपिन गत 16 फरवरी की रात्रि को अपनी गाड़ी से मेरठ जाने के लिए निकला था तथा रास्ते में उसके भाई द्वारा दो लोगों को लिफ्ट दी गयी थी जिनके द्वारा वादी के भाई विपिन उपरोक्त के साथ मारपीट कर दो मोबाइल व अन्य सामान लूट कर बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।मुठभेड़ के दौरान तितावी थानाध्यक्ष मानवेंद्र भाटी व उनकी टीम में उप निरीक्षक अजय पाल सिंह,उप निरीक्षक अनिल कुमार, उपनिरीक्षक मशकुर अली, उप निरीक्षक दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल गौरव राणा,कांस्टेबल सचिन तेवतिया दिनेश कुमार मनोज कुमार मौजूद रहे।

# सांसद के संस्कारी पुत्र- पापा से पूछकर बताऊंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शनिवार को शिवपुरी स्तिथ सपा नेता पंकज सैनी के निवास स्थान पर सपा पार्टी के नेताओं द्वारा पीडीए पर चर्चा बैठक की गई। बैठक में सपा पार्टी के बड़े नेता और स्थानीय नेता मौजूद रहे जिन्होंने बैठक में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए पर चर्चा की गई। कार्यक्रम सपा नेता सत्यदेव शर्मा ओर पंकज सैनी द्वारा मोहल्ला शिवपुरी में आयोजित किया गया था। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद हरेंद्र मिलिक थे लेकिन किन्ही कारणों वश वे बैठक में नही पहुँच पाए उनकी जगह उनके पुत्र नीशू मलिक बैठक में पहुँचे थे। जिनका स्थानीय नेताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। बैठक में समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष ज़िया चौधरी , इलमसिह गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग दुखी है तथा जनता की भलाई व सम्मान देने का काम समाजवादी पार्टी सरकार ही कर सकती है। किसान मजदूर युवाओं तथा महिलाओं को अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए आगे आना होगा। समाजवादी पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सपा नेता श्याम लाल बच्ची सैनी ने संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओ समर्थकों से 2027 में समाजवादी पार्टी सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर मेहनत करने का आह्वान किया। वही उन्होंने स्थानीय सपा नेताओं से अभी से आगामी चुनाव की तैयारियों में जुट जाने की अपील करते हुय सभी गांवों में बैठक कर लोगों को पार्टी की नीतियों और पीडीए की जानकारी देने के प्रति जागरूक किया। वही बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि सांसद हरेंद्र मलिक के सपुत्र नीतू मलिक को सम्बोधन के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया लेकिन जैसे ही उन्होंने माईक पकड़ा उसके बाद उन्होंने एक संस्कारी पुत्र की तरह कहा कि पापा से पूछ कर बताऊंगा और उसके बाद ही कुछ होगा इतना ही कह कर नीतू सिंह अपनी कुर्सी पर विराजमान हो गए। उनकी संस्कारी बात को सुन बैठक में मौजूद सभी सपा नेताओं ने उनके लिए तालिया बजाकर उनका सम्मान किया। बैठक में महावीर, ओम प्रकाश सैनी, गजेंद्र प्रधान, मुकेश कुमार, सिकंदर, वीर सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम JAMEEL AHMAD दर्ज है जो कि सहवन गलती से दर्ज है।जबकि मेरे पिता का सही नाम ZAMEEL AHAMAD है। जोकि मेरी सभी आईडी एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में दर्ज है।

**नफीस अहमद पुत्र जमील अहमद 320 जहागीर पट्टी सुजडू मुजफ्फरनगर 251003**

# सड़क चौड़ीकरण का कार्य अधर में लटका, लगा रहता है जाम

**चरथावल।** चरथावल थानाभवन मार्ग का चौडीकरण का कार्य पिछले कई माह से अधर मे लटका हुआ हे हालत यह हे की चरथावल के मुख्य मार्ग पर कई कई घंटे जाम लग जाता हैं जिससे मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहन स्वामियों को बड़ी भारी परेशानी होती हे गत दिवस कई घंटे तक जाम लगने से नजारा देखने लायक था तथा जाम मे कई कई घंटे वाहन स्वामी फसे नजर आए और मोटरसाईकिल सवारों को भी निकलना दुभर हो गया था मुख्य मार्ग पर दुकान स्वामियों द्वारा किया गया अतिक्रमण, गन्ने के अवरलोड वाहन, ट्रेक्टर ट्रालिया, बेहतशा ई रिक्शा होने से जाम का नजारा देखने लायक था थानाभवन चरथावल मार्ग का चोडीकरण का कार्य जहाँ लगभग पूरा हो चूका हे लेकिन चरथावल नगर के दोनों छोर पर सड़क चोडीकरण का कार्य अधर मे लटका हुआ हेस पिछले दिनों नगर के अंदर मार्ग के चोडीकरण को लेकर भाकियू टिकेत और भाकियू अराजनैतिक आमने सामने आ गए थे जिस कारण नगर मे मार्ग चोडीकरण कार्य रुक गया था और वर्ष 2022 मे शासन द्वारा19.133 किमी मार्ग के चोडीकरण एवं सुद्रढीकरण का कार्य मंजूर हुआ था करीब साढ़े इक्कावन करोड़ की लागत से चल रहे निर्माण कार्य करीब आठ माह से चरथावल मे बंद हे और मार्ग पर ट्रेफिक अधिक होने के कारण तीन चर घंटे बाद मार्ग पर जाम के हालत बने रहते हे शुक्रवार को साप्ताहिक पैठ, गन्ने के बड़े बड़े अवरलोड वाहनो से बहुत लम्बा जाम लगता नजर आया और हर कोई जाम को लेकर परेशान नजर आया स हालांकि प्रशासन इस और कोई ध्यान नही दे रहा हे राकेश वशिष्ठ, काला मेंबर,नवीन गर्ग,इरसाद एडवोकेट,नसीम त्यागी आदि ने सड़क का चोडीकरण जल्द से जल्द कराने की मांग करते हुए क्षेत्रवासियो को जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## सुलेख प्रतियोगिता में छात्रा ईशिका आई प्रथम

**बुढ़ाना।** शनिवार को बुढ़ाना ब्लाक की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 3 में इशिका, कक्षा 4 में अनुष्का, कक्षा 5 में शायान, कक्षा 6 में खुशी, कक्षा 7 में नैना व कक्षा 8 में मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यहां स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का मकसद बच्चों में अच्छी लिखावट की आदत डालना व उनकी प्रस्तुति कौशल को बेहतर बनाना है। प्रतियोगिता से बच्चों में रचनात्मक व आत्मश्विवास भी बढ़ता है। सुलेख प्रतियोगिता से छात्रों में हस्तलिपि सुधारने की आदत विकसित करना, हिंदी भाषा के प्रति रुचि तथा लेखन कार्य करने के प्रति जागरूकता पैदा करना, छात्रों को उनकी अनूठी संरचना तथा भाषा की सुंदरता के बारे में सीखना, छात्रों के कलात्मक कौशल को बढ़ाना, छात्रों को रचनात्मक आउटलेट प्रदान करना व लेखन से जुड़ी एक दृश्य कला है।

# महिलाओं को योजना के बारे में किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर के निर्देशन में शनिवार को तहसील बुढाना की बराबर में स्थित आस्था हास्पिटल में बुढ़ाना कोतवाली की एण्टी रोमियों टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज फाइव अभियान चलाया गया।

एण्टी टीम में शामिल महिला पुलिसकर्मी ने यहां पर इलाज के लिए आई हुई महिलाओं और बालि. काओं से वार्ता करते हुए उनको पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरुक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अन्तर्गत पुलिस उप महा निरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में बुढाना कोतवाली की एण्टी रोमियो टीम द्वारा आस्था हास्पिटल परिसर में आई हुई काफी महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं हेल्पलाईन नम्बरों ट्वीटर सेवा और डॉयल-112 सहित अन्य नंबरों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गयी।

## बस ने भैंसा-बुग्गी में टक्कर मारी, भैंसे की मौत

**तितावी।** शुक्रवार देर शाम बस ने शामली-मुजफ्फरनगर मार्ग से गुजर रही भैंसा-बुग्गी में टक्कर मार दी। इससे भैंसें की मौत हो गई, जबकि किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को लेकर किसानों में रोष है। घटना पर पहुंची तितावी पुलिस घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया।

तितावी थाना क्षेत्रा के गांव लखान निवासी जयनाराण पुत्र आत्माराम तितावी शुगर मिल में गन्ना डालकर अपने गांव वापस लौट रहा था। जब उक्त किसान तितावी फ्लाइओवर के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रही बस संख्या यूपी 87टी-1871 ने पीछे से भैंसा बुग्गी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही भैंसे की मौत हो गई और किसान जयनाराण गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बुग्गी भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर किसानों व लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे से किसानों में रोष व्याप्त है। सूचना पाकर तितावी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल किसान को अस्तपाल में भतह्न कराया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लेकर बस को भी कब्जे में ले लिया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई शुरू कर दी।

## समन प्रकाशन

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ मुजफ्फरनगर।** वाद स. सन

1. बरकत अली पुत्र शकरूदीन निवासी ग्राम कवाल परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। **......वादी बनाम** 1. इफतखार पुत्र मौ. अय्यूब निवासी ग्राम कवाल परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 2. शकीला पत्नि मौ. अय्यूब निवासी ग्राम कवाल परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 3. शमीम पुत्र अख्तर निवासी चौसाना तहसील कैराना जिला शामली। 4. गांव सभा नंगला मुबारिक द्वारा प्रधान गांव सभा नंगला मुबारिक परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। **.....प्रतिवादीगण**

वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा. सहिंता 2006 ग्राम नंगला मुबारिक परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह के दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख के जो **28.2.2025** को 10 बजे के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर या मुताल्लिका मुकदमा को जवाब दे सके और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिस की शहादत पर निजि तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 21.2.25 ई. जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।**

## सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या MNPB 2008-9189 दिनांकित 23.05.2008 में गलती से नाम रीनाज (REENAZ) व पत्नी का नाम नुसरत रानी (NUSRAT RANI) अंकित कराया गया था। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम रीनाज शाह (REENAZ SHAH) व पत्नी का वास्तविक नाम नुसरत जहां (NUSRAT JAHAN) है। भविष्य में दोनो को इसी नाम से जाना जाएगा। नाम संशोधन हेतू शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ. शाहनवाज त्यागी (MOHD SHAHNAWAZ TYAGI) पुत्र श्री मौ. इस्लाम त्यागी, निवासी- इस्लाम मंजिल, लेन नम्बर तीन, ग्रीन एन्कलेव, रूड़की रोड़, शेरपुर, मुजफ्फरनगर**

# दान पात्र चोरी करने वाला पकड़े जाने पर चेयरमैन जहीर फारूकी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर पंचायत के केमरों की मदद से विगत 17 फरवरी को मस्जिद अक्सा के अंदर से रात को 2 बजे दान पात्र चोरी करने वाले चोरों को पुरकाजी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था आज पुरकाजी कस्बे के सामाजिक कार्यकर्ता शाहीन फरीदी के साथ मस्जिद हलवाइयान के मुकर्रम फरीदी और इरशाद फरीदी व शमशाद फरीदी के साथ दर्जनों जिम्मेदार लोग नगर पंचायत पुरकाजी कार्यालय पहुंचे और चेयरमैन जाहिर फारूकी के गले में फूलमालाएं डालकर और उनको सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया जिम्मेदार लोगों ने जाहिर फारुकी द्वारा कस्बे में लगाए गए कैमरो की और पुरकाजी पुलिस तथा चेयरमैन की कार्यशैली की जमकर सराहना की। मिली जानकारी के अनुसार पुरकाजी चेयरमैन जाहिर फारूकी की कार्यशैली सबसे अलग हटकर है उनके द्वारा जो पुरकाजी कस्बे में आईपी कैमरो का जाल बिछाया गया है उस जाल के अंदर अब तक अनगिनत चोर पकड़े गए हैं आए दिन घटनाओं का खुलासा नगर पंचायत के कैमरे से होता रहता है विगत 17 फरवरी को चोरों द्वारा एचडीएफसी बैंक के सामने स्थित अक्सा मस्जिद में से रात को 2:00 बजे दान पत्र चोरी कर लिया गया था दानपात्र का वजन एक कुंटल 30 किलो था और उसके अंदर मस्जिद के हजारों रुपए थे सरकारी कमरे में साफ दिखाई दे रहा था कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन चोर आए थे नगर पंचायत पुरकाजी के सरकारी कमरों की मदद से चोर भी पकड़े गए और चोरी किया गया दान पात्र भी बरामद हुआ है इस घटना के खुलासे से पुरकाजी की जनता में एक खुशी की लहर थी पुरकाजी के सामा. जिक कार्यकर्ता शाहीन फरीदी के साथ दर्जनों लोग नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और वहां पर चेयरमैन जाहिर



फारूकी के गले में फूल मालाऐं डालकर उन्हें शॉल ओढ़ा कर और एक सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया है चौधरी तहसीन अहमद एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि पुरकाजी कस्बे को जब से अध्यक्ष जाहिर फारूकी का नेतृत्व मिला है पूरा पुरका. जी सुरक्षित महसूस करता है मुकर्रम फरीदी कबाड़ी ने कहा चेयरमैन पुरक. ारी द्वारा लगाए गए कैमरों से कस्बे का हर आदमी सुरक्षित है इरशाद फरीदी ने कहा जबसे पुरकाजी कस्बे के अंदर जगह-जगह कैमरे लगाए गए हैं तब से लोग अपनी साइकिल तक सड़क पर खड़ी करके कहीं भी चले जाते हैं मस्जिद के जिम्मेदार लोगों ने पूरी मस्जिद की तरफ से जाहिर फारूकी की जमकर तारीफें की आलम कुरेशी ने कहा कि आज पुरकाजी में चारों तरफ अच्छे से अच्छी सफाई व्यवस्था और हर तरह की सुविधा जनता को मौजूद है जाहिर फारूकी ने इस मौके पर कहा कि जनता ने मुझे लगातार दूसरी बार जिताकर भेजा है मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं अपने पुरकाजी की आवाम को अधिक से अधिक सुविधाएं और सुरक्षा उपलब्ध करा सकूं अपनी इसी सोच के तहत में सभी कार्य करता हूं मैं अपने पुरकाजी कस्बे को पूरी तरह से हाईटेक एवं व्यवस्थित और अनुशासित बनाना चाहता हूं इस मौके पर शाहीन फरीदी इरशाद फरीदी मुकर्रम फरीदी शमशाद फरीदी आलम कुरेशी वसीम सलमानी शाह आलम गोड सभासद, आदिल फरीदी, सुलेमान सभासद ,हाफिज मो. हसिन आदि लोग मौजूद रहे।

## कांवड सेवा शिविर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**मोरना।** गांव छछरौली में कांवड सेवा शिविर का शुभारम्भ हवन यज्ञ में आहूति देकर व पूजा अर्चना कर किया गया तथा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को गर्म कम्बल का वितरण किया गया। मोरना क्षेत्र के गांव छछरौली में पांवधोई नामक स्थान पर कांवड सेवा शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पं. ब्रजनंदन शर्मा द्वारा हवन यज्ञ सम्पन्न कराया गया तथा कुंवर सिंह महाराज द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये। साथ ही हरिद्वार की ओर से आने वाले कांवडियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शिविर में नि:शुल्क जलपान आदि सेवा की गई। इस दौरान जरूरतमंदों को कंबल का वितरण भी किया गया। कंबल प्राप्त करनेवालों में कशमीरी, सरेस, सरेशो, अतरकली, सुखिया, चमेली, सरेशवती, सुदेश, बाबूराम, रोहताश आदि रहे। कांवड सेवा शिविर के आयोजन में सेवानिवृत्त एडीओ भारतवीर सिंह, सर्वेन्द्र उर्फ मिन्टू राठी, जितेन्द्र दीवान, सोहनवीर सिंह, अमित कुमार, राजीव राठी, नताशा चौधरी, वैभव कुमार, सोनम आदि उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम सारंग चौधरी से बदलकर तेजस चौधरी रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को तेजस चौधरी के नाम से ही जान व पहचाना जाये।

**अमित चौधरी**
**पुत्र सुक्रमपाल सिंह**
**निवासी-1358 चौधरी चरण सिंह कालोनी, दक्षिणी सिविल लाईन, मुजफ्फरनगर।**

## सूचना

यह कि मेरे पुत्र का जन्म 02/08/2022 को विमला मेमोरियल हॉस्पिटल मुज़फ्फरनगर में हुआ था। जानकारी न होने के कारण बच्चे का नाम अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का नाम अब्दुल बाकी (ABDUL BAQI) है, भविष्य में मेरे पुत्र को अब्दुल बाकी नाम से ही जाना जाएगा।

**'द्वारा'**
**मो. आरिफ**
**निवासी - 1415/बी साउथ खालापार थाना खालापार जनपद मुज़फ्फरनगर**
**मो.9267343434**

# पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश को किया लंगड़ा

**पुलिस ने बदमाशों से अवैध असलाह और बाइक बरामद की**

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रतनपुरी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी, पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर बदमाश को दबोच लिया। वही पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह और एक बाइक बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने बदमाशों से कड़ी पूछताछ करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये बदमाश पर आपराधिक मुकदमे दर्ज है। तीन दिन पूर्व उक्त बदमाशों ने सथेडी गांव के एक किसान पर फायरिंग कर उसे घायल कर दिया था। तभी से पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी थी।

शनिवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो शातिर बदमाश गांव गोयला रोड से होते हुए किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने जा रहे है।

मुखबिर की सूचना को गंभीरता से लेते हुए रतनपुरी पुलिस ने खतौली बुढ़ाना रोड गोयला गांव के समीप वाहन चौकिंग अभियान चलाना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस को एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते हुए दिखाई दिए। जिन्हे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए गोयला के जंगल में घुस गये। जिसके बाद पुलिस ने जंगल की चारों तरफ से घेराबन्दी करा दी, और बदमाशों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इसके बाद पुलिस ने मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश आकाश को लंगड़ा और दूसरे को जंगल में कांबिंग कर दबोच लिया, पुलिस पूछताछ में बदमाश के कब्जे से अवैध असलाह, वह एक बाइक पुलिस ने बरामद की है। इंस्पेक्टर तेज सिंह ने बताया की पकड़ा गया बदमाश आकाश पुत्र रविंद्र गांव नसीर पूर थाना बुढ़ाना और अमन पुत्र मीर हसन निवासी गांव नसीरपूर बुढाना का निवासी है। उक्त बदमाश शातिर अपराधी है, जो गिरोह बनाकर आपराधिक घटना को अंजाम देते है। उक्त बदमाश पर आपराधिक मुकदमे दर्ज है। इंस्पेक्टर ने बताया की पकड़े गए बदमाशों ने गांव सठेड़ी तीन दिन पूर्व किसान प्रवीन कुमार पुत्र पदम पर फायरिंग कर उसे घायल कर दिया था। इस दौरान बदमाश अपने साथी के साथ फरार हो गए थे। रतनपुरी पुलिस ने घायल किसान प्रवीन कुमार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी थी। जिसमे से पुलिस ने शनिवार को दो बदमाशों को मुठभेड़ में दबोच लिया है। वही पुलिस ने बदमाशों से कड़ी पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।

# 98 जोड़े धार्मिक रीति रिवाज से शादी के बंधन में बंधे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बघरा ब्लॉक परिसर में पांच ब्लॉकों 98 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें इन जोड़ों का विवाह हिंदू व मुस्लिम परंपरा के अनुसार कराया गया।

बलॉक प्रमुख गौरव पंवार कहा कि यह मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें गरीब और असहाय परिवारों की बेटियों की शादी धूमधाम से कराई जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए सभी व्यवस्थाएं करती है। इस दौरान इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सहित विकास खंडों से आए अधिकारियों व कर्मचारियों ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर बघरा बलॉक , शाहपुर, बुढ़ाना, पुरकाजी व चरथावल के प्रत्येक जोड़े के लिए सरकार की ओर से दस हजार रुपये का दहेज का सामान, 35 हजार रुपये का चेक, तथा प्रत्येक जोड़े के परि. जनों के लिए खाने का भोजन छह हजार रुपये की व्यवस्था की गई। सामूहिक विवाह उत्सव को देखने के लिए अनेक लोग मौजूद रहे। विवाह के दौरान वरमाला तथा सात फेरे व निकाह की रस्में भी पूरी की गई। इस दौरान बघरा ब्लॉक प्रमुख गौरव पवार, बीडीओ बघरा प्रवीण कुमार, बीडीओ शाहपुर राजीव कुमार, बघरा ग्राम प्रधन प्रवीण कुमार सैनी, नीरज प्रधन, रोबिन कश्यप, उधम सिंह समाज कल्याण, अलीमुद्दीन एडीओ पंचायत, मो. आसिपफ, शबी हैदर जैदी, समस्त विकास खंड से आए एडीओ समाज कल्याण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शबी हैदर जैदी ने किया।



## मुठभेड़ में पुलिस की दिखाई दी बड़ी चूक

# बदमाशों के हाथों में थे तमंचे पुलिस ले रही थी तलाशी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रातपुरी पुलिस ने किसान पर किए गए जान हमले में दो बदमाशों को दबोच कर एक बदमाश को गोली मार कर वाहवाही लूटी रही है, लेकिन इस मुठभेड़ में रतनपुरी पुलिस की बड़ी चूक भी देखने को मिली जहां पुलिस ने 2006 के बाद एक बार फिर से लापरवाही दोहराते हुय मुठभेड़ पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बता दे कि वर्षो पूर्व पुलिस की इसी लापरवाही के चलते खतौली के पूर्व कोतवाल शहीद हो गए थे जिसका खामियाजा खाकी आजतक भुगत रही है।

शनिवार को रतनपुरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार दिन पूर्व सठेड़ी निवासी किसान प्रवीण पर फायर झोंक कर जान लेवा हमला करने वाले कार सवार दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया जिसमे पुलिस ने एक बदमाश के दोनों पैरों में गोली मारकर लगड़ा कर दिया था। जहां रतनपुरी पुलिस इस मुठभेड़ में अधिकारियों से वाहवाही लूटी रही है वही इस मुठभेड़ में रतनपुरी पुलिस बड़ी चूक कर गई। बता दे कि जिस समय पुलिस ने बदमाशों को मुठभेड़ में दबोचा था तो दोनों बदमाश जमीन पर लेटे हुय थे और पुलिस उनकी जेबो की तलाशी लेकर अवैध हथियारों की तलाश कर रही थी तो उस समय पुलिस को दोनों बदमाशों के हाथों में लोडिंग तंमचे नही दिखाई दिए जैसे ही पुलिस ने बदमाशों की जेबों की तलाशी लेकर पीछे हटी तो तब पुलिस को दोनों बदमाशों के हाथों में तमंचे दिखाई दिए जिन्हें देख पुलिस के होश उड़ गए आनन-फानन में पुलिस ने बदमाशों से दोनों लोडिंग तमंचे कब्जे में लिए। रतनपुरी पुलिस की इस बड़ी चूक ने खतौली में नावला कोठी पर खाकी की लापरवाही को एक बार फिर से याद दिला दिया जिसकी याद आते ही खाकी के रोंगटे खड़े हो गए। बता दे कि यह घटना 2006 में नावला कोठी पर हुई थी जिसमें जब खतौली पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़े गए दो बदमाशों को तलाशी के बाद खतौली से मुजफ्फरनगर जेल में डालने के लिए ले जा रही थी लेकिन जैसे ही खतौली पुलिस और खुद 2006 के कोतवाल उदयप्रताप सिंह नावला कोठी पर पहुँचे थे तो गिरफ्तार किए गए एक बदमाश ने अपने पैरों से तमंचा निकाल कर कोतवाल उदतप्रताप सिंह को गोली मार दी थी जिसमें कोतवाल शहीद हो गए थे। ऐसी ही गलती रतनपुरी पुलिस ने दोबारा दोहराते हुय कई पुलिस कर्मियों की जान को खतरे में डाल कर इस मुठभेड़ पर सवालिया निशान खड़े कर दिए है।

## पति से लड़ झगड़कर खाया जहर

**बुढाना।** कस्बे के मौहल्ला खाकरोबान निवासी 25 वर्षीया गुलिस्तां पत्नी नसीम उस्मानी शनिवार के दिन मोबाइल फोन पर बाहर काम पर गये हुए अपने पति नसीम से बातचीत कर रही थी कि ना जाने कुछ ही देर बाद दोनों में किसी मामूली सी बात पर झगड़ा हो गया और गुलिस्तां ने फोन काटकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर ससुरालियो में अफरा तफरी मच गयी और उन्होंने महिला को आनन फानन में बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर उसको चिकित्सकों ने मेरठ हस्पताल के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दे दी गयी थी। परिजनों ने पति और गुलिस्तां के परिजनों को भी घटना की सूचना फोन पर दे दी थी। कीटनाशक दवाई का सेवन किस बात पर किया ये पता नहीं लग पाया था।

# महिला के फोटो वायरल करने की युवक दे रहा धमकी

**भोपा।** पड़ोसन के घर गयी महिला के फोटो युवक ने चतुराई से अपने मोबाइल से खींच लिए। जिसके बाद युवक ने फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी देकर महिला का मान. सिक उत्पीड़न शुरू कर दिया है।युवक की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की फरियाद पुलिस से लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव निवासी महिला ने थाने आकर बताया कि वह चार बच्चों की मां है और उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। आरोप है कि लगभग दो माह पूर्व वह पड़ोसन के घर पर बैठी थी। तभी पड़ोसन का रिश्तेदार युवक वहां आया और उसके पास आकर बैठ गया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान युवक ने धोखे से उसके साथ कुछ फोटो खींच लिए जिस पर उसने एतराज जताया तो आरोपी युवक ने फोटो डिलीट करने का बहाना बना दिया। महिला ने आरोप लगाया कि अब आरोपी युवक आते जाते उसका पीछा करता है और फोन पर बात करने का दबाव बनाता है।

जब वह उससे बात करने से इनकार करती है तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया कि आरोपी ने उसके कुछ आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए है जिससे उसकी बदनामी हो रही है। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की फरियाद लगाई है।

## ईओ ने हटवाया अतिक्रमण तो मचा हड़कम्प

**बुढ़ाना।** डीएम के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य मार्गो एवं मेन बाजार से अतिक्रमण हटवाया गया। नगर पंचायत ने जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन व नायब तहसीलदार अमन कुमार के निर्देशन में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर के मुख्य मार्गो व मेन बाजार से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। अभियान में अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना भी वसूल किया गया और चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में वे सब अतिक्रमण करते पाये गये तो उनके विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ लिपिक सतीश कुमार, सुमित शर्मा, शाहआलम और सुधीर कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अभियान से अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों में जबरदस्त हडकम्प मचा रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़छाड़ के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोरना।** थाना ककरौली क्षेत्र के गांव टंढ़ेड़ा निवासी एक महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके बच्चों का पड़ोसी बच्चों के साथ विवाद हो गया था। वह उन्हें छुड़ाने के लिए गई तो गांव निवासी व्यक्ति ने पहले उसके पुत्र के साथ मारपीट की। बाद में उसके साथ भी मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना पुलिस ने बताया कि गांव टंढ़ेड़ा निवासी युवक प्रवीण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### मुठभेड़ में अमित का हत्यारा गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहडब्बर के अमित वाल्मिकी के हत्यारे छविंद्र उर्फ मच्छर को बुढ़ाना पुलिस ने कुल दो दिन में ही एक मुठभेड़ को दौरान गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार बीती 19 फरवरी को गांव शाहडब्बर के निवासी अमित वाल्मिकी पुत्र ब्रह्म का खून से सना शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर एक बिटोडे के पास पड़ा हुआ मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजने के बाद अमित के हत्यारे की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें खंगाली तो उसमें दिखा कि गांव का छविंद्र वाल्मिकी उसको उसके घर से लेकर जा रहा है और फिर कुछ ही देर बाद अकेला आता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना के बाद से ही छविंद्र अपने घर से गायब था तो पुलिस को भी पूरा यकीन हो गया था कि अगर छविंद्र पकड़ा जाए तो केस खुल सकता है। तब बुढ़ाना पुलिस को बीते शुक्रवार की देर रात किसी खास मुखबिर से एक सटीक सूचना मिली कि छविंद्र पुलिस की डर की वजह से भसाना के जंगलों में छिपा बैठा है। तब पुलिस ने बताए हुए स्थान को घेरकर फिल्मी स्टाइल मे छविंद्र को सरेंडर करने को कहा तो उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी तब पुलिस ने अपना बचाव करते हुए छविंद्र के पैर में गोली मारकर छविंद्र को दबोच लिया। पुलिस टीम का नेतृत्व सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने किया। टीम में कोतवाल आनंद देव मिश्र, एसएसआई ललित शर्मा व कस्बा इंचार्ज ललित कसाना आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### राकेश टिकैत ने भाकियू के नये कार्यालय का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत शनिवार की दिन अचानक से बुढ़ाना पहुंचे। जहां पर उन्होंने कस्बा बुढ़ाना के पुलपार मदनलाल हास्पिटल के समीप स्थित भाकियू के निर्माणाधीन कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया और पदाधिकारी व सदस्यों से बातचीत की। कार्यालय की नींव मजबूत और भूमि की सीमा में ही हो। भूमि की गहराई का भराव बहुत ही अच्छी तरीके से करवाएं। इस कार्यालय को बनाने मे किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। इस दौरान उन्होंने भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, जिंदा संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, ब्लाक अध्यक्ष सुधीर सहरावत प्रधान और नगर अध्यक्ष मोहम्मद इसरार से संगठन के संबंध में बातचीत की और कहा कि वे इस कार्यालय में समय समय पर आते रहेंगे। सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मिलजुल कर संगठन को मजबूत करने का काम करें। उनको सभी ने यह भी बताया कि बजाज शुगर मिल किसानों को अब तक भी पिछला पूरा पेमेंट नहीं कर पाया है। किसानों को बहकाने का काम किया जा रहा है। जिस पर उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में मिल के उच्चाधिकारियों से बात करेंगे और किसानों को उनके गन्ने का बकाया पैमेंट दिलाने का पूरा प्रयास करेंगें।

### युवक के डेबिट कार्ड से एक लाख की ठगी

**तितावी।** साइबर शातिरों ने युवक के क्रेडिट व डेबिट कार्ड से एक लाख रुपये से अधिक की ठगी करने का करने काम मामला सामने आया है। पीड़ित ने तितावी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तितावी थाना क्षेत्र के गांव पीपलशाह निवासी अनुज कुमार पुत्र नेत्रपाल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके डेबिट कार्ड से 29591 रुपये की शॉपिंग की गई। जिसका पीड़ित तो 8 फरवरी को पता चला। उसने बताया कि उसके बाद मोबाइल पर 12 फरवरी को क्रेडिट कार्ड का बिल 38900 का मैसेज आया। उसने बताया कि इसके बाद क्रेडिट कार्ड का बिल 59675 का मैसेज आया। उसने बताया कि तीनों कार्डों से 128166 रुपये की ठगी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### श्रद्धालु हुए महाकुंभ के लिए रवाना

**भोपा।** गांव भोपा से दर्जनों श्रद्धालु बस में सवार होकर महाकुंभ मे संगम स्नान के लिए रवाना हुए हैं। जाने से पूर्व श्रद्धालुओं ने शीतला माता मंदिर पर पूजा-अर्चना भी की और जय श्रीराम का जयकारा किया।

भोपा से शनिवार को दर्जनों श्रद्धालु महाकुंभ के लिए रवाना हुए। पंडित अंकित शर्मा, सोनू शर्मा और राकेश वालिया ने बताया कि भोपा तथा आस-पास के गांव कादीपुर,करहेड़ा आदि के लगभग पचास महिला-पुरुष श्रद्धालु महाकुंभ संगम स्नान के लिए रवाना हुए। महाकुंभ के साथ ही अयोध्या तीर्थ नगरी में भी श्रीराम मंदिर दर्शन को जाएंगे। शनिवार शाम को चलने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से शीतला माता मंदिर पर पूजा-अर्चना की।

# प्राथमिक विद्यालय नावला में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शनिवार को प्राथमिक विद्यालय नावला में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खतौली एसडीएम मोनालिसा जौहरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।

सर्वप्रथम छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। इसके उपरान्त छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य, नाटक, संगीत और कविता पाठ जैसी शानदार प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह भर दिया। विद्यालय प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार अग्रवाल, नरेन्द्र त्यागी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने कक्षा में तथा खेल तथा उपस्थिति में प्रथम आने वाले बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देववीर सिंह, नोडल संकुल शिक्षक कुलदीप जैन, प्रधानाध्यापक सिद्धार्थ रघुवंशी व समस्त स्टाफ ने सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम का समापन ग्राम प्रधान अनुज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में राजीव शर्मा,दिनेश त्यागी, श्रीनिवास त्यागी आदि गणमान्य ग्रामवासियों ने भी ने आकर कार्यक्रम सुसज्जित किया।



कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संजीव बालियान , प्राथमिक संघ जिलाध्यक्ष बालेन्द्र कुमार, प्राथमिक संघ ब्लॉक अध्यक्ष पूनम सिंह,पूर्व महिला संघ जिलाध्यक्ष वंदना बालियान,कपिल पंवार,विक्रांत, सुजाता, चंद्रकांत, विपिन, सोविंदर, अमित, राजदीप, सुकेश, विकाश, अनीता राठी , संगीता आदि अन्य स्कूलों के अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रेणु, रितु राठी, नीतिम, रितम, सचिन, संगीता,मीनाक्षी, कौसर, अवंतिका आदि स्टाफ के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## 254 बकाएदार के कनेक्शन काटे, साढ़े 16 लाख की हुई राजस्व वसूली

**बुढ़ाना।** काफी दिनों से बकायेदार और बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शनिवार के दिन 254 बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इस संबंध में स्थानीय विद्युत निगम के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बताया की बकाएदार उपभोक्ताओं से साढ़े 16 लाख रूपये का राजस्व वसूला गया है। बकाएदारी में 254 बडे बकाएदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। शनिवार को साढ़े 16 लाख रूपये का राजस्व उपभोक्ताओं से वसूल किया गया। 106 बकाएदार उपभोक्ताओं ने बिल जमा करवाने के लिए पंजीकरण करवाया। एकमुश्त समाधान योजना आगामी 28 फरवरी तक के लिए ही लागू की गयी है। इस योजना के अंतर्गत बकायादार अपना बिल जमा करवाकर छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकालकर किया जागरूक

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शनिवार को विद्योत्तमा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंगधाडी खतौली में एन एस एस अधिकारी डॉक्टर कविता वर्मा के नेतृत्व में चल रहे सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पां. चवें दिन छात्राओं ने गांव यहीयापुर में जाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा पर्यावरण प्रदूषण के विषय में रैली के माध्यम से नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। एन एस एस अधिकारी डॉक्टर कविता वर्मा ने छात्राओं को साफ सफाई रखने के महत्व बताएं की हमें अनेक बीमारियों से बचने के लिए अपने शरीर को तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है।सभी छात्राओं ने भोजन, जलपान आदि की व्यवस्था कर सभी को भोजन कराया। तथा अपने आसपास की सफाई की। तत्पश्चात छात्रों ने घर-घर जाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाकर वहां के लोगों को जागरूक किया की बेटियां बेटों से कम नहीं है अत: हमें बेटी और बेटे में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटी को भी बेटे की तरह सम्मान दे वह उसकी शिक्षा पर ध्यान दें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इकाई दो कि सभी छात्राएं रशिम गौतम, सुलक्षणा आर्य ,रीना चौधरी, शिवानी, संजीव शर्मा, विमला शर्मा,शकुंतला ,सुनीता, कमलेश आदि का विशेष सहयोग रहा।




# घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए रुकवाया निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** क्षेत्र के ग्राम निर्धना मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप लगाते हुए किसान नेता व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान के नेतृत्व में समाजस. ेवी उस्मान,एजाज आदि ग्रामवा. सियों ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

दरअसल मुजफ्फरनगर जनपद के थाना चरथावल क्षेत्र में निर्धना मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है।शनिवार को किसान नेता व त्यागी भूमिहार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष काला प्रधान के नेतृत्व में समाजसेवी उस्मान,एजाज आदि ग्रामवासियों ने निर्माण कार्य को हंगामा करते हुए रुकवा दिया।ग्रामवासियों का कहना है सड़क निर्माण में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा जा रहा है जिस कारण सड़क टूट जाएगी।



# कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ का चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश परिवार कल्याण सांख्यिकीय सेवा संघ के जनपद स्तरीय कार्यकारिणी का गठन रेड क्रॉस सभागार में चुनाव अधिकारी डा0 प्रशान्त कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और चुनाव पर्यवेक्षक संजीव लाम्बा , डिप्लोमा फार्मासिस्ट के अध्यक्ष रोहित चौधरी मंत्री मनोज त्यागी व लिपिकीय संवर्ग के जिला अध्यक्ष पाकेश कुमार द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर आदरणीय डॉ सुनील तेवतिया के निर्देशन में चुनाव संपन्न कराया गया। कार्यकारिणी में अध्यक्षआनन्द कुमार अपर शोध अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, ,उपाध्यक्ष हर्षवर्धन पुरकाजी, महामंत्री विनीत कुमार खतौली ,संयुक्त मंत्री दीपक कुमार तोमर सहायक शोध अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार शाहपुर ,ऑडिटर पीयूष गर्ग बुढाना चुने गए । उक्त कार्यक्रम में दीपक कुमार,रवि कुमार,सरगम सक्सेना, नरेश कुमार, शिवराज, सौरभ आदि उपस्थित रहें।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीपैक्स समिति ऊन में दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बीपैक्स समिति ऊन में दिनदहाड़े चोरों ने लाखों रुपए की चोरी कर ली चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई सुबह जब समिति पर कर्मचारी पहुंचे तब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे बंद पाए तथा कैश भी नहीं मिला इसके बाद समिति के एमडी ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की तथा सीसी टीवी फुटेज कब्जे में ली पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

ऊन ब्लॉक में स्थित बी पैक्स समिति पर शुक्रवार सुबह करीब 7:00 बजे अज्ञात चोर द्वारा कर्मचारी के मकान से समिति कार्यालय की ताली चुराकर ताला खोलकर कार्यालय के अंदर अलमारी में रखी करीब 239000 की नकदी चोरी कर ली सुबह जब कर्मचारी समिति पर आए तब उन्हें सीसीटीवी कैमरे व इनवर्टर बंद मिला उसके बाद अलमारी में कैश भी नहीं मिला इसके बाद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें एक युवक ताला खोलकर समिति के अंदर घुसता हुआ दिखाई दिया उसके बाद उसने सीसीटीवी बंद करने के लिए इनवर्टर बंद कर दिया तथा कैश लेकर फरार हो गया फुटेज में एक अन्य युवक भी संधिग्ध की अवस्था में दिखाई दे रहा है समिति के एचडी मोनू कुमार सभापति गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच कर कब्जे में ले लिया तथा चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

समिति पर तैनात कर्मचारी जहीर समिति के पीछे बने क्वार्टर में रहता है उसी के पास समिति कार्यालय की चाबी रहती है जहीर ने बताया कि उसने कमरे में चाबी रखी हुई थी तथा वह अपने कमरे की चाबी बंद कर बाहर छुपा कर रख कर अपने खेत पर चला गया था उसके बाद उसके कमरे की चाबी उठाकर चोरों ने कमरे में से समिति कार्यालय की चाबी चुरा ली तथा घटना को अंजाम दे दिया इस प्रकरण में पुलिस को कुछ अहम सुराग भी लगे हैं पुलिस दो संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ कर रही है।

# स्लोगन प्रतियोगिता में शुभ कुमार व सागर कुमार को मिला प्रथम पुरुस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थाना भवन में भारत मानक ब्युरौ द्वारा एक पोस्टर बनाने एवम स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विज्ञान वर्ग के लगभग 35 छात्रों ने जो की भारत मानक ब्युरौ में सम्मिलित हैं भाग लिया।

इन सभी छात्रों में से दो छात्रों शुभ कुमार और सागर कुमार को प्रथम पुरस्कार नकद 1000 रूपए परमजीत और सचिन कुमार को द्वितीय पुरस्कार नकद 750 रूपए तथा आदित्य और अजीम को तृतीया पुरस्कार नकद 500 रूपए दिया गया। ज्ञान साधन प्रसार अधिकारी सचिन प्रताप ने भारत मानक ब्यूरो तथा विभिन्न उत्पादों संबंधित जानकारी बच्चों को दी तथा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता को परखने तथा असली नकली की पहचान करने के लिए भारत मानक ब्युरौ की ऐप के बारे में बताया कि किस तरीके से हम भारत मानक ब्युरौ एप्लीकेशन के द्वारा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं इसी के साथ ही प्रधानचार्य




थानाभवन। स्लोगन प्रति. में विजयी प्रतिभागी।

चंदेश्वर प्रसाद द्वारा भारत मानक ब्युरौ के विषय में बच्चों को विशेष जानकारी दी गई। भारत मानक ब्युरौ के मेंटर प्रवक्ता प्रेम प्रकाश द्वारा विद्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उन्होनें बच्चों को भारत मानक ब्युरौ के बारे में विशेष जानकारी देते हुए टीम के साथ मिलकर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं का नाम घोषित किया तथा विजेता छात्रों को प्रधानाचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया एवम अन्य छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए पुरस्कार के रूप में एक नोटबुक,रजिस्टर तथा दो पेन दिए गए इसी के साथ सभी बच्चों रिफेशमेंट के रूप में जूस, चॉकलेट, बिस्कुट,केक, केला, सेब आदि दिया गया। कार्यक्रम में अन्य शिक्षक क्रमश लवलेश कुशवाहा, कृष्ण मोहन शुक्ला , नकुल पाराशर , विपुल शुक्ला , आदिल खान ,लोकेश कुमार , मनोज कुमार शर्मा ,एवम प्रमिला ,नितिका ,कोमल ,सोनिया आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## चौसाना से लक्ष्मीपुरा मार्ग पर खड़ंजे का कार्य रुका

**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा के नदी वाले सेक्टर पर खड़ंजा लगाने का कार्य जारी था, लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्धारित 3।5 गट्टे का सेक्टर अब मौके पर कम नजर आ रहा है। इसी बीच, खेत की नापजोख को लेकर चल रहे विवाद के कारण कार्य कई दिनों से बाधित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, अशरफ अली पुत्र नगीना ने अपने खेत की नापजोख को लेकर दो-तीन दिनों से लगातार खड़ंजा कार्य रुकवा रखा है। आज एक बार फिर उन्होंने काम बंद करवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अशरफ अली ने सेक्टर की जमीन पर कब्जा कर रखा है और उसे खाली करने से साफ इनकार कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों ने चौसाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया और आश्वासन दिया कि कल पटवारी को बुलाकर भूमि की पैमाइश कराई जाएगी, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, खड़ंजा कार्य रुका हुआ है और ग्रामीण इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

# चौसाना पहुंची पीडीए यात्रा, 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार 27 जनवरी से लगातार चल रही पीडीए ( पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक ) यात्रा चौसाना में पहुंची। इस अवसर पर इमरान राना, प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी, के कैंप कार्यालय पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के कई सम्मानित साथियों ने भाग लिया।

इस बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में पीडीए सरकार बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए इमरान राना ने कहा कि यह यात्रा समाज के पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को एकजुट करने और उनके हक व अधिकारों की रक्षा के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सपा की नीति हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की रही है, और 2027 में प्रदेश में फिर से एक जनहितकारी सरकार बनाई जाएगी।

बैठक में विशेष रूप से मुजम्मिल, कदीर, रिंकू, अबरार, हसन प्रधान, मुरसलीन, कारी नसीम साहब, सोनू, विकास सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और जन-जन तक इस यात्रा का संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर अपने समर्थन का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल संगठन को मजबूत करेगी बल्कि जनता के मुद्दों को उजागर कर, सपा की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

## एक नजर

### झूठा निकला वायरल वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डीजे के बाद शादी में गए लड़के की मौत की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमे आलिमों की तोहीन कर डीजे बजाने को लेकर शादी में गए युवक की मौत होना बताया। जबकि दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ति की मौत हुई थी। वायरल वीडियो के बारे में खुफिया विभाग ने भी पड़ताल की, लेकिन मामला कुछ और निकला। शादी में गया दूल्हा सुरक्षित है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें वीडियो बनाने वाले युवक ने कहा कि शादी में डीजे बजाने को लेकर कस्बे में गत माह मीटिंग हुई थी, जिसमे सभी इमाम ने कस्बा तथा देहात में अगर किसी के यहां शादी में डीजे या आतिशबाजी की गई तो कोई भी इमाम या मौलवी उसका निकाह नहीं पढ़ाएगा। युवक ने कहा कि कस्बे की बस्ती चंदनपुरी में आई एक बारात के लोगों ने धोखे से इमाम से निकाह पढ़वा लिया तथा बाद में डीजे पर नाच गाना और आतिशबाजी की। अगले दिन इसी परिवार के युवक की बारात पानीपत गई थी, जिसमे आलिमों की बेइज्जती करने पर युवक की सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई। पड़ताल करने पर पता चला कि दूल्हा की साथ कोई दुर्घटना नहीं हुई। हालाकि पड़ोस के रहने वाले यूनुस की कैराना रोड गांव गोगवान के निकट बाईकों की भिड़ंत हो गई थी, जिसमे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि हमें इस तरह की किसी वीडियो की कोई जानकारी नहीं है।

### अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआरी अहसान पुत्र इब्राहिम निवासी मौहल्ला तलाही कस्बा व थाना झिंझाना को सट्टा लगाते हुए नकदी 4480 रूपए एवं पर्चा सट्टा गत्ता व पैन्सिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालानी कार्रवाई की है।

### कथाव्यास महाराज ने किया प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में सहारनपुर से पधारे कथाव्यास मनोज जी महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा करने के लिए प्रभु अवतार लेते हैं। विप्र-धेनु सुर-संत आदि सभी प्राणी प्रभु के अवतार से सुखी हो जाते है। रावण कंस जैसे अत्याचारीयों का अन्त करने के लिए कभी राम कभी श्याम बनकर प्रभु मानव लीला करते है। तपस्या करने से भगवान खुश होते है। गौमता की कृपा से वंश की वृद्धि होती है।

महाराज जी ने कहा कि
आंसू से गोविन्द मिलता है!
आंसू से ही मन खिलता है!!
अश्रुधारा की शक्ति से
त्रिभुवन का स्वामी हिलता है!!

गौपालन करने वाले मनुष्य भगवान कृष्ण को बहुत अच्छे लगते है! कथा प्रसंग को आगे बढाते हुए महाराज जी ने कृष्ण जन्म की सुन्दर कथा सुनाई !

हाथी घोडा पालकी
जय कन्हैयालाल की
नन्द के आनन्द भयो
जय कन्हैयालाल की
जयघोष से सारा वातावरण कृष्णमई हो गया।

### रमजान व होली पर्व को लेकर की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना प्रांगण में रमजान तथा होली को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने त्योहार को शांति पूर्वक मानने की अपील की। किसी भी तरह का हुड़दंग, दंगा करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। शनिवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा की आने वाले रमजान तथा होली के त्योहारों में कोई किसी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नही किया जाएगा। हुड़दंग करने वालो के खिलाफ पुलिस की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने दोनो समुदाय के लोगो से कहा कि आप सब समझदार तथा जिम्मेदार लोगों का दायित्व बनता है की ऐसे लोगो की जानकारी पुलिस को दें जो त्यौहार में विघ्न डालने की मंशा रखते हों, जिस पर समय रहते पुलिस उनके खिलाफ कार्यवाही कर सके। मंदिरों तथा मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, कारी इरशाद, हाफिज अय्यूब, शेर सिंह, मुकीम, आलमगीर सभासद, नदीम खान, महबूब अली, असलम मालिक सहित कस्बा व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फेयरवेल पार्टी में छात्र छात्राओं ने मचाया धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के चेयरमैन दिग्विजय राणा और प्रधानाचार्य पूजा राणा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा सात की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत से किया गया। उधर छात्रों के द्वारा हिप-हॉप डांस की शानदार प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया गया। इसके बाद छात्राओं ने खूबसूरत लोक नृत्य को पेश किया।

आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हें को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया। फेयरवेल पार्टी में




थानाभवन। फेयरवेल पार्टी में सम्मानित छात्र-छात्राएं।

सातवीं एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति शाम के तीन बजे तक जारी रही।

कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य, नृत्य, गीत, एकांकी और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले कार्यक्रम शामिल रहे। बच्चों ने हर कार्यक्रम को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया तथा दर्शकों की वाहवाही बटोरी। प्रधानाचार्य पूजा राणा ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो- उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो। उस विचार से अपने मस्तिष्क, पेशियों, कोशिकाओं, शरीर के हरेक भाग को उससे भरने दो और दूसरे अन्य विचारों को अकेला छोड़ दो। यही सफलता का रास्ता है। प्रवंधक दिग्विजय राणा ने आठवीं के छात्रों को उपहार भेंट किए।

# वेल्डिंग मिस्त्री की अचानक मौत





मृतक का फाइल फोटो व रोते बिलखते परिजन। छाया शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले चार महीनों से बिहार में कार्य कर रहे वेल्डिंग मिस्त्री की अचानक मौत हो गई। देर रात्रि ठेकेदार मिस्त्री के शव को लेकर गांव पहुंचा और बीमारी के चलते मौत होने की बात कहकर फरार हो गए। शनिवार सवेरे ग्रामीणों और परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और मुआवजे की मांग की। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव टिटौली निवासी 37 वर्षीय अमरपाल उर्फ कल्लू पुत्र नयन सिंह गत चार माह पूर्व ठेकेदार जोगिन्द्र के साथ बिहार के जिला बरौली क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में वेल्डिंग का काम करने के लिए गया था। मृतक अमरपाल की पत्नी सुरेश देवी ने बताया कि गुरूवार को उसके पति की फोन पर बात हुई थी वह बिल्कुल ठीक थे, लेकिन शुक्रवार को अचानक ठेकेदार का फोन आया कि उसकी तबीयत खराब है और अस्पताल में भर्ती है। थोडी देर बाद ही उसने पति की मौत की जानकारी दी। बताया कि रात्रि करीब एक बजे वह एम्बुलेंस लेकर पहुंचा और अमरपाल का शव देते हुए अस्पताल में उपचार के कागजात देकर फरार हो गया। शनिवार सवेरे होने पर परिजनों व ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार दिया और हंगामा किया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से वार्ता कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आर्थिक सहायता प्रदान कराने की मांग पर अडे रहे। जिसके बाद नायाब तहसीलदार उमेश कुमार मौके पर पहुंचे और प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता प्रदान कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शांत हुए और अमरपाल के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# शतरंज में दिखाई प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के मंदिर ठाकुरद्वारा में भारत विकास परिषद अमृत शाखा द्वारा दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन विभिन्न संस्थाओं के खिलाडियों का तीन राउंड में खेल संपन्न हुआ है। शनिवार को शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ एनसीआर क्षेत्र के सविच विनीत संगल व संस्थापक पाल गोयल ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिसमें तीन राउंड हुए। पहले राउंड में राहुल वर्मा व दीपक वशिष्ठ, अमित कुमार तीन तीन अंक लेकर आगे बढत बनाए हुए है। दूसरी राउंड में अर्पित सैनी, प्रांजल शर्मा दो-दो अंकों के साथ पीछे रहे। पहले दिन लायंस क्लब शामली क्राउन, भारत विकास परिषद सहित कई संगठनों ने पदाधिकारियों ने शतरंत प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन सचिन सैनी, पंकज अग्रवाल, खजांची, अर्जुन वर्मा, संजीव कश्यप, विक्रांत भार्गव, राजेश चौधरी, वैभव प्रकाश गोयल, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।

# शरीयत के मुताबिक गुजारें जिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** करीबी ग्राम सीरवासुचंद में वाका मदरसा शमशुल उलूम के जेर ए एहतमाम एक इस्लाही इजलास ए आम का इनएकाद किया गया। जिसको खिताब करते हुए मेहमान ए खुसूसी मुफ्ती वसीम अहमद मेरठी ने कहा कि अल्लाह रब्बुल इज्जत ने इंसानों की हिदायत के लिए अम्बिया अलैहिस्सलाम को जमीन पर भेजा और जब सबसे आखिर में हजरत मौहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को रसूल बनाकर और नबूवत की आखिरी मोहर लगाकर दुनिया में मबऊस फरमाया और इंसानों की हिदायत के लिए यही आखिरी दीन व शरीअत है, जिसके मुताबिक जिंदगी बशर करना जरूरी है।

मुफ्ती वसीम अहमद ने आगे कहा कि इस्लामी तालीमत का मकसद दिलों की गंदगी को साफ करना और अल्लाह की वहदानियत का इकरार करना है और बन्दा यह



भी इकरार करे के जो कुछ भी होता है सब अल्लाह की जानिब से होता है। उसकी इताअत व फरमाबर्दारी करें और यह भी यकीन करें के चांद, तारे, सूरज, जमीन व आसमान समेत पूरी कायनात को उसी ने तखलीक किया और वहीं कायनात के निजाम को चलाता है और वही सबका रब है। इन्होंने कहा के इस दीन को हम तक पहुंचाने के लिए अम्बिया ए इकराम और सहाबा ए इकराम ने बड़ी तकलीफ और मुसीबतें बर्दाश्त की। जिसको राह से हटाने और भटकाने के लिए दुनिया भर की तमाम इस्लाम दुश्मन ताकतें मुसलमानों के पीछे लगी हुई है, जो मुख्तलिफ हीले बहानों से नौजवान नस्लों को गलत राह पर चलाना चाहते हैं। ऐ ईमान वालों अगर चाहते हो के आपकी आने वाली नस्लें इस्लाम दुश्मन ताकतों का खिलौना ना बने और अरताद से महफूज रहें, तो नौजवानों को दीनी तालीम दिलाओ।

# नॉनवेज होटलों पर खाद्य विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नॉनवेज होटलों पर खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी की और मौके से सैंपल भी लिए गए। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

खाद्य विभाग की टीम ने कस्बे में स्थित नॉनवेज होटलों पर छापेमारी करते हुए खाने की गुणवत्ता को परखा। साथ ही खाने में मिलाई जा रही खाद्य सामग्री को भी जांचा गया। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने दो नॉनवेज होटलों से सैंपल भी भरे,जिन्हें जांच हेतु लैब को भेजा जाएगा।खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

कस्बे में बड़े पैमाने पर नॉनवेज होटल खोले जा रहे हैं,जहां लजीज व्यंजनों के नाम पर ग्राहकों को घटिया किस्म की क्रीम मिलाकर चिकन परोसा जा रहा है,जबकि होटल संचालक ग्राहकों को अंधेरे में रखकर उन्हें क्रीम के नाम पर मात्र व्हाईट क्रीम नुमा पय पदार्थ परोस रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ नॉनवेज होटल ऐसे भी हैं, जहां ग्राहकों की सेहत के साथ खुला खिलवाड़ किया जाता है और उन्हें बासी खाना तक परोस दिया जाता है,ऐसे में अगर कोई बड़ी घटना हुई तो जिम्मेदार कौन होगा।वहीं चिकन की गुणवत्ता से होटल संचालक पूरी तरह से अनजान है। ग्राहक सिर्फ चिकन समझकर ही उसे खा रहे हैं,चिकन की गुणवत्ता को नजर अंदाज किया जा रहा है। कई स्थानों पर तो अंडों से रिटायर मुर्गियों को लजीज मसलों से तैयार करके ग्राहकों की टेबल पर पहुंचाया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम ने कस्बे में मात्र दो ही नॉनवेज होटलों पर छापेमारी की है,जो ऊंट के मुंह जीरा साबित हुई है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

कस्बे में रूटीन चेकिंग की गई है,फिलहाल दो होटलों से सैंपल लिए गए हैं। अगर खाने मिलावट पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**अनन्त कुमार**
**फूड इंस्पेक्टर कैराना**

## हेपेटाइटिस बी का इंजेक्शन लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला शामली के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर नवजात को हेपेटाइटिस-बी के संक्रमण से बचाने वाला हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन आ गया है। इसे नवजात बच्चों को मुफ्त लगाया जाएगा। डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शामली के द्वारा अवगत कराया गया की हेपेटाइटिस बी से संक्रमित गर्भवती माता से नवजात शिशु को होने वाले संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन भी नि:शुल्क उपलब्ध हो गया है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन इजेक्शन नवजात शिशु के पैदा होने के उपरान्त शीघ्र अति शीघ्र चौबीस घंटे के अन्दर लगाया जाता है।

## सफाई कर्मी को बाइक की टक्कर मारने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाइवे पर सफाई करते जी आर कम्पनी के कर्मचारी को टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पीड़ित के बेटे की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के गांव मवी निवासी सादिक पुत्र शाहिद ने कोतवाली पर तहरीर देकर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।बताया है कि मेरा पिता शाहिद जी आर कम्पनी में कर्मचारी है,जो सड़क निर्माण व सफाई आदि का कार्य करता है। गत 31 जनवरी की प्रात:लगभग नौ बजे मेरा पिता शाहिद नेशनल हाइवे पर सेफ्टी जोन के तहत सफाई कार्य कर रहा था। इसी दौरान सरफराज पुत्र सालिम निवासी ईदगाह कैराना बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार होकर तेजगति से पहुंचा और सफाई कार्य कर रहे शाहिद को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। साथी कर्मचारियों ने गंभीर घायल शाहिद को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया,जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बाद में परिजन उसे लेकर पानीपत के एक निजी अस्पताल में पहुंचे थे,जहां से उसे जनपद करनाल के कल्पना चावला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया था। इस दौरान सफाईकर्मी शाहिद की गले व पैर की हड्डियां टूट गई थीं।उपचार कराने के लगभग 22 दिन बाद पीड़ित के बेटे की ओर से कोतवाली कैराना पर तहरीर दी गई है।

# गुराना प्रतीक्षालय में तोड़फोड़: डॉ. आंबेडकर और डॉ. कलाम की तस्वीरें की क्षतिग्रस्त

## एक सप्ताह के भीतर पोस्टर फाड़ने की दूसरी घटना, बना चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना गढ़ी पुख्ता क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव गुराना स्थित प्रतीक्षालय में अराजक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। प्रतीक्षालय, जिसे वर्तमान विधायक अशरफ अली खान के सौजन्य से बनवाया गया था, का उद्घाटन 13 जनवरी को विधायक अशरफ अली खान द्वारा किया गया था। यह प्रतीक्षालय मानकपुर और भनेड़ा गांव के बीच स्थित है, जो ग्रामीणों के लिए विश्राम स्थल के रूप में उपयोग किया जाता है।

शुक्रवार की देर रात अज्ञात शरारती तत्वों ने प्रतीक्षालय में लगी भारत रत्न डॉ। भीमराव अंबेडकर और पूर्व राष्ट्रपति डॉ। एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। यही नहीं, प्रतीक्षालय की जो दीवारे जो एक फ्लेक्स प्रिंटेड कर बनाई गई है उनको किसी भारी वास्तु से तोडा गया है। तोड़ने के बाद उन पर पान की पीक के निशान भी देखे गए, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। इस घटना के विरोध में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रभात ने थाना गढ़ी पुख्ता में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे घटनास्थल की फोटोग्राफी कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रभात का कहना है लगातार पोस्टर फाड़ने के मामले सामने आ रहे है जिसको लेकर थाना अध्यक्ष को अवगत कराया गया है। इस मामले में भी थाना अध्यक्ष को अज्ञात में तहरीर दी गई है और जल्द उनकी गिरफ्तार कर कार्यवाही करने की मांग की है। वही देखा जाए तो प्रतीक्षालय में लगी भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को हटाए जाने की घटना और मानकपुर में लगे बोर्ड को लेकर हुआ विवाद, दोनों ही घटनाएं एक-दूसरे से महज 300 मीटर की दूरी पर घटित हुई हैं, जिसकी गहराई से जांच होना अति आवश्यक है। और वही प्रतीक्षालय के पास में ही एक खम्बे पर सांसद चंद्रशेखर का भी बैनर लगा हुआ था उसको भी वहां से हटाया गया है।

### सप्ताह के भीतर गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र में हुए ए मामले

गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर दो घटनाएं सामने आईं। पेलखा गांव में दो नाबालिगों ने डॉ। भीमराव अंबेडकर, मायावती और चंद्रशेखर के पोस्टर फाड़कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। वायरल वीडियो में वे पोस्टर पर पेशाब करने की बात कहते नजर आए, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों ने थाने का घेराव कर गिरफ्तारी की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी घटना मानकपुर गांव में हुई, जहां एससी समाज और राजपूत समाज के बीच एक बोर्ड को लेकर विवाद हुआ। राजपूत समाज ने बोर्ड पर लिखे कुछ शब्दों को आपत्ति. जनक बताते हुए इसे हटाने की मांग की। यह मामला बीते एक सप्ताह से चर्चा में है।

# रिश्ता टूटने से नाराज युवक करता रहा पीछा, युवती ने धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा एनएच 58 पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक युवती युवक को पकड़कर उसकी धुनाई कर रही थी। हाइवे पर आने जाने वाले की लंबी कतार लगने से जाम स्थिति बन गई। शनिवार की दोपहर को युवती अपनी मां के साथ कहीं काम से जा रही थी। युवक युवती का पीछा करता हुआ आ रहा था। युवक ने युवती की स्कूटी में टक्कर मार कर गिरा दिया। टक्कर लगने से युवती की मां घायल हो गई। युवती ने युवक को पकड़कर थप्पड़ रसीद कर दिए। युवती ने बताया कि युवती की शादी दी वर्ष पूर्व तय हुई थी। किसी कारण वश युवती ने युवक से शादी करने से इंकार कर दिया। तब से युवक युवती का पीछा करता आ रहा है। जबरन संबध बनाने का दबाव बनाता आ रहा हैं। ओर कहीं रिश्ता होने पर वहां से रिश्ता तुड़वा देता हैं। जिसकी शिकायत कई बार थाना कंकरखेड़ा में कर चुकी हैं।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया। यह संगोष्ठी कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियों पर की गई। जिसमें कई राज्यों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए और जानकारियों को साझा किया। शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार रहे। इस संगोष्ठी में देश भर से विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिक शिक्षक एवं शोध छात्र छात्राओं द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। आरके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सतेंद्र पाल ने बताया कि यह संगोष्ठी एग्रीकल्चर विभाग में पहली बार हुई है। एग्रीकल्चर में जो आजकल नए-नए समस्या और इश्यूज हैं, उन पर डिस्कशन के लिए हैस 'राष्ट्रीय संगोष्ठी' का आयोजन 'कृषि और जीव विज्ञान में वर्तमान मुद्दे और चुनौतियां विषय पर किया गया है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा यंग साइंटिस्ट का अवार्ड एंटोमोलॉजी डिपार्टमेंट के डा। रोहित राणा को प्रदान किया गया। प्राचार्य ने बताया कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुल 7 थीम में बांटा गया जिसमें मुख्य सायल कंजर्वेशन, मिट्टी की गुणवत्ता, फसल की गुणवत्ता, फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइड्स जो इस्तेमाल कर रहे हैं के बारे में है। कितना उपयोग कितना करना चाहिए किस मात्रा में करना चाहिए उसके बारे में है। गोष्ठी में बताया गया कि फसलों को पेड़ों को पहुंच रहे नुकसान से हम किस तरीके से निजात पा सकें और अपने उत्पादों को बेहतर बना सकते है। वर्तमान में जिस तरीके से पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो रहा है उसे हम खुद को और अपने वातावरण को किस तरीके से बचा पाएंगे इसके ऊपर भी चर्चा की गई। कहा कि एग्रीकल्चर का अर्थ तो उत्पादन से है ही साथ में किस तरह से हम अपने स्वास्थ्य को भी उत्तम रख सके और अपने वातावरण को भी सुरक्षित रख सके। सभी पर विचार करने की जरूरत है।



शामली। संगोष्ठी में शामिल अतिथिगण। छाया शाह टाइम्स



शामली। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दयानंद सरस्वती का स्मरण करती छात्राएं।



शामली। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दयानंद सरस्वती का स्मरण करते छात्र व अध्यापकगण।

# शीतला धाम मंदिर के नाम पर काटे जा रहे चंदे को लेकर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के मौहल्ला पंसारियान स्थित एकता बारातघर में प्राचीन सिद्धपीठ शीतला माता धाम, वाल्मीकि आश्रम के पदा. धिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुछ लोगों द्वारा मंदिर के नाम पर काटे जा रहे चंदे को लेकर रोष व्यक्त किया गया।

शनिवार को एकता बारातघर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुदेश कुमार लिडला ने कहा कि प्राचीन सिद्धपीठ शीतला माता धाम वाल्मीकि आश्रम सेवा समिति द्वारा नगर क्षेत्र में कोई भी दान संबंधी रशीद नही काटी जा रही है, लेकिन संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों द्वारा पितृ स्थल की भूमि के नाम से चंदे की रशीद काटी जा रही है।

जिसका समिति खंडन करती है और रोष व्यक्त करती है। कहा कि उक्त रशीद काटने में शामिल अमरपाल चौधरी व संजय लिडला दोनों व्यक्तियों को समिति से निष्कासित कर दिया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुदेश कुमार लिडला, उपसचिव अनुज कुमार बिड़ला, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष खुशीराम कौशिक, संरक्षक सुनील कुमार चंद्रा, सदस्य विनोद कुमार, शगुन पारचा, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### शिविर में स्वयंसेवकों ने किया मार्गदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कॉलेज में एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शनिवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवको को मार्गदर्शन देने हेतु शौर्य फायर अकादमी की टीम ने उन्हें आपदा प्रबंधन और अग्निशमन विभाग के कार्यक्षेत्र के बारे मे बताया। उन्हें 102, 112, 1098 आदि हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। अकादमी के अंकित गुप्ता ने बच्चो को प्रोत्साहित किया तथा अपनी टीम का डेमो दिखाया और स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया। कहा कि अपने साथ-साथ कैसे दूसरों और वृद्धजनो की जान को भी बचाना आना चाहिए। बच्चो ने अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए कई सारे सवाल भी पूछे। टू हैंड सीट, थ्री हैंड सीट, फाएरमैन लिफ्ट आदि सिखाए गए। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक पोस्टर कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण पर रंगारंग पोस्टर बनाएं। बच्चों ने सूक्ष्म जलपान भी कार्यक्रम के दौरान ग्रहण किया।



### सरधना: छुर गांव के जंगल से ट्रांसफॉर्मर चोरी

**सरधना।** छुर गांव के जंगल से बदमाशों ने देर रात एक नलकूप पर लगा ट्रांसफॉर्मर चोरी कर लिया। सुबह में चोरी का पता चला तो किसान थाने पहुंचे। उन्होंने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। छुर निवासी मनोज व धर्मवीर ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर रात बदमाशों ने उनके नलकूपों से ट्रांसफार्मर व अन्य विद्युत उपकरण चोरी कर लिए। शनिवार सुबह जब वह खेत पर काम करने पहुंचे तो उन्हें ट्रांस्फार्मर नीचे गिरा हुआ मिला। जिसके अन्दर से तेल व तार गायब था। जब उन्होंने अपने नलकूप का दरवाजा खोला तो अंदर से कृषि उपकरण व अन्य सामान गायब था। घटना के विरोध में किसानों ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### हरियाणा सीमा के संबंध में आयुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश व हरियाणा सीमा के संबंध में सहारनपुर, बागपत, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़ व शामली के अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त द्वारा उक्त जिले के गांव जो हरियाणा में शामिल हुए है तथा हरियाणा के गांव जो उपर्युक्त जिलो में शामिल हुए है उनके अभिलेख के आदान-प्रदान की जानकारी प्राप्त करते हुये गांव के भूमि अभिलेखो का विश्लेषण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि हरियाणा के ग्रामो के जो अभिलेख प्राप्त नहीं हुए है उनको प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

# आधुनिक भारत के चिंतक थे दयानंद सरस्वती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर स्कूल में स्वामी दयानंद की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य संजय सैनी व मुख्य वक्ता रविंद्र कुमार ने स्वामी दयानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया।बताया कि जब बाल्य काल में स्वामी दयानंद ने शिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर चूहे को कूदता हुए देखा तो उनके मन में मूर्ति पूजा के प्रति उनके मन में शंका पैदा हुई उसे समय बाद उन्होंने घर छोड़ दिया और ज्ञान की खोज में भटकते हुए स्वामी विरजानंद के शिष्य बने। उन्होंने 1875 में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की। उनके विचारों का सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ सत्य प्रकाश उनकी कृति है।

प्रधानाचार्य संजय कुमार सैनी ने बताया कि स्वामी दयानंद जाति प्रथा वह बाल विवाह का विरोध कर स्त्रियों के उत्थान और पुनर्विवाह के समर्थक थे। इस अवसर पर रामकुमार, आशीष जैन, करुण कांत शर्मा, रवि कुमार, राजीव शर्मा, शिवकुमार धीमान, मोहित कुमार, बिजेंद्र कुमार, अजेंद्र सिंह, साक्षी शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, प्रीति शर्मा, नीरज कुमारी, रितु शर्मा, नूपुर वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज में महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद शर्मा ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। मुख्य वक्ता शिक्षक अक्षय कुमार ने कहा कि महर्षि दयानन्द आधुनिक भारत के चिन्तक, समाज सुधारक तथा आर्य समाज के संस्थापक थे। उन्होंने वेदों के प्रचार और आर्यावर्त को स्वतन्त्रता दिलाने के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया। वे भारतीय जनमानस में सकारात्मक उर्जा का संचार करते थे। उनका वेदों में गहरा विश्वास था। उन्होंने मूर्ति पूजा व कर्मकाडों का जोरदार खंडन किया। आज के परिवेश में उनके अनुयाई वैदिक धर्म की .ढ़ता के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करते हुए . ष्टिगत होते है। ऐसे महापुरूष के विचार सदैव सजीव रहेंगे। इस अवसर पर नीटू कुमार, अंकित भार्गव, ब्रजपाल सिंह, परितोष शर्मा, योगेन्द्र कुमार, सुभाष चन्द, प्रदीप कुमार, सचिन कुमार, अरविन्द कुमार, सोमदत्त आर्य आदि मौजूद रहे।

# पटाखा बुलेट पर कार्रवाई से बौखलाए बाराती

## पुलिस को घेरने पर एक हिरासत में, बाइक सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** मुख्य बाजार से गुजर रही बारात मे शामिल रही बुलेट से पटाखा मारकर हुडदंग मचाने वाले युवको पर पुलिस के रोके जाने पर हंगामा करते हुए बारात मे शामिल लोगो ने पुलिस का घेराव कर लिया और विरोध शुरू कर दिया। चौकी प्रभारी ने बैकअप लेते हुए कार्यवाही की और आरोपी युवक को पकड लिया और बुलेट को भी कब्जे मे लिया। कार्यवाही से हडकम्प मच गया। इसी कार एक जिप्सी पर सवार 15 लोग वहॉ से फरार हो गए।

चौसाना के मुख्य बाजार से एक बारात गुजर रही थी। जिसमे एक जिप्सी पर 10-15 व्यक्ति सवार थे वही एक बुलेट हुडदंग करते हुए पटाखा मार रही थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और कार्यवाही करते हुए बुलेट को चालक सहित पकड लिया। जिसके बाद बारातियो ने पुलिस का विरोध करते हुए घेर लिया। बारातियो द्वारा घेरे जाने पर चौकी से बेकअप पुलिस को बुलाया। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर बाइक को कब्जे मे लिया।

वही जिप्सी व चालक मौके से फरार हो गए। खबर लिखे जाने तक मामले मे कोई मुकदमा दर्ज नही हो सका। पुलिस ने यातायात नियमो के अनुसार चालान बना दिया।

............................

पुलिस ने बिना किसी दबाव के काम किया है। पटाखा मारकर लोगो को परेशान किया जा रहा था। जिस कारण कार्यवाही की गई है। आगे भी यातायात नियमो को कडाई से पालन कराया जाएगा।



चौसाना। बारातियों के साथ होती झड़प। छाया शाह टाइम्स

# 18 घंटे बीत जाने के बाद भी युमना नदी में डूबे युवक का नहीं लगा सुराग

**पुलिस की चेकिंग के डर से युमना नदी के नए पुल से दूसरी साइड जाना चाहता था युवक, दोनों के बीच बने गैप ने ले ली युवक की जान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ट्रिपल राइडिंग युवक को इतनी महंगी पड़ी की उसने अपनी जान ही गंवा दी। पुलिस चेकिंग से बचने के लिए युवक ने नए पुल से बराबर वाले पुल पर जाने लगा इसी बीच दोनों के बीच बने गैप से यमुना नदी में जा गिरा। साथी युवको ने यमुना ब्रिज पुलिस को घटना के बारे मे जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर गोताखोरो की टीम पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। 18 घंटे बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लगा है।

शनिवार की रात्रि लगभग 8 बजे थाना छपरौली क्षेत्र के गांव मुकंदपुर निवासी नासिर पुत्र फारूक अपनी मौसेरे भाई तौहीद व एक अन्य युवक के साथ बाइक पर सवार होकर पनीपत से कैराना के लिए आ रहे था, जैसे ही वह हरियाणा-यूपी सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पुल पर पहुंचे तो उन्हें यमुना ब्रिज पुलिस वाहनों की चेकिंग करती नजर आई। बाइक पर तीन सवारियां बैठी होने के कारण नासिर नए पुल से बराबर वाले पुल पर जाने लगा, लेकिन दोनों पुलों के बीच बने गैप से वह सीधा यमुना नदी में जा गिरा। इस गैप से नासिर पूरी तरह से अनजान था। उसे मालूम नही था कि इन दोनों के बीच खुला गैप भी है, जो उसकी जान का दुश्मन बन सकता है। गहरा कुंड होने के कारण वह यमुना नदी में ही समा गया।

इस दौरान साथी युवकों ने उसकी पहले खुद तलाश की। बाद में निराश होने के बाद उन्होंने यमुना ब्रिज पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई तुरन्त गोताखोरों को मौके पर बुलाकर युवक की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। 18 घण्टे बीत जाने के बाद भी यमुना नदी में डूबे युवक का अभी तक कोई सुराग नही लगा है। परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। वह अपने लाडले की आस में यमुना नदी पर ही डेरा जमाए है और उसके सकुशल बरामद होने की प्रार्थना कर रहे हैं।





यमुना नदी में डूबे युवक को देखने आई भीड़, एक दिन पूर्व डूबे युवक दो तलाश करते गोताखोर

### नए पुल के बीच गैप दे रहा मौत को न्यौता

हरियाणा -यूपी सीमा को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर पुराने पुल के बराबर में हाइवे अथॉरिटी द्वारा नए पुल का निर्माण किया गया है।निर्माण किए गए नए पुलों के बीच करीब पांच फुट का गैप बना हुआ है, जो हादसों को न्यौता दे रहा है।अगर दोनों के बीच यह गैप नही होता तो यमुना नदी में डूबे नासिर की जान न जाती।

क्योंकि नासिर नए से पुल से दूसरी साइड जाना चाहता था, जो इसी गैप से सीधा यमुना नदी में पहुंच गया। उसे मालूम नही था कि दोनों के बीच जनलेवा गैप भी मौजूद है। प्रतिदिन नए पुल से बड़ी संख्या में फोर व्हीलर व टू व्हीलर वाहन गुजरते हैं, ऐसे में हादसों की आशंका बनी रहती है।

# हरियाणा पुलिस व नार्को की टीम ने मेडिकल स्टोर पर की छापेमारी, आरोपी संचालक मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** हरियाणा पुलिस व नार्को की टीम ने एक आरोपी के संग लेकर चौसाना के शामली बस स्टेंड पर छापा मारा तो आरोपी संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने काफी समय के लिए इंतजार किया लेकिन आरोपी नही मिला। जिसके बाद पुलिस बैंरग लौट गई। विगत सप्ताह भी पुलिस ने एक मेडिकल स्टोर संचालक को गिरफ्तार करते हुए आठ हजार से अधिक नशे की गोलियो को बरामद किया था।

चौसाना मे प्रतिदिन नशे के मामले मे कोई ना कोई कार्यवाही देखने को मिल रही है। शनिवार को हरियाणा पुलिस व नार्को हरियाणा की दो टीमे एक आरोपी के संग चौसाना पहुॅची और मेडिकल स्टोर पर छापा मारा।

हरियाणा पुलिस की गाडी को देखकर आरोपी संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के हाथ नही लग सका। जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आरोपी की तलाश करते हुए पूछताछ की लेकिन आरोपी हाथ नही लगा। जिसके बाद हरियाणा पुलिस की टीम बैरंग लौट गई। बता दे कि विगत सप्ताह भी शामली के बस स्टेंड के निकट मेडिकल स्टोर संच. ालक को नशे की गोलिया की डिलीवरी के दौरान पकडा था। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जैल भेज दिया गया।




चौसाना के मेडिकल स्टोर पर बैठी हरियाणा की जांच टीम।

### नशे का गढ बना चौसाना, शामली पुलिस नतमस्तक

**चौसाना।** चौसाना की जमीं पर पुलिस की नाक के नीचे मेडिकल स्टोरो पर खुलेआम नशे की गोलियाॅ बेची जा रही है लेकिन शामली पुलिस के स्थान पर हरियाणा पुलिस मेडिकल स्टोर संचालको पर कडी कार्यवाही करते हुए नशे की गोलिया व कैप्सूल को बरामद कर रही है। जिसकी वजह से चौसाना नशे का गढ बना हुआ है।

### दोनों बार एसोसिएशन में रोचक बना चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस बार मेरठ बार एसो सिएशन व जिला बार एसोसिएशन के चुनाव एक साथ हो रहे हैं। जिला बार में 25 को वोटिंग होनी है और दोनों पुराने दिग्गज चुनाव मैदान में हैं। राजीव त्यागी और शिव दत्त जोशी पूरे दमखम के साथ मैदान में हैं। वहीं प्रतिष्ठित मेरठ बार एसोसिएशन के चुनाव में मुख्य मुकाबला दिग्गज अधिवक्ता रोहिताश्व अग्रवाल से माना जा रहा है। तीन ब्राहम्ण उन्हे चुनौती दे रहे हैं। यह उनके प्लस में भी जाता दिख रहा है। लेकिन प्रदीप सरोहा जो अभी तक शांत चुनाव लड़ रहे हैं अचानक किंग मेकर भी साबित हो सकते है क्योंकि मेरठ बार एसोसिएशन के चुनाव में देखने में आता रहा है कि मुख्य मुकाबला हमेशा ब्राहम्ण और जाट प्रत्याशियों के बीच में ही होता आ रहा है। हालांकि रोहिताश्व उस समय ब्राहम्णों का भी समर्थन पाते रहे हैं लेकिन इस बार तीन ब्राहम्ण चेहरे अपने आप में चुनाव को रोचक बना रहे हैं। ऐसे में दलित और मुस्लिम के अलावा युवा अधिवक्ता निर्णायक साबित हो सकते हैं।

# छात्रों को दिए निर्देश, बेखौफ परीक्षा दें छात्राएं

**मवाना।** बोर्ड की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए थाना मवाना पुलिस एक्शन में आ गई है थाना प्रभारी विशाल श्रीवास्तव ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के मद्देनजर लड़कियों को सुरक्षा प्रदान करते हुए एक जागरूक कार्यक्रम कृषक इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। थाना प्रभारी ने पढ़ने वाली छात्रों को यह विश्वास दिलाया कि इस बार कॉलेज में जाने पर व परीक्षा छूटने पर बालिकाओं को पूर्ण सुरक्षा दी जाएगी सड़कों पर कोई मनचला नहीं दिख पाएगा। मनचलों का स्थान सड़क पर नहीं जेल में होगा थाना प्रभारी ने कॉलेज छात्रों को पुलिस हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया तथा अपना प्राइवेट नंबर भी उपलब्ध कराया। उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस तत्काल तैयार है। थाना पुलिस जगह-जगह चेकिंग कर रही हैं क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम की जाएगी। इस मौके पर महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर अंजुम आरा व दिव्या भारती ने भी बालिकाओं को सुरक्षा के टिप्स दिए तथा महिला हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया। इस मौके पर कॉलेज प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा थाना पुलिस के कार्य की प्रशंसा की।

**संबंध विच्छेद/सूचना**

हमारा पुत्र फुरकान हमारे कहने-सुनने में नहीं है और गलत संगत में बैठता है। इस कारण हम अपने पुत्र फुरकान को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार का अब इससे कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**यूनुस पुत्र यूसुफ, मुनिफा पत्नी यूनुस**
निवासी मोहल्ला दरबार खुर्द थाना व तहसील कैराना जनपद शामली।

# बस की टक्कर से ई-रिक्शा पलटी, महिला सहित पांच घायल







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रोडवेज बस की टक्कर से ई-रिक्शा सड़क पर पलटी इसमें सवार तीन महिला एक मासूम समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया।

चंदेना कोली गांव निवासी एक ही परिवार के 45 वर्षीय शमशेर, 32 वर्षीय यासमीन, 46 वर्षीय मीना, 25 वर्षीय शबाना एवं 7 वर्षीय साद शनिवार को ई-रिक्शा में सवार होकर देवबंद चिकित्सक के यहां आ रहे थे। जब वह भायला रेलवे फाटक के समीप पहुंचे तो रिक्शा चालक ने आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली को ओवरटेक किया। इसी दौरान सामने से आ रही गंगोह डिपो की रोडवेज बस ने रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा सड़क पर जा पलटी।

इसमें पांचों लोग घायल हो गए। ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से शमशेर, शबाना और मीना को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि बस को कब्जे में लिया गया है। उसका चालक फरार हो गया। घायलों के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## रंजिश के चलते दो पक्षो में हुई मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रंजिश के चलते दो पक्षो में मारपीट हुई। इसमें पिता-पुत्र घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

चंदेना कोली निवासी विशांत चौधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दोपहर के समय वे पिता मुकेश चौधरी के साथ खेत में काम कर रहा था। तभी गांव के ही कुछ लोग वहां पहुंचे और रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। विशांत ने बताया कि उक्त लोगों ने जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। जिस कारण वह कई बार मारपीट कर चुके हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में किया श्रमदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने श्री मां त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर परिसर में श्रमदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके उपरांत पर्यावरण एवं जल संरक्षण के तहत स्वयंसेवकों ने शि. विर स्थल पर पौधरोपण किया। प्रसिद्ध मां बाला सुंदरी के मंदिर परिसर और तालाब की सफाई की गई। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. समता तोमर के निर्देशन में तालाब से गंदगी को बाहर निकाला। साथ ही श्रद्धालुओं को समझाया गया कि वह अपना कोई भी सामान तालाब में न डालें। इसके बाद गांधी कॉलोनी में जल और पर्यावरण की जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। लोगों को जल को संरक्षित करने

**विद्यार्थियों ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शि. विर के पांचवें दिन रैली निकाल पर्यावरण के लिए जागरूक किया।**

के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने लोगों से प्लास्टिक बैग या थैली का इस्तेमाल न करने का आह्वान करते हुए कागज से बने बैग का वितरण किया। द्वितीय सत्र में उपनिरीक्षक रितु माहेश्वरी एवं रिशु तोमर ने स्वयंसेवकों को विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

# पालिकाध्यक्ष ने निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लोकनिर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के जन्मदिन पर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने दारुल उलूम मार्ग निवासियों को सड़क का तोहफा दिया है। शनिवार को चेयरमैन ने पालिका सभासदों के साथ उक्त मार्ग के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया।

मोहल्ला बड़जियाउलहक पर आयोजित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन करने के उपरांतअपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की सबका साथ सबका विकास के तहत बिना भेदभाव के नगर में तेजी के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जाति धर्म की भावनाओं से ऊपर उठकर विकास के लिए हम प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मार्ग के निर्माण की मांग उठ रही थी।

इस मौक पर सभासद सैयद हारिस, मोहम्मद औसाफ, डा. असलम, शराफत मलिक, हाजी शहजाद, रिजवान गौड़, डॉ. वाजिद, आरिफ अंसारी, चौ. नदीम आदि सभासद व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।



## डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर का किया निरीक्षण

**मेरठ।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनो का विधान सभावार सुरक्षित होने के दृष्टिगत डीएम ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

**मेरठ।** शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा थाना कंकरखेडा में प्रतिभाग किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि थाना दिवस में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता पर लेते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# शिविर आरंभ के उपरांत लोगो को जागरूक करने का किया आहवान

**देवबन्द।** ठाकुर कृपाल सिंह मैमोरियल डिग्री कालेज रणखंडी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर शनिवार को आरंभ हुआ। इस दौरान शिविर के उद्देश्यों व महत्ता पर प्रकाश डाला गया। श्रम बलिदानी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डा. शीबा परवीन ने स्वयंसेवकों से अनुशासन में रहकर सप्ताह भर नारी शिक्षा, सडक सुरक्षा एवं पर्यावरण सुरक्षा जैसे अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता पैदा करने का आह्वान किया।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने श्रमदान भी किया। भारती, वर्तिका, आरती, नीलम, सोनम आदि मौजूद रहे। वहीं, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने श्री मां त्रिपुर बाला सुंदरी मंदिर परिसर में श्रमदान करते हुए साफ सफाई का कार्य किया। साथ ही पौधरोपण करते




हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. समता तोमर के नेतृत्व में गांधी कालोनी में जल और पर्यावरण की जागरूकता को रैली भी निकाली गई। द्वितीय सत्र में उपनिरीक्षक रितु माहेश्वरी व रिशु तोमर ने द्वारा विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## मधुमक्खियों का हमला जारी, स्कूल जा रहे छात्र को काटकर किया लहुलूहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गढ़ रोड पर सीसीएसयू कैंपस के बाहर मधुमक्खियों का हमला कायम है। शनिवार को सुबह फिर मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। हमले में एक छात्र बुरी तरह घायल हो गया है। जिसे मधुमक्खियों ने लहूलुहान कर दिया। वहीं आते-जाते राहगीरों को भी घायल कर दिया।

बता दें एक दिन पहले ही शुक्रवार को यहां मधुमक्खियों के हमले से 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं ईवनिंग वॉक करने आए रिटायर जेई धर्मवीर की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई थी। शनिवार को उनका पोस्टमार्टम कराया गया। शनिवार को फिर मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। आते-जाते राहगीरों और छात्रों पर मधुमक्खियां चिपट गईं। जिसके कारण लोग परेशान रहे। लोगों ने आग

### वन विभाग टीम पहुंची

जलाकर मधुमक्खियों को हटाने का प्रयास किया। वहीं सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग जलाई। यहां मधुमक्खियों के तीन छत्ते लगे हैं जिससे लगातार मधुमक्खियां निकलकर लोगों को घायल कर रही हैं। मधुमक्खियों ने सीसीएसयू में आतंक मचाया हुआ है। सीसीएसयू गेट पर दो लोगों को घायल कर दिया। जिसके बाद छात्रों ने सीसीएसयू छात्र नेता विनीत चपराना को सूचना दी। छात्र नेता विनीत चपराना ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों को सीसीएसयू में एक टीम भेजने के लिए कहा। दूसरी तरफ सीसीएसयू गेट पर छात्र नेता विनीत चपराना ने नीम के पत्तों का धुआं कराया। जिसके बाद मधुमक्खी दूसरी तरफ भाग गई।

# व्यापारियों को एकजुटता का दिलाया संकल्प

**देवबन्द।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की आयोजित बैठक में व्यापारियों को एकजुटता का संकल्प दिलाया गया। साथ ही पदाधिकारी और सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस दौरान गुरजोत सिंह सेठी को संगठन का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की बस स्टेंड रोड पर आयोजित बैठक में अध्यक्ष दीपक गर्ग ने कहा की व्यापार मंडल हर व्यापारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। किसी भी व्यापारी की समस्या पूरे व्यापार मंडल की समस्या है। जिसका समाधान सभी व्यापारी एकजुट रहकर करेंगे। कहा कि किसी भी अधिकारी को व्यापारियों का उत्पीडन नहीं करने दिया जाएगा। महिला इकाई की अध्यक्ष चंदन बाला जैन व्यापार मंडल की महिला अध्यक्ष बनाए जाने




पर संगठन नेतृत्व का आभार जताया। कहा कि अब महिलाएं भी व्यापार में किसी से पीछे नहीं है। व्यापार मंडल में व्यापारी हितों के लिए घर संघर्ष में साथ रहेंगी। कार्यक्रम में चंदन बाला जैन का विशेष सम्मान किया गया। अध्यक्षता दीपक गर्ग व संचालन अश्वनी गर्ग ने किया। इस मौके पर रिंकू माहेश्वरी, हरविंद्र सिंह बेदी, मुदित गुप्ता, बलराम माहेश्वरी. मोहम्मद जुनैद समेत काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# गंदगी से अटा नाले की सफाई कराने की उठाई मांग

**देवबन्द।** भायला मार्ग से होकर गुजर रहे नाले का हाल बेहाल है। अनदेखी का आलम यह है कि नाले में ऊंची घास उगी हुई है। जिससे यह समझ पाना मुश्किल है ये खेत है या नाला।

देवबंद-गंगोह बाइपास स्थित भायला मार्ग से होकर यह नाला गुजर रहा है जो शास्त्री चौक पर निकलता है। गंदे पानी की निकासी के लिए बना नाला गंदगी से इस हद तक अटा पड़ा है कि इसमें ये अंतर कर पाना मुश्किल है कि यह खेत है या नाला। इसमें बीच और दोनों किनारों पर ऊंची घास उगी हुई है। जिसकी वजह से पानी निकासी नहीं हो रही है। मोहल्लावासियों का कहना है कि अनेकों बार पालिका अधिकारियों को इससे अवगत कराते हुए सफाई की मांग की गई। लेकिन आज तक उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिस कारण नाले की सफाई नहीं हुई और इसमें घास उग आई है। नाला अटने की वजह से यहां से उठने वाली दुर्गंध लोगों के घरों में पहुंच रही है। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर पालिका से जनहित को ध्यान में रखकर नाले की सफाई कराने की मांग की है। वहीं, इस मामले में पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग का कहना है कि जांच कराकर जल्द ही इसकी सफाई कराई जाएगी।

# एनएच-58 से हापुड़ मार्ग तक इनर रिंग रोड निर्माण पर चर्चा

## मेरठ विकास प्राधिकरण में आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक, जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ विकास प्राधिकरण में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में मेरठ महानगर में वाहनो के अत्यधिक दबाव के दृष्टिगत एनएच-58 से हापुड़ मार्ग तक प्रस्तावित 45 मीटर चौड़े इनर रिंग रोड निर्माण के संबंध में बैठक आहूत की गई।

बैठक में उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि इनर रिंग रोड का निर्माण प्रायोरिटी सैक्शन-1 प्राधिकरण की वेदव्यासपुरी योजना से दिल्ली रोड 1.20 कि.मी. व प्रायोरिटी सैक्शन-2 दिल्ली रोड शताब्दी नगर योजना से हापुड़ रोड 4.50 कि.मी. प्रस्तावित है। प्राधिकरण द्वारा उक्त इनर रिंग रोड के भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में टी.डी.आर. पॉलिसी के माध्यम से भूमि क्रय करने, भू-उपयोग परिवर्तन करने तथा मानचित्र स्वीकृति में विशेष सुख सुविधा शुल्क आरोपित करने तथा पार्क ओपन स्पेस भू-उपयोग में फार्म हाउस, एम्यूजमेन्ट पार्क क्रियाए अनुमन्य किये जाने तथा उनका भू-आच्छादन एवं एफ.ए. आर. बढ़ाये जाने सम्बन्धी विकल्प प्रस्तुत किये गये। इनर रिंग रोड हेतु भूमि अधिग्रहण एवं निर्माण के सम्बन्ध में बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। रिंग रोड के निर्माण के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों द्वारा भी अपने सुझाव प्रस्तुत किये गये। इनर रिंग रोड के



निर्माण के सम्बन्ध में 45 मी. के स्थान पर वर्तमान में 24 मी. मार्ग का निर्माण किये जाने तथा 10.50 मी. मार्गाधिकार के रूप में आरक्षित करने सम्बन्धी सुविचारित प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर शासन को प्रेषित किये जाने का मत स्थिर किया गया। साथ ही बिजली बम्बा बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में चर्चा हुई व रेलवे पर बने ओवर ब्रिज का एलाईनमेन्ट तय करने हेतु लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में प्राधिकरण द्वारा हैकेथॉन के माध्यम से चयनित किये गये प्रथम चरण के कार्यों की प्रगति से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ऊर्जा डॉ. सोमेन्द्र तोमर, सांसद अरूण गोविल, सांसद राज्यसभा लक्ष्मीकांत वाजपेई, महापौर हरिकान्त आहलुवालिया, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, डीएम डॉ. वी.के. सिंह, उपाध्यक्ष मेडा अभिषेक पाण्डेय, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर वायर फैक्ट्री में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र स्थित इंडस्ट्रियल एस्टेट में सुमित इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री में शनिवार को अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में ट्रांसफार्मर की वायर का निर्माण किया जाता है। घटना के समय फैक्ट्री में दर्जनों कर्मचारी काम कर रहे थे। कर्मचारियों ने तुरंत फैक्ट्री से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। उन्होंने फैक्ट्री मालिक को आग की सूचना दी। फैक्ट्री मालिक ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। मौके पर तीन दमकल गाड़ियां पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। आग में फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री के मालिक टीपी नगर के रहने वाले सुमित हैं। फायर ब्रिगेड के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। अभी तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पुलिस लाइन में हुई शांति समिति की बैठक

# एक दूसरे के धर्म व त्यौहारों का सम्मान करें: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को पुलिस लाईन हॉल में जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा की उपस्थिति में आगामी पर्वो को शांतिपूर्वक एवं सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रबुद्धजनो धर्मगुरूओ द्वारा सड़क मरम्मत, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था आदि समस्याओ से अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियो को व्यवस्थाओ को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये।

डीएम डॉ. वी.के. सिंह ने त्यौहारो पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू रखने के निर्देश दिये। नगर में साफ-सफाई तथा नगर निगम से संबंधित समस्याओ के समाधान के लिए नगर निगम में कंट्रोल रूम बनाये



जाने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने अपील करते हुये कहा कि सभी एक-दूसरे के धर्म, त्यौहार का सम्मान करें, नियमो का पालन करें ताकि सभी लोग त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मना सके। एसएसपी ने अपील करते हुये कहा कि यातायात नियमो का पालन करें, कोई नई परंपरा न डाली जाये, शांति व्यवस्था को बनाये रखने में आमजन द्वारा सहयोग प्रदान किया जाये। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू होने जा रही है, ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालो पर संबंधित अधिकारी सख्त कार्यवाही करें। इस दौरान नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी सहित अलग-अलग क्षेत्रों से आये धर्म गुरू, प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



# पंच प्यारों के वंशजों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला पंचायत सदस्य व क्षेत्रीय मंत्री पिछड़ा मोर्चा विकास उपाध्याय के आवास गंगानगर राजेन्द्र पुरम पर शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग इकबाल सिंह लालपुरा और पंचप्यारे धर्म सिंह के वंशज बाबा गुरप्रीत सिंह व पंचप्यारे दया सिंह के वंशज बाबा निहाल सिंह पहुंचे, प्रथम बार मेरठ आगमन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का परतापुर पहुंचकर सेंकड़ों लोगो ने स्वागत किया।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 13668 में गलती से नाम उन्नति दर्ज हो गया था जबकि वास्तविक नाम उन्नति शर्मा है। मेरी पुत्री को भविष्य में उन्नति शर्मा के ही नाम से जाना जाए।

सचिन शर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण शर्मा
मौहल्ला दुधा देवबंद (सहारनपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 01 | शाहिन पत्नी शमशाद अली | शहनाज पत्नी जमशेद अली | सरायमालियान-562/25 |
| 02 | सादिया बेबी पुत्री शौकत अली | रईसा बेगम पत्नी मौ. यासीन | बडजियाउलहक-306 |
| 03 | शौकत अली पुत्र मौ. अली | शारून खान पुत्र मौ. फारूख | बडजियाउलहक-440/1 |

# जीत के इरादे से उतरेगी रोहित ब्रिगेड



**दुबई, वार्ता।** कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिए करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिए टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जायेगी। वर्ष 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच भारत के लिए हिसाब बराबर करने का भी होगा। कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फार्म वापसी के संकेत दे दिए थे जो भारतीयों के लिए सुकून भरा है हालांकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ सर्वस्व झोंकना होगा। विराट की बल्लेबाजी पर करोड़ों भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें टिकी होंगी। शुभबन गिल बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ कर अपनी विश्वनीयता साबित कर चुके हैं और कल के मैच में उनकी भूमिका काफी अहम रहने वाली है। मोहम्मद शमी एक बार फिर अपने धारदार गेंदबाजी से पाक के लिए मुसीबत का सबब बन सकते है। शमी पिछले मैच में बांग्लादेश के पांच विकेट झटक कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके हैं। हर्षित उनके मजबूत सहयोगी बनेंगे

- **भारत का इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा**
- **कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फॉर्म वापसी के संकेत दिए थे जो टीम के लिए सुकून भरा है**
- **बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकती है, खुशदिल शाह पाक के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं**

वहीं हार्दिक पांड्या बीच के ओवर में पाकिस्तान बल्लेबाजी की परीक्षा लेंगे। स्पिन को मदद देने वाली पिच पर भारत अपने स्पिन आक्रमण में कोई फेरबदल करना पसंद नहीं करेगा। दूसरी ओर चोटिल फखर जमा के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पाकिस्तान टीम के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है वहीं बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकता है। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में धीमी गति से 64 रन बनाये थे। फखर जमां की जगह इमाम उल हक को चुना गया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज खुशदिल शाह पाकिस्तान के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते है। इन सबके बावजूद पाकिस्तान को भारत हल्के में लेने की भूल नहीं करेगा। इतिहास बताता है कि पाकिस्तान एक मैच हारने के बाद पलटवार करने में सक्षम है और उसकी इसी ताकत उसे मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत टीम बनाती है। कीवी टीम के खिलाफ बेअसर साबित हुए पाकिस्तान के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजी पर दवाब बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पाक के लिए हालांकि यह काफी आसान नहीं होगा। पाकिस्तान को यहां के माहौल और परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में कुछ समय लग सकता है जबकि भारतीय टीम अपना एक मुकाबला इस मैदान पर खेल चुकी है। दोनो टीमों के लिए यहां काफी समर्थन है और दर्शक मैच का लुफ्त उठाने के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रुख करेंगे।




## पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए विराट कोहली ने जमकर बहाया पसीना

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले ग्रुप ए मुकाबले के लिए भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने जम कर नेट प्रैक्टिस की। पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे विराट का बल्ला चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भी नहीं चला था और वह 22 रन बना कर आउट हो गए थे। स्पिनर के सामने विराट खुद को असहज महसूस कर रहे हैं और इसका प्रमाण है कि वह पिछले मैच में बांग्लादेश के रिशाद हुसैन की घूमती गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

हाल ही विराट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में आदिल रशीद के सामने संघर्ष करते नजर आए थे जबकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्हे तेज गेंदबाजों ने परेशान किया और बाहर जाती गेंदो को छेड़ने के प्रयास में उन्होने अपने विकेट गंवाये थे। विराट को अच्छी तरह पता है कि कल का मैच उनके लिए कितनी अहमियत रखता है और यही कारण है कि वे दुबई के आईसीसी अकादमी में निर्धारित अभ्यास सत्र से पहले ही पहुंच गए और जम कर पसीना बहाया। उन्होने स्पिन गेंदबाजी के सामने अभ्यास किया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हुयी है। भारत की रन मशीन कहे जाने वाले विराट 2023 से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। हालांकि इस दौरान उनकी कुछ पारियां शानदार रहीं है मगर बल्लेबाजी में निरंतरता के अभाव में उन्हे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा है।

## लाहौर में बजा भारत का राष्ट्रगान दर्शक हुए हैरान

- **आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की बड़ी भूल सामने आई**

**लाहौर, वार्ता।** चैंपियस ट्रॉफी 2025 में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम मुकाबला खेला जा रहा था, इस मैच के शुरू में जब इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी राष्ट्रगान के लिए खड़े हुए तो एक ऐसी घटना घटी जिससे स्टेडियम में मौजूद दर्शक हैरान रह गए। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान की जगह आयोजकों ने भारत का राष्ट्रगान बजा दिया। इसके बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शक चिल्लाने लगे। इससे आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की बड़ी भूल सामने आई है। फैंस सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर कर पाकिस्तान का मजाक उड़ा रहे हैं।

आयोजकों को तुरंत अपनी गलती का अहसास हुआ। हालांकि, तब तक 'भारत भाग्य विधाता' बज चुका था। सोशल मीडिया पर इसकी क्लिप शेयर हो रही है। आयोजकों की यह बड़ी गलती है क्योंकि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने कोई मैच लाहौर क्या पाकिस्तान में ही नहीं खेलने हैं। भारत ने आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एक हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में मैच से पहले दो प्रतिस्पर्धी टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। ऐसा टॉस के बाद होता है और फिर दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिलाते हैं। यह इस चैंपियंस ट्रॉफी में पहला विवाद नहीं है। इससे पहले भी आईसीसी सवालों के घेरे में आ चुका है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इस बात पर सवाल उठे थे कि कराची के नेशनल स्टेडियम में भारतीय ध्वज को क्यों नहीं फहराया गया, जबकि अन्य सभी प्रतिस्पर्धी टीमों के झंडे लगे हुए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस मुद्दे पर सवाल किए गए थे जिसके बाद स्पष्टीकरण दिया गया था कि भारतीय टीम यहां नहीं आएगी, इसलिए झंडा नहीं लगाया गया। हालांकि, बाद में पीसीबी ने भारतीय ध्वज को शामिल किया। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को दुबई में खेले गए मैच के सीधे प्रसारण के दौरान दिखाए गए टूर्नामेंट के लोगो में देश का नाम न होने पर खेल की संचालन संस्था अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने अपनी नाराजगी व्यक्त की है।




## डकेट की रिकॉर्ड पारी इंग्लैंड ने बनाए 351 रन

- **बेन डकेट (165) की रिकॉर्ड पारी खेली**
- **मार्नस लाबूशेन और जैम्पा ने दो-दो विकेट अपनी झोली में डाले**

**लाहौर, वार्ता।** बेन डकेट (165) की रिकार्ड पारी और जो रुट (68) के साथ 158 रन की साझीदारी की मदद से इंग्लैंड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट पर 351 रन बना लिए। गद्दाफी स्टेडियम पर फिल साल्ट (10) और जेमी स्मिथ (15) के दो विकेट जल्दी गिरने से इंग्लैंड हल्के दवाब में आया था मगर एक छोर पर डटे डकेट के इरादे आज खतरनाक थे। उन्होने नए बल्लेबाज रुट के साथ कंगारु गें. दबाजों का कड़ा इम्तिहान लिया। दोनो खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार करते हुये स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। रुट एडम जम्पा की गेंद पर पगबाधा करार दिये गये। उधर दूसरे छोर पर डकेट ने पिटाई का क्रम जारी रखा। सलामी बल्लेबाज ने अपनी शतकीय पारी में 143 गेंद खेल कर 17 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके साथ ही वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकार्ड न्यूजीलैंड के नाथन एस्टल के नाम था। डकेट पारी के 48वें ओवर में मार्नस लाबुस्चगने की गेंद पर आउट हो गए। निचले क्रम में जोफा आर्चर 21 रन बना कर नाबाद वापस लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेन ड्वारश्विस तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे वहीं मार्नस लाब. ुशेन और एडम जैम्पा ने दो दो विकेट अपनी झोली में डाले।

## दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बनने के हकदार गिल: पोंटिंग

- **पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा यह भारत के लिए एक अच्छा संकेत है कि गिल ने पहले ही मैच में अपना खाता खोल लिया है**




**गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 229 रनों का पीछा करते हुए दुबई में एक मुश्किल लक्ष्य को पार करते हुए अपना 8वां वनडे शतक बनाया**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले शुभमन गिल की तारीफ करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान लरकी पोटिंग ने कहा कि 25 वर्षीय प्रतिभाशाली भारतीय बल्लेबाज दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने की कुव्वत रखता है।

आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा कि वह इस समय दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने का पूरी तरह से हकदार है और यह भारत के लिए एक अच्छा संकेत है कि उसने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले गेम में ही अपना खाता खोल लिया है। पोंटिंग ने कहा कि गिल हालांकि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट उनकी खेल शैली के लिए सबसे उपयुक्त है। उन्होने कहा कि वह कई वर्षों से एक बहुत, बहुत अच्छा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहा है। पिछले तीन चार वर्षों में उनका सफेद गेंद क्रिकेट उत्कृष्ट रहा है। वह एक बड़ा गेम प्लेयर भी है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने आईपीएल में वास्तव में अच्छा खेला है। गिल की एकदिवसीय क्रिकेट में, विशेषकर तेज गेंदों पर बाउंड्री लगाने की क्षमता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि सफेद गेंद का खेल वास्तव में उनकी खेल शैली के अनुकूल है। एकदिवसीय क्रिकेट में, वह मैदान के ऊपर पावर प्ले में शुरुआत में अच्छा और आक्रामक हो सकता है। वह एक बड़ा हिटर नहीं है मगर वह स्वाभाविक रूप से खेल सकता है। वह सिर्फ स्कोर करता है और तेज गेंदबाजी के खिलाफ अपनी इच्छानुसार बाउंड्री लगाता है। चैंपियंस ट्रॉफी में बल्ले से गिल शानदार फॉर्म में हैं और हाल ही में भारत ने इंग्लैंड पर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 229 रनों का पीछा करते हुए दुबई में एक मुश्किल लक्ष्य को पार करते हुए अपना आठवां एकदिवसीय शतक बनाया।

## सुशीला चानू ने पूरे किए 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच

**भुवनेश्वर, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिए 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता और तब से लगातार सीनियर टीम में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2016 रियो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपनी टीम का नेतृत्व किया, जो 1980 के बाद पहली टीम थी। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां भारत ने कांस्य पदक जीता। अनुभवी मिडफील्डर 2017 एशिया कप में भारत की महत्वपूर्ण स्वर्ण पदक जीत का भी हिस्सा थी और इससे पहले 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक गेम्स 2020 के लिए भारत की योग्यता सुनिश्चित करने और टूर्नामेंट में टीम के ऐतिहासिक चौथे स्थान को

## रियो ओपन के सेमीफाइनल में कोमेसाना

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** अर्जेंटीना के फांसिस्को कोमेसाना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सनसनीखेज जीत हासिल कर एटीपी 500 रियो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

कॉमेसाना ने शुक्रवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले पर दो घंटे और 31 मिनट में जीत हासिल करने के लिए सात में से चार ब्रेक प्वाइंट को बदल दिया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव के लिए यह रात भूलने लायक रही, उन्होंने चार डबल फॉल्ट किए और कई अप्रत्याशित गलतियां कीं। पूरे मैच के दौरानह भीषण गर्मी और उमस से असहज दिखायी दिए। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले 86वें स्थान पर काबिज कोमेसाना शनिवार को फ्रांस के एलेक्ज़ेंडर मुलर से भिड़ेंगे। इससे पहले, अर्जेंटीना के कैमिलो उगो काराबेली ने पुर्तगाल के जैमे फारिया पर 7-6 (5), 6-4 से जीत के साथ अंतिम चार में प्रवेश किया। काराबेली ने आठ ऐस लगाए और अपनी पहली सर्विस पर 78 प्रतिशत अंक जीतकर मैच एक घंटे 56 मिनट में जीत लिया। सेमीफाइनल में काराब. ेली का सामना अपने ही देश के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन बेज से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे के त्सेंग चुन-हसिन को 6-4, 6-1 से हराया।

## दिल्ली ने टॉस जीता, यूपी को पहले बल्लेबाजी

**बेंगलुरु, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग के आठवें मुकाबले में शनिवार को टॉस जीत कर यूपी वारियर्स को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। दिल्ली में अब अपने तीन मैचों में दो में जीत हासिल कर चुकी है जबकि यूपी को अभी जीत का खाता खोलना है।

## जर्मनी ने भारत पर 4-0 से जीत दर्ज की

- **भारत के पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के नेतृत्व में जर्मनी ने खेल की अच्छी शुरुआत की**



**भुवनेश्वर, वार्ता।** जर्मनी ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) मुकाबले में भारत के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की। यह जर्मनी की सीजन में पहली जीत है। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सोफिया श्वाबे 18वें और 46वें मिनट में गोल दागे वहीं एमिली वोर्टमैन ने तीसरे मिनट में और जो. हाना हैचेनबर्ग ने 60वें मिनट पर भारत के खिलाफ गोल किये। इसके साथ जर्मनी अंकतालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है।

भारत के पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के नेतृत्व में जर्मनी ने खेल की अच्छी शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली। आइना क्रेस्केन ने दाहिनी ओर से एक निचला क्रॉस ड्रिल किया और एमिली वोर्टमैन ने इसे गोल में तब्दील करने में कोई गलती नहीं की। इस बीच भारत ने नौवें मिनट में एक अच्छा मौका बनाया जब दीपिका ने शानदार पास दिया, लेकिन मुमताज समय पर उस तक नहीं पहुंच सकीं। मेजबान टीम के पास 15वें मिनट में स्कोर बराबर करने का एक और शानदार मौका मिला मगर उसकों भी भारतीय लड़कियां भुनाने में असफल रहीं। उधर, जर्मनी ने 18वें मिनट में सोफिया श्वाबे के शानदार गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारतीयों को तेजी से वापसी की जरूरत थी, लेकिन मूसलाधार बारिश के कारण पिच धीमी होने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। भारत 27वें मिनट में गोल करने के करीब पहुँच गया जब नवनीत ने शर्मिला को एक अच्छा पास दिया लेकिन बाद के प्रयास को आसानी से निपटा लिया गया।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत शुरुआत की और ब्यूटी डुंगडुंग ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। दीपिका ने एक बेहतरीन ड्रैगफ्लिक मारा लेकिन वह पोस्ट के ठीक बाहर चला गया। जर्मनी ने अंतिम क्वार्टर तक अपनी 2-0 की बढ़त बरकरार रखी। श्वाबे ने 46वें मिनट में शाम का अपना दूसरा गोल किया। उसने गोलमाउथ में गेंद प्राप्त की, खुद को अच्छी तरह से सेट किया। और एक जोरदार टॉमहॉक फायर करके स्कोर 3-0 कर दिया और प्रभावी ढंग से गेम को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। जब मुमताज ने 57वें मिनट में गोल किया।

# कुलपति प्रो. विमला व मेयर डा. अजय ने की हौंसला अफजाई

## मुन्नालाल कॉलेज में आयोजित किया गया स्वरोजगार मेला, महिला उद्यमियों ने लगाए सुंदर स्टॉल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. विमला वाई एवं मेयर डा.अजय कुमार सिंह ने स्वरोजगार मेले में महिला उद्यमियों द्वारा लगाये गये स्टॉल का अवलोकन करते हुए उनकी हौंसलाअफजाई की।

मुन्नालाल एवं जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग, संस्थान नवाचार परिषद तथा भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस मेले में महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों के 46 काउंटर जन आकर्षण का केंद्र रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. विमला वाई. के द्वारा की गई। अतिथि देवों भव की परम्परा का निर्वहन करते हुए कु. जरका एवं कु. चेल्सी ने गाने पर प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सीमा रानी ने अपने व्याख्यान में स्वरोजगार मेले की प्रासंगिकता व आवश्यकता से सभी को अवगत करवाया।



मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विमला वाई. ने पुराणों को याद करते हुए महिलाओं को अपनी अंदर की शक्ति को समझ कर अपने लिए खुद खड़े होने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को अपनी सृजनशक्ति उपयोग करके रोजगार के नए अवसर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ठ अतिथि महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने वर्कशॉप एवं साइंस को महत्व देते हुए आहवान किया कि बदलते देश के साथ अगर आज की नारी कुछ कर रही है तो सबको उसके साथ खड़ा होना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल, महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव बी. के. माहेश्वरी सदस्यगण एस. के. गर्ग, मोहन शर्मा, वी. के. चौहान और नीरज माहेश्वरी के अलावा महाविद्यालय की शिक्षिकाए और छात्राएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, क्रीड़ा अधिकारी प्रो. संदीप गुप्ता, महाराज सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार, गोचर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विश्वविद्यालय समन्वयक प्रो. ओमकार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र, के निदेशक एवं वैज्ञानिक डॉ. आई. के. कुशवाहा, महाराज सिंह कॉलेज की प्रबंध समिति के सचिव रवि सिंघल, जे वी जैन कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष आई.जी. जैन, पी.एन.बी. के निदेशक अमित कुमार चौबे भी उपस्थित रहे।

अंत में कालेज की कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. सीमा रानी और सह संयोजक डॉ. रीता बोरा थी। इस कार्यक्रम की मंच संचालिका डॉ. साक्षी रहीं।

# जाट महासम्मेलन में करें भागेदारी: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जाट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने नौ मार्च को बिजनौर में होने वाले जाट महासम्मेलन में भारी भागेदारी का आहवान किया।

चौ.नीरपाल सिंह आज हकीकत नगर में कैंप कार्यालय पर जाट समाज की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामली से आए निर्वाल खाप के चौधरी राजवीर सिंह मुंडेट्ट, बिजनौर से आए जाट नेता सुरेश आर्य व पिन्ना से मित्तरपाल प्रधान ने जाट समाज के लोगों का मार्गदर्शन किया। चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि आज हमारा जाट समाज एकता की मिसाल कायम कर रहा है।जो कि सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा है बैठक में हम सब संकल्प ले कि समाज के बच्चों को खेलो के लिए जागरूक करें,समाज में फैली बुराइयों, कुरी. तियों को दूर करे।समाज के युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि कुरीतियों को दूर करे। दहेज प्रथा समाज में नासूर बनती जा रहीं है। दहेज प्रथा का हमारा समाज डटकर विरोध करे।

चौधरी राजवीर सिंह मुंडेट्ट ने कहा कि 9 मार्च को बिजनौर में जाट समाज का सम्मेलन होने जा रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड आदि प्रदेशों से जाट प्रति. निधि हिस्सा ले रहे हैं।

बैठक में महानगर अध्यक्ष चौ अरविंद मलिक, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी एडवोकेट, चौ नत्थू सिंह, रवि चौधरी, दीपक दियोल, सचिन चौधरी, चौ सुधीर, धर्मवीर फौजी, सीताराम, राजीव चौधरी, बिट्टू आदि उपस्थित रहे।

# पार्षद अभिषेक ने की राजस्व नुकसान की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के महानगर विधानसभा प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा ने अपर नगर आयुक्त से मिलकर पथ विक्रेता टेंडर द्वारा निगम के राजस्व को पहुंचाई जा रही हानि के बारे में अवगत कराया।

अभिषेक ने बताया कि नगर निगम द्वारा पथ विक्रेता का टेंडर का अनुबंध ठेकेदार मैसेस कालू कंस्ट्रक्शन को वित्तीय वर्ष 2024-25 किया गया था लेकिन उक्त ठेकेदार द्वारा नगर निगम की धनराशि करीब 61 लाख रुपए निगम कोष में जमा नहीं करके निगम को भारी आर्थिक क्षति पहुंचाई और लगातार ठेकेदार के गुर्गे नगर की गरीब जनता से अवैध



वसूली करते रहे। जिसकी शिकायत लगातार नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त को की गई थी। जांच उपरांत मुख्य नगर लेखा परीक्षक द्वारा भी एक रिपोर्ट नगर आयुक्त को प्रेषित की गई थी इसके बाद से उक्त ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई अमल में ला दी गई थी लेकिन पिछले सोमवार को टेंडर निरस्त होने की कार्रवाई होनी थी जिसके ना होते हुए ठेकेदार के गुर्गों ने मेला गूगल में लगने वाले फड़ बाजार से भी अवैध वसूली की और लगातार शहर में रेडी पटरी पर दुकान ओर फंड लगाने वालों से भी वसूली कर रहे हैं जबकि उसके द्वारा निगम का पैसा नहीं जमा किया जा रहा तो तत्काल उसका टेंडर निरस्त हो जाना चाहिए।

अपर नगर आयुक्त ने दो दिन के अंदर-अंदर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने का पूर्ण रूप से आश्वस्त किया।

# पवित्र रमजान के रोजे हर मुसलमान पर फर्ज: मुफ्ती नय्यर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मदरसा मजाहिर उलूम के उस्ताद ए हदीस मुफ्ती नय्यर ने कहा कि पवित्र रमजान माह के रोजे हर मुसलमान पर फर्ज है।

मुफ्ती नय्यर आज चकरोता रोड़ स्थित नई बस्ती में इस्लाही मुआसरा के जलसे को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने गुनाह को माफ करने का महीना रमजान है इस तरह हर मुसलमान पर तालिम हासिल करना फर्ज हैं। मुसलमान तालिम में बहुत पीछे है हर चीज का वक्त होता है जैसे रमजान का वक्त पर रोजो रखें जाते हैं जैसे नमाज वक्त पर नमाज व जकात ये सब अगर वक्त पर न हो तो सब निजाम खराब हो जाता है उसे तरह तालिम वक्त पर न हो तो इन्सान की जिंदगी खराब हो जाती है। मुफ्ती लियाकत खादिम मदरसा मजाहिर उलूम व इमाम ए खतीब इंजन वाली ने कहा मुसलमान अपने औलाद पर खास ध्यान दें आज कल का दौर बहुत नाजुक इस नाजुक दौर औलाद का सही रास्ता चलना ही किसी दौलत कम नहीं तथा तालिम अगर औलाद की सही होगी तो सारी जिंदगी सही होगी।

मौलाना आबिद उस्ताद मदरसा मजाहिर उलूम ने कहा मोत से पहले हमें मोत की तैयारी करनी है ये ही इस्लाम की तालीम है। मुफ्ती उस्मान बीजनोरी उस्ताद मदरसा मजाहिर उलूम व ईमाम ए खतीब मोती मस्जिद ने कहा तलाक को खेल न बनाएं तलाक का नाम लेने से बचें हमारे



मुआशरा में तलाक देने का चलन आम हो ता जा रहा है इस को रोकना होगा ये आज हमारी तालीम की कमी से हमारा मजाक उड़ाया है। जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहीरी के बेटे मौलाना असजद फरीद कासमी ने कहा अल्लाह की रस्सी को अगर हर मुसलमान मजबूती के साथ पकड़ ले तो वह कामयाब हो जाता है। मोहल्ले वालों ने मौलाना असजद फरीद को मौलाना बने पर और उन के वालिद मौलाना फरीद मजाहीरी को मुबारकबाद दी। कार्यक्रम का संचालन मदरसा मजाहिर उलूम वक्फ के वरिष्ठ उस्ताद हजरत मौलाना मौहम्मद कासिम के बेटे मौलाना मौ मरगूब ने किया। इस मौके पर मौलाना सरफाराज, मजाहीरी, मौलाना जाकिर मजाहिरी भुरा, ताहीर, अफजल, सावेज बहुत लोग मौजूद रहे।

# कुरान ए पाक मुकम्मल करने वालों की दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खानआलमपुरा की कदीम मस्जिद में कुरान ए पाक पूरा करने वाले 19 बच्चों की दस्तारबंदी की गई।

जलसे में उलेमा के हाथों सभी बच्चों की दस्तारबंदी की गई और बच्चों के उस्ताज हाफिज मोहम्मद अरशद व माता पिता को मुबारकबाद दी। उलेमाओं ने मुसलमानों से अपने बच्चों को दीनी तालीम दिलाने और समाज में फैली कुरीतियों व बुराइयों को दूर करने का आह्वान किया। मुफ्ती अबुल कादिर ने कहा कि कुरान पाक अल्लाह का कलाम है। खुशनसीब हैं वह मां बाप जिनके बच्चों ने अपने सीनों में कुरान को महफूज कर लिया है। उन्होंने कहा कि कुरान पाक में सभी समस्याओं का हल मौजूद है। हमें कुरान की



शिक्षा पर अमल करना चाहिए।

दारुल उलूम देवबंद के मुफ्ती इबादुर्रहमान ने मुसलमानों से अपने घरों में दीनी माहौल पैदा करने, शादी में फिजूलखर्ची से बचने, नशा, जुआ, सूद आदि से दूर रहने और जीवन में हलाल कमाई का प्रयोग करने का आह्वान किया। मुफ्ती इबादुर्रहमान की दुआ पर कार्यक्रम के अंत हुआ। हाफिज अरशद ने सभी का आभार जताया।

इस मौके पर हाफिज रफीक, हाफिज समीउज्जमा, कारी सलमान अजमल खान, मो. तंजीम, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद मतीन, मोहम्मद रिजवान, शाहिद अली सिद्दीकी, मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद असगर आलम, सपा नेता फैसल सलमानी, कारी सलमान, हाफिज उमर मजहरी, मौलाना नदीम और कारी सुहेल आदि मौजूद रहे।

# मरीजों को मिलेगी फ्री वाईफाई की सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला चिकित्सालय रोगी कल्याण समिति की बैठक में मरीजों को मुफ्त वाईफाई की सुविधा देने एवं टोकन डिस्पले सिस्टम लगाये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रमुख अधीक्षक डा. रामानन्द की अध्यक्षता आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों को अवगत कराया गया कि रजिस्ट्रेशन काउंटर पंजीकरण कक्ष पर डिजीटल इंडिया के अन्तर्गत टोकन प्रक्रिया भारत सरकार के मानक अनुरूप क्रियाशील है जिसका सुदृढीकरण किया जाना है। जनहित में सेवाओं को सुदृढ करने हेतु गाइडलाईन अनुसार कार्य कराये जायेंगे जिसमें मरीजों को मुफ्त वाईफाई की सुविधा मिलेगी तथा टोकन डिस्पले सिस्टम भी लगाया जायेगा।

इसके साथ ही मरीजों की सुविधा को देखते हुए माइक प्रणाली भी लागू होगी।

बैठक में जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलवी फरीद, जितेन्द्र, फुरकान अहमद गौरी, मौ. आलम, आनन्द भाटिया आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन डा. धर्मराज मानू व प्रबन्धन विक्रांत तिवारी द्वारा किया गया।

## चार महीने बंद रहेगा कालाखेड़ी फाटक

**नगीना।** सीनियर सैक्शन इंजीनियर (कार्य) उत्तर रेलवे, नजीबाबाद द्वारा उपजिलाधिकारी नगीना मांगेराम चौहान को सम्बोधित पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि नगीना स्थित रेलवे फाटक सं. 470 पर अंडरपास का निर्माण कार्य 22 फरवरी से प्रारम्भ किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु रेलवे फाटक सं. 470 अंडरपास निर्माण के चलते रेलवे फाटक सं. 470 को 22 फरवरी को प्रात: 10 बजे से बन्द कर दिया जायेगा। फाटक सं. 470 से गुजरने वाला सभी यातायात (वाहन) फाटक सं. 471 से गुजरेगा। उक्त अंडरपास का निर्माण कार्य 30 जून 2025 तक समाप्त किए जाने की सम्भावना है। अंडरपास का निर्माण कार्य करने हेतु जिलाधिकारी, बिजनौर उत्तर प्रदेश द्वारा पूर्व में ही स्वीकृति दे दी गयी है। इसकी सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रति प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगीना, थाना प्रभारी, रेलवे सुरक्षा बल धामपुर व चौकी प्रभारी राजकीय रेलवे पुलिस नगीना को भी दी गई है। ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न पड़ सके।

## वीडियो वायरल

**चिलकाना।** नगर में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही एक विडियो कस्बे में चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसमें एक व्यक्ति सहारनपुर निवासी व कस्बा चिलक. ाना निवासी 5 लोगों पर सीधा सीधा आरोप लगा रहा है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक विडियो वायरल हुआ है। जिसमें जिला सहारनपुर के थाना देहात कोतवाली निवासी एक व्यक्ति अपनी हत्या या आत्महत्या हो जाने के कारण का सीधा सीधा आरोप सहारनपुर व चिलकाना निवासी 5 लोगों पर लगा रहा है। वीडियो में उक्त व्यक्ति ने 5 लोगों का नाम लेकर आरोप लगाया है कि सहारनपुर व चिलकाना के पांच लोगों द्वारा उसके साथ फ्रॉड किया गया है। यदि उसकी हत्या या आत्महत्या होती है तो उसके जिम्मेदार यही पांच व्यक्ति होंगे। हालांकि उच्चधिकारी संज्ञान लें व इस वायरल वीडियो की जांच कराये।

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली को बजट में शामिल न करने पर शिक्षकों व कर्मचारियों ने गहरी निराशा व नाराजगी जताई है।

अटेवा मंडल अध्यक्ष तालिब हसन ने कहा की पुरानी पेंशन देश के शिक्षकों व कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है बजट में शामिल न कर शिक्षकों एवं कर्मचारियों को निराश करने का कार्य किया गया है। अटेवा मंडल महामंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि बजट में शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति निशुल्क कैशलेस चिकित्सा दी जानी चाहिए जो कि बजट में शामिल नहीं है जो अत्यंत खेदजनक है।

अटेवा जिला अध्यक्ष रजनीश सहगल ने कहा की पुरानी पेंशन सिर्फ एक योजना नहीं है यह शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के उपरांत वृद्धावस्था की ढाल है बुढ़ापे की लाठी है बुढ़ापे का सहारा है जिसे सरकार को समझना चाहिए था लेकिन बजट में इस विषय को पूरी तरह नकारा गया है जिससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों को निराशा मिली है।

अटेवा जिला महामंत्री पंकज सिरोही ने कहा कि बजट में पुरानी पेंशन बहाली एवं महंगाई भत्ते को लेकर बजट से शिक्षकों एवं कर्मचारियों को निराशा मिली है।

अटेवा संरक्षक तेलूराम निश्चल ने कहा कि पेंशन हक है वो मिलना चाहिए।

## गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा

**नांगल सोती।** शेरपुर अभी उर्फ अभीपुरा में लगातार गुलदार देखे जाने से ग्रामीण भयभीत हैं, जिसके लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की कार्यवाही शुरू की है। गांव अभिपुरा में पिछले एक सप्ताह से लगातार गुलदार की चहल कदमी ग्रामीणों के लिए दहशत का कारण बनी हुई है। गुलदार ने एक निराश्रित गोवंश को निवाला भी बना लिया है, जिसके बाद से लगातार वन विभाग भी इस गांव की ओर अपनी नजरें गडाए हुए है। शनिवार सुबह सामाजिक वानिकी विभाग दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में टीम ने गांव के समीप के जंगल में शमीम अहमद के गन्ने के खेत में पिंजरा लगाया है। दरोगा विकास कुमार का कहना है कि गुलदार को पकड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं, जल्द ही इस प्रयास में सफल रहते हुए ग्रामीणों को गुलदार के भय से मुक्त किया जाएगा।

# समाधान दिवस में पहुंचे डीएम-एसएसपी

**गंगोह।** थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम व एसएसपी के सामने आज भूमि, चकरोड के अलावा सरकारी सम्पति पर कब्जा करने सम्बन्धी मामले आयें। रेत खनन के अलावा लाउडस्पीकर के बढते शोरगुल, पदम सिनेमा के पीछे सरक. ारी जमीन पर अवैध दुकानें बनाने व बाल पुष्टाहार की भी शिकायत की।

डीएम मनीष बंसल व एसएसपी रोहित सिंह साजवान ने जन समस्याओं को सुना और कुछ का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया। जबकि कुछ को राजस्व विभागों कुछ नगर पालिका और पुलिस को सौंपी। नागल राजपूत में चल रहें तालाब के झगडे में होने वाली राजनीति पर चिंता जताते हुए दूसरे जिलों से आकर अनावश्यक दबाव बनाने वालों के खिलाफ मुक. दमा कायम करने और नाईमाजरा में हो रहे अवैध रेत खनन को लेकर बैल बुग्गी में लाने वालों को चेतावनी देने और व्यवसायिक तौर पर डम्पर, ट्रक व भारी वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के निर्देश दियें। कंकराली सरोवर के समीप नाला बंद होने और गुजरान के तालाब का भराव होने पर नाराजगी जताई। कुंडाकलां भूमि प्रकरण में भूस्वामी कब्जाधारक को जोत जारी रखने के निर्देश दिये। डीएम व एसएसपी, एसडीएम संगीता राघव, सीओ रुचि गुप्ता, ईओ लोकेन्द्र सिंह, कोतवाल रोजंत त्यागी के अलावा राजस्व व पुलिस कर्मियों के साथ पैदल ही मेटाडोर स्टैंड व शिव चौक से कंकराली सरोवर तक अतिक्रमण व भीड से दो चार होते हुए पहुंचे। वहां कूडे से पटे नाले पर नाराजगी जताई। यहां से एसडीएम को निर्देशित कर अधिकारी ऐतिहा. सिक बरसी महादेव मंन्दिर पर महा. शिवरात्रि की तैयारियां देखने को निकल गए।

# स्वयंसेवकों ने जागरूक किए ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. भारती की प्रेरणा और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शोभा त्रिपाठी और डॉक्टर संजीव नांदल के संयोजन मे रायपुर गांव के प्रधान अब्दुल कादिर के सहयोग से सात दिवसीय शिविर रायपुर गांव में लगाया गया। शिविर के प्रथम दिवस 22 फरवरी को स्वच्छता अभियान पर समर्पित रखा गया। सर्वप्रथम छात्र- छात्राओं ने अपना श्रमदान करते हुए वहां के एक प्राइमरी पाठशाला की साफ सफाई की। इसके उपरांत बच्चों ने 10-10 की टोली में जाकर ग्राम प्रधान द्वारा निर्देशित व्यक्तियों के साथ ग्राम वासियों को साफ- सफाई के बारे में बताया। अंत में सभी बच्चों ने एक साथ स्वच्छता रैली भी निकाली। द्वितीय सत्र में पैरामेडिकल विभाग से डा गौतम पवार ने स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर अपना व्याख्यान दिया। टेक्निकल कॉलेज से फराज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेवा विषय में अपना व्याख्यान दिया। इसके उपरांत ग्राम प्रधान अब्दुल कादिर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्राम वासियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। अंत में डॉ संजीव नांदल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट किए और धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर ग्लोकल विश्वविद्यालय के मोहम्मद जमीर उल इस्लाम भी मौजूद रहे।

## खनन से भरी दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद खोबड़ा के पास खो नदी में अवैध रूप से खनन से भरी दो ट्रैक्टर-ट्राली को वन विभाग ने पकड़ लिया है। वन विभाग ने खनन माफियों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वन अफसरों के आदेश पर बढ़ापुर रेंज व साहूवाला रेंज में संयुक्त रूप से गश्त की जा रही है। जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी बिजनौर, वन प्रभाग नजीबाबाद के रेंज अधिकारी व बरेली उड़नदस्ता प्रभारी व टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है। गश्त के दौरान टीम को जहानाबाद खोबड़ा क्षेत्र में कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्राली में अवैध रूप से खनन करते दिखाई पड़े। जिनको टीम ने रो. कने का प्रयास किया, तो अनियंत्रित गति से सरकारी वाहन को ट्रैक्टर से टक्कर मारने की मंशा से सभी लोग ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गए।

## खेल दिवस का आयोजन

**गंगोह।** लंदन किड्स प्री स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दौड़, बाधा दौड़, रस्साकशी अन्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाध।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएचसी प्रभारी डा. रोहित वालिया व विद्यालय एमडी अरुण राज ने फीता काट किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। खेलों मार्च पास्ट किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। विभिन्न खेलों जैसे दौड़ प्रतियोगिता, बाधा दौड़ और रस्साकशी आयोजित किए गए। समापन सत्र में एमडी व प्रधानाचार्य विभा सैनी ने प्रमाण पत्र दिये। इस मौके पर अंजली सैनी, आयशा, खुशी आदि मौजूद रहे।

# उत्पीड़न नहीं होने देंगे: मुशर्रफ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** भारतीय किसान यूनियन संग्राम अराजनैतिक के कार्यक्रम के दौरान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुशर्रफ राव ने चौधरी परिवार व नंबरदार परिवार का नाम लिए बगैर कई गम्भीर आरोप लगाये।

कस्बा तीतरों में पहुंचे भारतीये किसान यूनियन के अराजनैतिक राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मुशर्रफ अली एक कार्यक्रम में कहा कि हमारे नगराध्यक्ष शरफराज खान को प्रशासन द्वारा रजनीतिज्ञों के कहने पर टॉर्चर किया जा रहा है जिसे हम किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि कस्बे की जनता पर इतना दबाव डाला गया है कि अपनी मर्जी से कोई प्रोग्राम भी नही कर सकते। उन्होंने भाजपा को भी किसान निधि को लेकर जहां तारीफ की वहीं एमएसपी पर भाजपा से नाराज भी दिखाई दिए। किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाजेब खान, अरशद अंसारी, अनीस कुरेशी, बाबर खान ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान सरफराज खान, अशफाक अंसारी, शारिक, शराफत सभासद, लियाकत, आरिफ, सलीम, फैयाज फौजी, मुसर्रफ, अहतशाम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संगठन को मजबूत करते हैं कार्यकर्ता: हाजी नवाब

## शहजाद शादाब को सपा मजदूर सभा महानगर अध्यक्ष का सौंपा मनोनयन पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने मौहम्मद शहजाद शादाब को मजदूर सभा का महानगर अध्यक्ष मनोनीत करते हुए संगठन को मजबूत करने का आहवान किया।

महानगर कैंप कार्यालय पर हाजी नवाब अंसारी ने मौहम्मद शहजाद शादाब को मनोनयत्र पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी समाज के दबे कुचले लोगों को आगे बढाने का काम कर रही है। इसलिये मौ.शहजाद को यह जिम्मेंदारी सौंपी गई है।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जाति धर्म के भेदभाव से उपर उठकर कार्य करती है। इसलिये संगठन कार्यकर्ता हर घर जाकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव द्वारा कराये गये कार्यो को जनता के बीच में रखे, ताकि केंद्र व प्रदेश सरकार की पोल खुल सके। डा.फुरकान गौरी व शादाब अंसारी ने भी अपने विचार रखे।




बैठक में गुलशन खां, फरमान अली, आदिल खां, भूरा मलिक, मोबिन अंसारी, अनस अंसारी, फिरोज खां, फैसल अंसारी, मौहम्मद इस्माइल, मौहम्मद सूफियान, रेहान मलिक, शेर कुरैशी, रिहान कुरैशी, नावेद मलिक, शाहनवाज, संतोष व ज्ञानेश्वर आदि मौजूद रहे।



# चीन ने कोरोना जैसा नया वायरस खोजा

## कोविड-19 की तरह इंसान को संक्रमित करता है, चमगादड़ समेत कई पशु-पक्षियों से फैल सकता है

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने जानवरों से इंसान में फैलने वाले कोरोना जैसे वायरस का पता लगाया है। इसका नाम **HKU5-CoV-2** है। इस वायरस में भी कोविड-19 के लिए जिम्मेदार वायरस **ARS-CoV-2** की तरह ह्यूमन रिसेप्टर पाया गया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक शी झेंगली ने इस वायरस पर स्टडी करने वाले टीम की अगुआई की है।

टीम में गुआंगजौ लेबोरेट्री, गुआंगजो साइंस एकेडमी, वुहान यूनिवर्सिटी और वुहान इंस्टीटयूट ऑफ वायरोलॉजी के वैज्ञानिक शामिल थे। यह स्टडी 18 फरवरी को पीयर-रिव्यूड जर्नल सेल में छपी है। रिसर्च में पाया गया कि नया वायरस कोरोना वायरस की तरह ही मानव कोशिकाओं को संक्रमित करता है। यह न केवल चमगादड़ बल्कि इंसानों समेत कई जानवरों पर भी असर दिखाता है।

**शी झेंगली ने इस वायरस पर स्टडी करने वाली टीम की अगुवाई की**

स्टडी में सामने आया है कि इस नए वायरस के चमगादड़ से इंसानों में फैलने का खतरा काफी ज्यादा है। हालांकि इसके इंसान से जुड़ने की क्षमता कोरोना वायरस से कम है।

संभावित खतरे को देखते हुए वैज्ञानिकों ने आगे निगरानी की जरूरतों पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। दो महीने पहले चीन में कोरोना जैसा नया वायरस फैला कोविड-19 के 5 साल बाद चीन में फिर एक बार नए वायरस का संक्रमण फैला था। इसके लक्षण भी कोरोना वायरस की तरह ही थे। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) था। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा गया था। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और गले में घरघराहट शामिल था। एचएमपीवी के अलावा इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और कोविड-19 के केस भी सामने आए थे। भारत में भी हुआ था असर एचएमपीवी वायरस का असर भारत में भी हुआ था। देश में इसके कई मामले आए थे। इसके बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी थी। बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई थी।

# काश पटेल ने भगवद गीता पर हाथ रखकर ली शपथ



**वॉशिंगटन।** भारतवंशी कश्यप काश पटेल ने शनिवार को भगवद गीता पर हाथ रखकर अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर पद की शपथ ली।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी उनकी तारीफ की और कहा कि वे एफबीआई एजेंट्स के बीच काफी लोकप्रिय हैं, इसलिए वे उन्हें यह अहम जिम्मेदारी देना चाहते थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें यकीन है कि पटेल अब तक के सबसे काबिल एफबीआई डायरेक्टर के रूप में जाने जाएंगे। पटेल बोले: अमेरिकन ड्रीम को जी रहा हूं काश

**FBI डायरेक्टर पद की संभाली जिम्मेदारी, ट्रम्प बोले: वे सबसे काबिल अफसर बनेंगे**

पटेल एफबीआई का नेतृत्व करने वाले नौंवे अधिकारी हैं। उन्होंने शपथ लेने के बाद कहा कि कई लोग कहते हैं कि 'अमेरिकन ड्रीम' खत्म हो चुका है। लेकिन उन्हें यह देखना चाहिए कि मैं अमेरिकन ड्रीम को जी रहा हूं। आप पहली पीढ़ी के भारतीय से बात कर रहे हैं जो दुनिया के सबसे महान राष्ट्र की एक अहम सरकारी एजेंसी का नेतृत्व करने जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान रुश्दी पर हमला करने वाला दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से हमला करने वाले हादी मतार (27 साल) को न्यूयॉर्क की एक अदालत ने हत्या की कोशिश और हमले का दोषी माना है। मतार ने अगस्त 2022 में न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान रुश्दी पर चाकू से 15 वार किए थे। रुश्दी के सिर, गर्दन, धड़ और बाईं हथेली पर गंभीर चोटें आई थीं। उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। नस कट जाने से एक हाथ लकवाग्रस्त हो गया था। इसके अलावा उनके लीवर और आंतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। मतार की सजा की तारीख 23 अप्रैल तय की गई है। माना जा रहा है कि उसे अब 30 साल से ज्यादा जेल हो सकती है। हमले के बाद सलमान रुश्दी को इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से ले जाया गया। रुश्दी ने कोर्ट में खुद गवाही दी, कहा-लगा कि मरने वाला हूं न्यूयॉर्क के चौटाउक्वा काउंटी कोर्ट में इस मामले की 2 सप्ताह तक सुनवाई चली।

### इराकी सेना ने आईएस के 25 ठिकानों को नष्ट किया

**बगदाद।** इराक की सेना ने उत्तरी इराक के पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार इराक की आतंकवाद निरोधी सेवा के बलों ने नीनवे की प्रांतीय राजधानी मोसुल से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मखमौर क्षेत्र में एक अभियान चलाया और आईएस के 18 ठिकानों और सात सुरंगों को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि बलों को मानव अवशेष, साथ ही विस्फोटक उपकरण, गोला-बारूद, दो ड्रोन, एक मोटरसाइकिल और अन्य रसद सामग्री भी मिली है।

### तुर्की के चौदह प्रांतों में भारी बर्फबारी होने को लेकर चेतावनी जारी

**अंकारा।** तुर्की के कई क्षेत्रों में जारी भारी बर्फबारी को लेकर मौसम विभाग ने यहां के आठ प्रांतों में नारंगी कोड और छह अन्य प्रांतों के लिए पीले कोड की चेता. वनी जारी की है। प्रांतीय मौसम विज्ञान सेवा के अनुसार, यालोवा, कोकेली, सकारिया, दुजसे, ज़ोंग. ुलदक, कस्तमोनू, सिनोप और बार्टिन प्रांतों में नारंगी चेतावनी जारी की गई है जबकि इस्तांबुल और पांच अन्य प्रांतों को पीली चेतावनी मिली है। इसके अलावा शुक्रवार को मध्य और पूर्वी काला सागर, पूर्वी तथा दक्षिणपूर्वी अनातोलिया के तटीय क्षेत्रों, इस्तांबुल और उसके आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी एक आसार हैं। बर्फबारी के शनिवार को भी जारी रहने का अनुमान है।

### अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग विस्फोट, एक की मौत

**लश्कर गाह।** दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शनिवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एज़ातुल्लाह हक्कानी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार सुबह गेरेशक जिले में एक सड़क पर हुई। एक ट्रैक्टर पुरानी बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट की चपेट में आ गया। चालक की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि अफगानिस्तान कथित तौर पर दुनिया में सबसे अधिक बारूदी सुरंगों से प्रभावित देशों में से एक है, जहां हर महीने इस तरह के विस्फोटों में कई लोग, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं, मारे जाते हैं और अपंग हो जाते हैं।

# हमास ने बच्चों को गला घोंटकर मारा: इजरायल

## एक 9 महीने, दूसरा 4 साल का, क्रूरता छिपाने के लिए बोला: हवाई हमला हुआ, मां-बाप और दोनों बच्चों को किडनैप किया था

गाजा, वार्ता

**इजरायली** फोर्स ने शनिवार को दावा किया कि हमास ने 2 बंधक बच्चों एरियल बिबास और केफिर बिबास की गला दबाकर बेरहमी से हत्या की। इसके बाद अपनी क्रूरता छिपाने के लिए कहा कि ये बच्चे हवाई हमले में मारे गए। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने फोरेंसिक रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया। केफिर बिबास 9 महीने और एरियल बिबास 4 साल का था, जब उन्हें बंधक बनाया गया। आईडीएफ ने आरोप लगाया कि हमास ने इन दोनों भाइयों की हत्या छिपाने की कोशिश की।

हमास ने 7 अक्टूबर को यार्डेन बिबास, पत्नी शिरी और उनके दोनों बेटों को किडनैप कर लिया था। 20 फरवरी को मां शिरी बिबास और उनके दोनों बच्चों के शव इजरायल को सौंपे थे। बच्चों के पिता इसी महीने 1 फरवरी को हमास की कैद से आजाद हुए थे। हमास ने नवम्बर 2023 में दावा किया था कि शिरी और उनके दोनों



### हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली बंधक का शव आईसीआरसी के हवाला किया

बच्चों की इजरायली बमबारी में मौत हो चुकी है। हालांकि, इजरायल ने कभी भी हमास के इस दावे को नहीं माना। इजरायल ने यही कहा कि हमास ने ही बिबास का परिवार को बंधक बना रखा है।

हमास ने बीते गुरुवार को 4 इजरायली बंधकों के शव इजरायल को लौटाए। इनमें शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास के शव शामिल थे। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का था। हालांकि, इजरायल का कहना है कि उसे जो शव सौंपा गया है, वो शिरी बिबास का नहीं है। पहले चरण के तहत 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाना है। इसमें इजरायल के किडनैप 19 बंधक को अब तक 1100 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों के बदले रिहा किया जा चुका है।

### औन ने सेना के लिए अमेरिकी समर्थन का आग्रह किया

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने शुक्रवार को अमेरिका से सेना को उपकरण और संसाधनों के साथ समर्थन जारी रखने का आह्वान किया ताकि वह अपने राष्ट्रीय सुरक्षा कर्तव्यों को पूरा करने में मदद कर सके खासकर दक्षिणी लेबनान में। लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार औन ने बेरूत में कांग्रेसी डेरेल इस्सा के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान वाशिंगटन से दक्षिणी लेबनान में अपने कब्जे वाले पांच शेष बिंदुओं से इजरायल की वापसी को पूरा करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि इस्सा ने औन को उनके चुनाव पर बधाई दी और विभिन्न क्षेत्रों में लेबनान का समर्थन करने के लिए वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वह लेबनान की इजरायल की पूरी तरह वापसी की मांग को पूरा करने के लिए अमेरिकी प्रशासन और कांग्रेस के साथ काम करेंगे। बैठक के बाद इस्सा ने संवाददाताओं को बताया कि बातचीत में लेबनान के सामने आने वाली दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों पर चर्चा की गई जिसमें शासन को मजबूत करना, आर्थिक सुधार को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 को लागू करना शामिल है। इस्सा ने दक्षिणी लेबनान में पांच स्थानों पर इज़रायल की निरंतर उपस्थिति के बारे में स्वीकार किया कि हालांकि महत्वपूर्ण प्रगति हुई है लेकिन आगे और कदम उठाने की आवश्यकता है।

इजरायल का कहना है कि बाकी 14 में से आठ की मौत हो चुकी है। वहीं हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक इजरायली बंधक शिरी बिबास का शव अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिया। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। इससे पहले इजरायली अधिकारियों ने पाया कि गुरुवार को हमास द्वारा लौटाया गया शव शिरी बिबास का नहीं था। अधिकारी ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों के कारण हुई अराजकता के कारण शवों की पहचान गलत हो गई। उन्होंने कहा कि 'यह अनजाने में हुई गलती थी क्योंकि शिरी का शव उस क्षेत्र पर इजरायली हमलों के कारण अन्य शवों के साथ मिल गया था, जहां वह था।' अल-क़स्साम ने गुरुवार को चार इजरायली बंधकों के अवशेषों को संभवत: शिरी बिबास, उनके दो बेटे एरियल और केफिर, साथ ही सेवानिवृत्त पत्रकार ओडेड लिफ्शिट्ज़ को आईसीआरसी के माध्यम से वापस इज़रायल भेज दिया। चारों बंधकों का सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इज़रायल पर हमास के हमले के दौरान गाजा में अपहरण कर लिया गया था। हालांकि बाद में गुरुवार को चार शवों पर फोरेंसिक विश्लेषण करने के बाद इज़रायली अधिकारियों ने घोषणा की कि शुरू में माना जा रहा शव शिरी बिबास का था जो उसके डीएनए से मेल नहीं खाता। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को धमकी दी कि इज़रायल शिरी के शव को सौंपने में विफलता के लिए हमास से बदला लेगा। उन्होंने कहा कि 'हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और बुरे उल्लंघन की पूरी कीमत चुकाए।

### नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए चंद्र मिशन शुरू करेगी इंट्यूटिव मशीन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी कंपनी इंट्यूटिव मशीन इस महीने के अंत में नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए अपना दूसरा चंद्र मिशन शुरू करेगी। नासा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस मिशन का कोडनेम आईएम-2 है। यह बुधवार 26 फरवरी को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार प्रक्षेपण के बाद इंट्यूटिव मशीन का चंद्र लैंडर, एथेना, गुरुवार 06 मार्च से पहले चंद्रमा की सतह पर उतरने से पहले लगभग एक सप्ताह चंद्रमा पर पारगमन में बिताएगा।

### स्पेसएक्स ने 23 स्टारलिक उपग्रहों को कक्षा में किया प्रक्षेपित

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को 23 स्टारलिक उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया। स्पेसएक्स के अनुसार उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से पूर्वी समय सुबह करीब 10:19 बजे पर फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। यह फाल्कन 9 रॉकेट का 450वां मिशन है। स्पेसएक्स ने बताया कि प्रक्षेपित 23 स्टारलिक उपग्रहों में से 13 डायरेक्ट टू कॉल क्षमता वाले हैं।



### शांति वार्ता में जेलेंस्की की उपस्थिति महत्वपूर्ण नहीं: ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शांति वार्ता में यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमिर ज़ेलेंस्की की उपस्थिति को महत्वपूर्ण नहीं बताया है। उनका यह बयान उस समय आया जब यूक्रेन और रूस के बीच जारी संघर्ष के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत हो रही है। फ़ॉक्स न्यूज़ रेडियो के ब्रायन किलमीड शो में शुक्रवार को दिए गए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने युद्ध से निपटने के ज़ेलेंस्की के तरीके की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं ज़ेलेंस्की को कई सालों से देख रहा हूं, कैसे उनके शहर तबाह हो रहे हैं, कैसे उनके लोग और सैनिक मारे जा रहे हैं। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की पर बातचीत में कमज़ोर होने का आरोप लगाया और कहा कि उनके पास कोई कार्ड नहीं है। पिछले तीन सालों में ज़ेलेंस्की की बातचीत में भागीदारी से कोई ठोस परिणाम नहीं मिले हैं। ट्रम्प ने कहा कि वह तीन साल से बैठकों में शामिल हैं, और कुछ भी नहीं हुआ। यूक्रेन में तबाही को स्वीकार करते हुए, ट्रम्प ने तर्क दिया कि शांति वार्ता में ज़ेलेंस्की की भागीदारी ने सौदे तक पहुंचना और भी मुश्किल बना दिया है।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को हटाया

## अश्वेत आंदोलन को सपोर्ट किया था, जो 2020 में ट्रम्प के चुनाव हारने की बड़ी वजह बना

वॉशिंगटन, वार्ता


**डोनाल्ड** ट्रम्प ने शुक्रवार रात देश के सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को अचानक हटा दिया। इस अफसर का नाम चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर है, जो सेना के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के चेयरमैन थे। जेसीएस अमेरिका के रक्षा विभाग के सबसे सीनियर मिलिट्री लीडर्स का ग्रुप है। यह ग्रुप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, होमलैंड सिक्योरिटी काउंसिल और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल को सैन्य मामलों पर सलाह देता है। सी क्यू ब्राउन ने 2020 में ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन का सार्वजनिक तौर पर समर्थन किया था। यह आंदोलन अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद शुरू हुआ था। तब सी क्यू एयरफोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उस वक्त ट्रम्प राष्ट्रपति के पद पर थे। ट्रम्प के 2020 चुनाव में हुई हार के पीछे इस आंदोलन की बड़ी भूमिका मानी जाती है। वायु सेना सचिव बारबरा बैरेट ने 6 अगस्त 2023 को जनरल सी क्यू ब्राउन को पद की शपथ दिलाई थी। वे वायु सेना के 22वें चीफ ऑफ स्टाफ बने थे। ट्रम्प ने ब्राउन की जगह रिटायर्ड वायु सेना जनरल डैन केन को जेसीएस चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी। ट्रम्प और डैन केन की मुलाकात 2018 में इराक में हुई थी। तब केन ने कहा था कि वे ट्रम्प के लिए जान भी दे सकते हैं। ट्रम्प ने बाइडन सरकार पर आरोप लगाया-डैन केन का प्रमोशन नहीं किया गया, क्योंकि वे मेरे करीबी थी। वे 4 स्टार अफसर बनने के काबिल थे। चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर के अलावा रक्षा विभाग के 5 और अफसरों को निकाला गया है। इनमें पहली बार नौसेना की जिम्मेदारी संभालने वाली महिला अफसर एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी, एयर फोर्स के डिप्टी चीफ जेम्स स्लाइफ के अलावा आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के 3 टॉप वकील शामिल हैं। फिलहाल इनके नामों का खुलासा नहीं हुआ है। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद जेसीएस के चेयरमैन को बदलने का चलन नहीं है। वह चार का कार्यकाल पूरा करता है और दोनों प्रशासन के बीच पुल का काम करता है, लेकिन सी क्यू ब्राउन सिर्फ 16 महीने ही पद पर रह पाए। उन्हें 1 अक्टूबर 2023 को यह पद सौंपा गया था। सी क्यू ब्राउन अमेरिकी सैन्य इतिहास में दूसरे ब्लैक अफसर थे जो इस पद तक पहुंचे थे। वे 4 स्टार फाइटर पायलट हैं। अमे. रिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पद संभालने से पहले नवम्बर में सी क्यू ब्राउन को हटाने का संकेत दिया था।



### अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के दौरान अमेरिकी सहायता के बदले समझौते के तहत यूक्रेन को अपने दुर्लभ खनिजों का 50 प्रतिशत सौंपना होगा। वीडियो संबोधन में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी और अमेरिकी टीमें हमारी सरकारों के बीच एक मसौदा समझौते पर काम कर रही हैं। यह समझौता हमारे संबंधों में मूल्य जोड़ सकता है-सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विवरण सही तरीके से प्राप्त किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह वास्तव में काम करता है। यूक्रेनी शीर्ष नेता ने कहा कि मैं उचित परिणामों की उम्मीद करता हूं।

# संकट में पड़ी शरीफ की कुर्सी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अपने विरोधी गठबंधन को मजबूत करने में जुटी है। इस बीच, जेयूआई-एफ के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान के विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की अटकलों ने नवाज शरीफ की सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। विपक्षी दल अब नए राजनीतिक समीकरण बना रहे हैं, जिससे इमरान खान को बड़ा फायदा मिल सकता है। पीटीआई ने मौलाना फजलुर रहमान को विपक्षी गठबंधन में शामिल करने के लिए बातचीत तेज कर दी है। हाल ही में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने फजलुर रहमान से मुलाकात की थी। इसके बाद से अटकलें तेज हो गई हैं कि जेयूआई-एफ भी गठबंधन में शामिल हो सकती है।

अगर मौलाना फजलुर रहमान विपक्षी गठबंधन में शामिल होते हैं, तो नवाज शरीफ सरकार की स्थिति और कमजोर हो सकती है। सरकार के खिलाफ बढ़ती नाराजगी और विपक्ष की एकजुटता से शरीफ की कुर्सी संकट में आ सकती है। पीटीआई और तहरीक-ए-तहफ्फुज-ए-आइन पाकिस्तान (टीटीएपी) अब सिंध में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बैठकें कर रहे हैं। मीडिया में यह खबरें आई थीं कि फजलुर रहमान ने गठबंधन में शामिल होने के लिए तीन शर्तें रखी हैं, लेकिन टीटीएपी के प्रवक्ता अखुंजादा हुसैन यूसुफजई ने इन खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मौलाना ने कोई शर्त नहीं रखी है, बल्कि सरकार के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष का साथ देने के लिए तैयार हैं।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान को पाकिस्तान सेना ने दे दी संजीवनी

पाकिस्तान सेना और सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि विपक्षी गठबंधन बनने से सबसे बड़ा फायदा इमरान खान को होगा। जेल में रहते हुए भी उनकी पार्टी की पकड़ मजबूत होती जा रही है। अगर जेयूआई-एफ विपक्ष में शामिल होती है, तो इमरान खान को और मजबूती मिलेगी। टीटीएपी के नेता महमूद अचकजई और शाहिद खाकान अब्बासी ने ऐलान किया है कि 26-27 फरवरी को एक राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाया जाएगा।

# रूबी ढल्ला कनाडा पीएम की रेस से बाहर



**टोरंटो।** भारतीय मूल की रूबी ढल्ला कनाडा में प्रधानमंत्री पद की रेस से बाहर हो गई हैं। लिबरल पार्टी ने शुक्रवार को उन्हें इस पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इसी के साथ उनके प्रधानमंत्री बनने की संभावना खत्म हो गई है। पार्टी की वोटिंग कमेटी की जांच में सामने आया कि रूबी ढल्ला ने चुनाव में खर्च समेत कुल 10 नियमों का उल्लंघन किया है।

यह जानकारी लिबरल पार्टी के नेशनल डायरेक्टर आजम इस्माइल ने दी है। इस्मालइ के मुताबिक ढल्ला ने जरूरी चुनावी वित्तीय जानकारी का खुलासा नहीं किया था। साथ ही आरोप है कि उन्होंने जो वित्तीय जानकारी दी, वो भी गलत थी। रूबी ढल्ला ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी उनके लिए लगातार बढ़ते सपोर्ट से घबरा गई है। रूबी ने कहा कि मुझे रेस से हटाने के लिए हथकंडों का इस्तेमाल किया गया। ये इस बात की पुष्टि करते हैं कि लोगों तक हमारा मैसेज पहुंच रहा था। हम जीत रहे थे और एस्टेब्लिशमेंट को हमसे खतरा महसूस हो रहा था। ढल्ला ने वकालत की प्रैक्टिस जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं कनाडाई लोगों के लिए खड़ी रहूंगी और कनाडा के लिए लड़ूंगी। मुझे अभी-अभी लिबरल पार्टी ने जानकारी दी है कि मुझे लीडरशिप की दौड़ से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

**चुनावी खर्च में गड़बड़ी पर अयोग्य करार, बोलीं: मेरा सपोर्ट बढ़ता देख पार्टी घबराई**

# आदर जैन-अलेखा शादी के बंधन में बंधे

**आलिया के साथ दिखे रणबीर, सैफ अली खान भी आए नजर, शाहरुख की पत्नी-बेटी ने भी की शिरकत**

**मुंबई।** करीना-करिश्मा के कजिन और एक्टर आदर जैन ने अलेखा से शादी की। यह शादी उन्होंने हिंदू रीति-रिवाज से की। शादी में कपूर खानदान के अलावा बॉलीवुड जगत की बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। इससे पहले आदर और अलेखा ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज से गोवा में शादी की थी।

यह एक प्राइवेट सेरेमनी थी, जिसमें परिवार के लोग और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अलेखा से पहले आदर एक्ट्रेस तारा सुतारिया के साथ रिश्ते में थे। तारा से ब्रेकअप के बाद आदर जैन को अलेखा आडवाणी के साथ पहली बार करीना की दिवाली पार्टी में देखा गया था। दोनों ने पैपराजी को पोज भी दिया था। इसके कुछ दिन बाद ही आदर ने एक पोस्ट के जरिए अलेखा के साथ अपने रिलेशनशिप पर मुहर लगा दी थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अलेखा का हाथ थामे हुए एक तस्वीर शेयर की थी। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा था- मेरी जिंदगी की रोशनी। आदर रीमा जैन और मनोज जैन के बेटे हैं। रीमा जैन दिवंगत राज कपूर की बेटी हैं। कपूर खानदान से ताल्लुक रखने के नाते आदर का रुझान भी हमेशा फिल्मों की तरफ रहा और एक्टिंग को ही करियर ऑप्शन के तौर पर चुना। आदर ने 2017 में फिल्म कैदी बैंड के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वो फिल्म मोगुल और हैलो चार्ली में दिखे। हालांकि आदर की तीनों फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया।

# शाहरुख खान को एलन ग्रुप ने बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर



## रियल एस्टेट की प्रमुख कंपनी है एलन

**कोलकाता।** रियल एस्टेट की प्रमुख एलन ग्रुप ने शनिवार को फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को भारतीय लक्जरी रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

शाहरुख ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि महानता उन्हीं को मिलती है जो सीमाओं को पार करने का साहस करते हैं। एलन ग्रुप उस निडर भावना का प्रतीक है और मुझे इस एसोसिएशन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। कंपनी के निदेशक आकाश कपूर ने कहा कि मैं एलन परिवार में शाहरुख खान का स्वागत करते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एलन ग्रुप में, हम सिर्फ परियोजनाएं नहीं बनाते हैं-हम आइकन बनाते हैं।

शाहरुख खान सिर्फ एक सुपरस्टार से कहीं अधिक हैं। उनकी जीवन से भी बड़ी उपस्थिति, प्रभाव और पूर्णता की निरंतर खोज एलन के दर्शन व एलन ब्रांड से मेल खाती है।

# मेरे हसबैंड की बीवी की बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत

**ओपनिंग डे पर सिर्फ 1.5 करोड़ कमाए**
**साल की सबसे खराब दूसरी ओपनर बनी**

**मुंबई।** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह-स्टारर फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी रिलीज हो चुकी है। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन में सिर्फ 1.5 करोड़ रुपए की कमाई की।



इसके बाद यह फिल्म साल की अब तक दूसरी सबसे खराब ओपनिंग वाली पिफल्म बन गई। इससे पहले पिफल्म आजाद 17 जनवरी को रिलीज हुई थी, जिसने पहले दिन केवल 1.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। अर्जुन कपूर की पिछली चार फिल्मों का कलेक्शन देखें तो साफ है कि सिंघम अगेन के अलावा बाकी सभी फिल्मों ने कोई खास कलेक्शन नहीं किया। 2021 में आई फिल्म भूत पुलिस में अर्जुन नजर आए थे। लेकिन इस फिल्म ने सिर्फ 21.67 करोड़ की कमाए। जबकि फिल्म सिंघम अगेन ने इंडियन बॉक्स आफिस पर 247.85 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।

**अर्जुन की 4 फिल्मों के कलेक्शन पर नजर-**

| | |
|---|---|
| भूत पुलिस | 21.67 करोड़ |
| एक विलेन रिटर्न्स | 68.64 करोड़ |
| कुत्ते | 5.91 करोड़ |
| सिंघम अगेन | 247.85 करोड़। |

फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म के ट्रेलर में अर्जुन, भूमि और रकुल की कामेडी दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अर्जुन और भूमि दूसरी बार स्क्रीन पर साथ दिखेंगे। इससे पहले दोनों ने साल 2023 में फिल्म द लेडी किलर में काम किया।

यह एक क्राइम थ्रिलर मूवी थी। डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी एक रोमांटिक-कामेडी फिल्म है, जिसमें शादी, प्यार और एक्स-पार्टनर के इर्द-गिर्द घूमती एक दिलचस्प कहानी दिखाने की कोशिश की गई है। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुलप्रीत सिंह और हर्ष गुजराल की अहम भूमिका है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 30 मिनट है। फिल्क को रेटिंग भी कुछ खास नहीं मिल पा रही है। अब देखना है कि क्या फिल्म आगे कुछ कर पाती है!

# नरगिस ने बॉयफ्रेंड को बनाया जीवनसाथी



**मुंबई।** एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने अपने लान्गटाइम बायफ्रेंड टोनी बेग से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने हाल ही में लास एंजिल्स में गुपचुप तरीके से शादी की। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अब यह कपल स्विट्जरलैंड में अपना हनीमून मना रहा है। हालांकि, नरगिस ने अभी तक इस मामले में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। रेडिट पर नरगिस फाखरी और टोनी बेग की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। इसमें उनका वेडिंग केक दिखाई दे रहा है, जिस पर हैप्पी मैरिज लिखा हुआ है। साथ ही दोनों के साइन भी किए गए हैं। टोनी बेग कश्मीर के रहने वाले एक बिजनेसमैन हैं। दोनों की पहली मुलाकात एक पार्टी के दौरान हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नरगिस और टोनी 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। नरगिस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्विट्जरलैंड की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके अलावा, एक्ट्रेस टोनी की स्टोरीज भी री-शेयर कर रही हैं। इस वजह से सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि दोनों ने वास्तव में शादी कर ली है और अब वे हनीमून मना रहे हैं। उदय चोपड़ा ने साल 2013 में नरगिस फाखरी को डेट करना शुरू किया था। एक-दूसरे को पांच साल तक डेट करने के बाद, दोनों ने 2017 में ब्रेकअप कर लिया था। हालांकि, एक इंटरव्यू में उदय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए नरगिस ने कहा था, उदय और मैंने 5 साल तक डेट किया और वह भारत में मुझे मिले सबसे खूबसूरत इंसान थे। मैंने मीडिया के सामने यह कभी नहीं कहा क्योंकि लोगों ने मुझे अपने रिश्ते को छिपाकर रखने के लिए कहा था, लेकिन मुझे इसका अफसोस है। मॉडलिंग की दुनिया में अपनी जगह बनाने के बाद नरगिस ने 2011 में फिल्म राकस्टार से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# कृति-कबीर की शादी निकली अफवाह

**बिजी वर्क शैड्यूल के चलते 2025 में शादी करने का कोई इरादा नहीं**

**मुंबई।** कृति सेनन काफी दिनों से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह है कि एक्ट्रेस बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों के जल्द ही शादी करने की अफवाह भी सामने आई थी। हालांकि शादी की अफवाह झूठी साबित हुई हैं। कृति और कबीर साल 2025 में शादी नहीं करेंगे। इसकी वजह एक्ट्रेस का बिजी वर्क शेड्यूल बताया जा रहा है। एक्ट्रेस 15 फरवरी को बायफ्रेंड के साथ नई दिल्ली एयरपोर्ट पर नजर आई थीं। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा था कि वो कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थी। कृति के दिल्ली जाने की असल वजह सामने आई है। एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू करने के लिए दिल्ली गई थीं। 15 फरवरी को दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर साथ दिखे, जिसके बाद दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर



काफी वायरल हुआ। एक्ट्रेस के रूमर्ड बायफ्रेंड कबीर दिल्ली के रहने वाले हैं। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगाने लगे थे कि कृति, कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थीं। कृति व बिजनेसमैन कबीर अक्सर साथ नजर आते हैं। दोनों ने न्यू ईयर और क्रिसमस भी साथ में सेलिब्रेट किया था। दोनों को राहत फतेह अली खान के कान्सर्ट में साथ देखा गया था।

# महाकुंभ से चर्चाओं में आई मोनालिसा ने मां को दिया तोहफा

**नई दिल्ली।** हाथों में रूद्राक्ष, गले में माला और सोशल मीडिया में महाकुंभ से अपनी पहचान बनाने वाली बंजारण मोनालिसा आज सुर्खियां बंटोर रही हैं। मोनालिसा ने मां को उपहार में सोने की चैन दी है। कहा जा रहा है कि जिस समुदाय से मोनालिसा आती हैं उस पर भगवान शिव की अपार कृपा है। महाकुंभ वाली मोनालिसा रातों रात इंटरनेट संसेशन बन गईं। एक तस्वीर और वीडियो का उनकी जिंदगी पर ऐसा असर पड़ा कि कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था। एक तरफ तो उन्हें कुंभ में लोग इतना परेशान करने लगे थे कि उन्हें छिप कर वहां से लौटना पड़ा। दूसरी तरफ फिल्म मेकर सनोज मिश्रा उन्हें ढूंढते हुए उनके घर पहुंचे और एक फिल्म ऑफर की। इस फिल्म मेकर की खासियत यह है कि इन्होंने ना केवल मोनालिसा को फिल्म ऑफर की बल्कि साथ ही साथ उनकी ग्रूमिंग पर भी काम कर रहे हैं।

**मोनालिसा और मां का वीडियो हुआ वायरल**

मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ समय पहले एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में मोनालिसा अपनी मां के साथ बैठी नजर आ रही हैं। मोनालिसा के हाथ में एक चेन नजर आती है। वो कहती हैं देखिए आज मुझसे मेरी मां मिलने आई है। मैं उनके लिए एक तोहफा लाई हूं। इसके



बाद मोनालिसा मां को चेन पहनाती हैं और कहती हैं मेरी मां ही मेरे लिए सबकुछ हैं। दोनों की सिम्पलिसिटी की बात करें तो मोनालिसा भी सिंपल टीशर्ट पजामें में दिखीं और उनकी मां ने भी

**एक फिल्म निर्माता ने स्वयं उनके घर जाकर उनको फिल्म की ऑफर**

एक सादी सी साड़ी पहनी थी।

**सोशल मीडिया यूजर्स के आए ऐसे रिएक्शन**

एक फैन ने मोनालिसा की तारीफ करते हुए क्लैप आइकन पोस्ट किए। एक ने लिखा, वाह मोना क्या बात कही मेरा हर कुछ गिफ्ट यही है। एक ने लिखा, सही कहा मोना, हमेशा खुश रहो। एक ने लिखा, आपकी जिंदगी बदली है लेकिन इसे ऐसे संभाले रखना। एक बोला, वाह बेटा क्या

# तमन्ना की फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज



**प्रयागराज।** जानी-मानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज हो गया है। तमन्ना भाटिया ने 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया और अब वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर प्रशंसकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। वह अपनी अगली बड़ी फिल्म ओडेला 2 की रिलीज के लिए तैयार हैं। तमन्ना द्वारा इस प्रोजेक्ट की घोषणा किए जाने के बाद से ही प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अपनी उत्सुकता साझा कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म का पोस्टर जारी किया, जिसमें उनका आकर्षक नागा साधु अवतार दिखाया गया और खुला. सा किया गया कि टीजर 22 फरवरी को महाकुंभ में लॉन्च किया जाएगा।

तमन्ना ओडेला 2 का भव्य टीजर जारी करने के लिए महाकुंभ मेले में पहुंचीं। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा ने किया है और इसका निर्माण संपत नंदी टीमवर्क्स ने किया है। तमन्ना ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से फिल्म का टीजर रिलीज किया है। टीजर में तमन्ना रौद्र रूप दिखाती नजर आई हैं। तमन्ना भाटिया ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर कर ओडेला 2 के टीजर जारी होने की सूचना दी है। उन्होंने लिखा है, जब शैतान वापस आता है, तो दैवीय शक्ति अपनी भूमि और अपनी विरासत की रक्षा के लिए आगे आती है। फिल्म जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि, रिलीज डेट का जिक्र नहीं किया गया है। फिल्म ओडेला 2, वर्ष 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया ने नागा साधु की भूमिका निभाई है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426